

- वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका -12




- विस चुनावों के परिणाम, तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल -12



- सैन्य अधिकारी की पत्नी के अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन -13



- यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन टेनिस में महिला एकल का खिताब जीता -14

आज का मौसम
$32.0^{0}$ अधिकतम तापमान
$24.0^{0}$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.30 सूर्यास्त 06.41


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया 05:24 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 4 मई 2026, वर्ष 36, अंक 86, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एसी में धमाके के बाद दिल्ली की इमारत में आग, नौ लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से एक बच्चे समेत दो परिवारों के नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस और दमकलकर्मियों ने यहां पहुंचने के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाला। अधिकारियों के मुताबिक विवेक विहार फेज-1 में आग लगने की सूचना तड़के 3:48 बजे मिली, जिसके बाद पुलिस, दमकल और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे और यहां मची अफरातफरी के बीच बचाव अभियान शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के मुताबिक आग बुझाने के बाद अलग-अलग मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। दूसरी मंजिल पर अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनिता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और पोते आकाश के शव मिले। तीसरी मंजिल पर एक ही परिवार के तीन सदस्य नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहली मंजिल पर शिखा जैन (45) की मौत हुई, उनके पति नवीन जैन (48) घायल हुए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक तीन शव सीढ़ियों से बरामद किए गए।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आज, बंगाल-असम में कड़ी सुरक्षा

**देर शाम तक तैयारियों में जुटा रहा निर्वाचन आयोग, अंतिम समय तक की गई मतगणना पर्यवेक्षकों की तैनाती**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के पांच राज्यों में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद मतगणना सोमवार सुबह शुरू होगी और दोपहर तक साफ हो जाएगा कि इन राज्यों में नई सरकार कौन बनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल और असम में संवेदनशील हालात देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंधन किए गए हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल में मतगणना से एक दिन पहले रविवार को भी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच भारी जद्दोजहद कायम रही। दोनों दलों की ओर से कई जगह स्ट्रांगरूम पर धांधली के आरोप लगाए गए और कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की और मारपीट भी हुई। बारासात में आमने-सामने आए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ा।

पश्चिम बंगाल में कड़े सुरक्षा इंतजामों और गरमाए राजनीतिक माहौल के बीच 294 सदस्यों वाली विधानसभा की 293 सीटों के लिए मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग ने दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी का हवाला देते हुए चुनाव रद्द कर दिया है। इस सीट पर अब 21 मई को दोबारा मतदान होगा जबकि मतगणना 24 मई को होगी। असम की 126 विधानसभा सीट पर 722 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। नौ अप्रैल को 85.96 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। कांग्रेस के सर्वाधिक 99 उम्मीदवार हैं।




कोलकाता : खुदीराम बोस अनुशीलन केंद्र में बने स्ट्रांगरूम पर तैनात सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

### बंगाल में कई जगह स्ट्रांगरूम में गड़बड़ी के आरोप, हिंसक झड़प, लाठीचार्ज

- तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में मारपीट पुलिस ने किया लाठीचार्ज छह अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** बारासात में स्ट्रांग रूम के बाहर सीसीटीवी कैमरों के अचानक बंद होने की खबरों के बाद भारी विवाद हुआ। अशोकनगर से टीएमसी प्रत्याशी नारायण गोस्वामी ने आरोप लगाया कि शनिवार और रविवार सुबह सीसीटीवी मॉनिटर को कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया ताकि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सके। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम परिसर में जाने से रोकने का आरोप लगाया। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच भारी धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। केंद्रीय बलों और पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सिर्फ बाहरी डिस्प्ले मॉनिटर बंद हुआ था। स्ट्रांग रूम के अंदर सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू थे। बिधाननगर में भी स्ट्रांग रूम को बिना अनुमति खोलने के आरोपों को लेकर हंगामा हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने शिकायत की कि राजनीतिक दलों के एजेंटों की अनुपस्थिति में स्ट्रांग रूम को 10 बार अवैध रूप से खोला गया। इस मामले में चुनाव आयोग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

### भाजपा नेता के घर पर गोलीबारी

**कोलकाता।** मतगणना से एक दिन पहले रविवार को उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा नेता कुंदन सिंह के घर के बाहर गोलीबारी की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना शनिवार आधी रात के करीब नोआपारा निर्वाचन क्षेत्र में कुंदन सिंह के घर पर हुई। भाजपा नेता ने कहा, दोनों उन्हें जान से मारना चाहते थे। गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### भाजपा के झंडे वाली कारों पर विवाद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर भी रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाली दो कारों को उस परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई जहां ईवीएम रखी गई हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ममता बनर्जी ने सखावत मेमोरियल गर्ल्स स्कूल स्थित इसी मतगणना केंद्र के सामने बृहस्पतिवार रात चार घंटे धरना दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### हिरासत में बीएसएफ जवान की मौत, एनसीबी के दो अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधीन कार्यरत एक जांच अधिकारी और एक सहायक निदेशक को बीएसएफ के एक आरक्षी की हिरासत में मौत होने के बाद निलंबित कर दिया गया है। बीएसएफ आरक्षी जसविंदर सिंह की 19-20 मार्च की रात पल्स अस्पताल में दो बार दिल का दौरा पड़ने के बाद मौत हो गई थी। जसविंदर को एनसीबी ने जम्मू से गिरफ्तार किया था और अमृतसर में दर्ज एक मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में उसे पंजाब के अमृतसर ले जाया जा रहा था। जम्मू में एनडीपीएस एक्ट मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उसे हिरासत में भेजा था। एनसीबी की जांच से संकेत मिला था कि जसविंदर पाकिस्तान से जुड़े गुर्गों के दो नंबरों के माध्यम से संपर्क में था।

### गुरुग्राम : पत्नी और चार बच्चों की हत्या के बाद खुदकुशी की कोशिश

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और चार बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। आरोपी व्यक्ति की पहचान नाजिम (35) तथा जान गंवाने वालों की पहचान उसकी पत्नी नजमा (35), बच्चे इकरा (14), शिफा (11), अयान (9) और खदीजा (6) के रूप में हुई है। मूल रूप से यूपी के मुरादाबाद का निवासी नाजिम वजीरपुर गांव में किराए के एक मकान में रहता था और गढ़ी हरसारू गांव में हेयर सैलून चलाता था। पुलिस के मुताबिक नाजिम और नजमा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। शनिवार रात भी दोनों में झगड़ा हुआ था। शनिवार को आरोपी के भाई ने रात में घर लौटने पर इन सभी को बेहोश पड़ा पाया।

# इस वर्ष डेढ़ लाख से अधिक सरकारी नौकरी : मुख्यमंत्री

## बोले- पिछले नौ साल में नौ लाख से अधिक भर्तियों का बना रिकॉर्ड

- सीएम ने एफडीए के 357 कनिष्ठ विश्लेषकों व स्वास्थ्य विभाग के 252 डेंटिस्ट को दिए नियुक्ति पत्र

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने घोषणा की कि इस साल डेढ़ लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है।

वे रविवार को लोक भवन में आयोजित उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी करेगा। शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती करेगा, जबकि उप्र लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंधमारी पर आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त करने का सख्त कानून बनाया गया है। वर्तमान में कनिष्ठ विश्लेषकों (खाद्य) की संख्या अभी केवल 58 है। 417 पदों के लिए अधियाचन भेजा है, जल्द ही भर्ती प्रक्रिया संपन्न होगी। वर्तमान में 36 हजार खाद्य नमूने प्रतिवर्ष लिए जाते हैं। भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने से इनकी संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष 1,08,000 से अधिक हो जाएगी। सीएम ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चार और छह मई को नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा दयालु, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव अमित घोष, प्रमुख सचिव एम देवराज, सचिव एवं आयुक्त रोशन जैकब आदि उपस्थित थे।

**बेईमान राजनीतिज्ञों और भ्रष्ट नौकरशाहों को रोकना होगाः** योगी ने कहा कि बेईमान राजनीतिज्ञों और भ्रष्ट नौकरशाहों को रोकना है, तो इसकी शुरुआत अपने आप से करनी होगी। आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना, दंगामुक्त और गुंडामुक्त प्रदेश हुआ, जिससे अच्छे निवेश आए।



लखनऊ : लोक भवन सभागार में अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

### युवाओं के सपने टूटना उनके भविष्य के साथ धोखा, पहले चाचा-भतीजे की जोड़ी करती थी वसूली

योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार ने राज्य को बीमारू बनाया। किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि उसके माता-पिता के अरमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले भर्ती बोर्ड के चेयरमैन एक ओर बैठते थे और चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे।



## एक बच्चे की मौत के बाद पानी की टंकी पर चढ़े दो बच्चों को किया गया एयरलिफ्ट

- रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े थे पांच बच्चे
- नीचे गिरे तीन बच्चे, वायुसेना ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** सिद्धार्थनगर जिले के नवगढ़ तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर फंसे दो बच्चों को 15 घंटे बाद एयरफोर्स गोरखपुर के सहयोग से प्रशासन ने युद्धस्तर पर हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके सुरक्षित बचा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए निर्देश दिए थे।

रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने से तीन बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। बाकी दो बच्चे टंकी के ऊपर फंस गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए। इसके बाद जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें पहुंचीं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राहत आयुक्त से हेलीकॉप्टर की मांग की, जिसे तुरंत मंजूरी मिल गई। गोरखपुर से हेलीकॉप्टर मंगवाया गया, जिसने रविवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। एयरफोर्स के जवानों ने अत्यंत सावधानी के साथ दोनों बच्चों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित नीचे उतार लिया।

## तेज रफ्तार टैंकर बना काल: बाइक सवार दंपति व बेटे की मौत

- शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार, नवाबगंज में हादसा

**नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर दूध से भरा टैंकर एक परिवार के लिए काल बन गया। नवाबगंज के कनकपुर गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी व उनके बेटे की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर सैकड़ों लोग जमा हो गए। मृतक बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बहराइच जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बस्ती जनपद के कलवारी थाना क्षेत्र के गंगापुर माझा निवासी मान सिंह (42) अपनी पत्नी उर्मिला (40) और 14 वर्षीय बेटे युवराज लवकुश के साथ बाइक से बहराइच जनपद के ग्यारह सौ रेती स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। परिवार में 6 मई को शादी समारोह होना है, जिसमें शामिल होने के लिए वे घर से निकले थे। बताया जाता है कि अयोध्या-गोंडा मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव के पास पेट्रोल पंप के निकट रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



तीनों मृतक की फाइल फोटो।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और टैंकर की चपेट में आ गए। इस हादसे में उर्मिला और उनके बेटे युवराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मान सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार चालक की तलाश जारी है। इस हृदय विदारक घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## युद्धविराम बढ़ाने के बजाय युद्ध समाप्त करे अमेरिका

- ईरान ने भेजा नया प्रस्ताव, ट्रंप ने जताया मंशा पर संदेह

**दुबई, एजेंसी**

ईरान ने अमेरिका को भेजे नए प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध का कारण बने मुद्दों को 30 दिनों के भीतर सुलझाने का आह्वान किया है। यह भी कहा है कि उसके इस प्रस्ताव उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को पूरी तरह समाप्त करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने समझौता होने की संभावना पर संदेह भी जताया है।

ईरान के 14 सूत्री प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। अमेरिका की नौ सूत्री योजना के जवाब में दिए इस प्रस्ताव में ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों सहित सारी शत्रुता समाप्त करने की शर्त रखी गई है। ईरान ने पाकिस्तान के जरिए प्रस्ताव भेजा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को ओमान के समकक्ष बदर अल बुसैदी से बात की, जिन्होंने लड़ाई के पहले अमेरिका-ईरान वार्ता में पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई थी।

### होर्मुज पर किसी हाल में पीछे नहीं लौटेंगे: ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की नई योजना पेश की थी लेकिन ईरान ने इसे खारिज कर दियाहै। ईरानी संसद के उपाध्यक्ष अली निकजाद ने रविवार को कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध-पूर्व की स्थिति में वापस नहीं लौटेगा।

## यात्री ने खोला विमान का इमरजेंसी डोर, गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टैक्सी वे पर चल रहे विमान का आपातकालीन निकास द्वार एक यात्री ने अचानक खोल दिया, इससे विमान में अफरातफरी मच गई। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

एयर अरबिया का एक विमान 231 यात्रियों को लेकर रविवार तड़के शारजाह से चेन्नई पहुंचा था। विमान जब टैक्सी वे पर आगे बढ़ रहा था, तभी उसमें सवार पुडुकोट्टई निवासी 34 वर्षीय युवक ने आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया। पायलट ने विमान को तुरंत रोक दिया और हवाई अड्डा प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक विशेषज्ञों और सशस्त्र अधिकारियों समेत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी तुरंत उस स्थान पर पहुंचे, जहां विमान रुका था। पायलट ने तत्काल शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

**बड़ी उपलब्धि** | **दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है मिशन दृष्टि, हर मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेने में सक्षम**

# स्पेसएक्स ने लॉन्च किया भारतीय स्टार्टअप का दृष्टि उपग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्पेसएक्स ने रविवार को कैलिफॉर्निया से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए बेंगलुरु आधारित स्टार्टअप गैलेक्सआई के मिशन ''दृष्टि'' उपग्रह का प्रक्षेपण किया। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।

ईओ सेंसर धूप और साफ मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेते हैं जबकि एसएआर सेंसर रडार पल्स के जरिए हर मौसम तथा हर समय तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। कंपनी के संस्थापक और सीईओ सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि के सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचने के बाद हमारा ध्यान इसकी कमीशनिंग को पूरा करने पर है। इस चरण के दौरान हम अपने ऑप्टोएसएआर पेलोड से मिलने वाले अलग तरह के डेटा को लेकर दुनियाभर में खासी रुचि देख रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह उपग्रह पारंपरिक प्रणालियों की सीमाओं से आगे जाने में मदद करेगा और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में अधिक विश्वसनीय व निरंतर डेटा उपलब्ध कराएगा।

मिशन दृष्टि का प्रक्षेपण पांच वर्षों तक स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, व्यापक पर्यावरणीय परीक्षण और प्रदर्शन सत्यापन के बाद किया गया। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एके भट्ट ने कहा, गैलेक्सआई ने वह उपलब्धि हासिल की है जो दुनिया में कुछेक संस्थाओं ने हासिल की है और वह है एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल तथा एसएआर क्षमताओं को सहज रूप से जोड़कर हर मौसम में निरंतर निगरानी संभव बनाना। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी की खास बात सिर्फ इसकी क्षमता नहीं, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव भी है, खासकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में, जहां पृथ्वी निरीक्षण के क्षेत्र में समयबद्ध और निर्णय लेने के लिए उपयोगी जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के पहले ऑप्टोएसएआर उपग्रह और देश के सबसे बड़े निजी रूप से निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण हमारे युवा नवोन्मेषकों की अपार क्षमता को दर्शाता है, जो राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।



### ये भारतीय युवाओं के जुनून का प्रमाण : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के जुनून का प्रमाण बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह एवं भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का उद्घाटन आज

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन पशुपालन निदेशालय से करेंगे। कार्यक्रम में पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संबंधित जनपदों के जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली रूप से प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम मध्याह्न 12 बजे पशुपालन निदेशालय, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

### बूथ सशक्तीकरण से संगठन को मिलेगी नई मजबूती: धर्मपाल सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजियाबाद और अलीगढ़ में बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए बूथ सशक्तीकरण को सबसे अहम बताया। उन्होंने जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बूथ इकाइयों को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा बूथ स्तर पर आधारित है और बूथ जितना मजबूत होगा, चुनावी सफलता उतनी सुनिश्चित होगी। कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए उन्होंने बूथ समितियों के सत्यापन और अधूरी इकाइयों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने बूथ स्तर पर सक्रिय टीम गठन, जनसंपर्क और लाभार्थी संवाद को गति देने पर जोर दिया। साथ ही 'मन की बात' कार्यक्रम को हर बूथ पर सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था करने और प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने की बात कही।

### 143 सीटों पर निर्णायक हो सकता है अल्पसंख्यक वोट : अविनाश पांडेय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि यदि अल्पसंख्यक समाज अपनी ताकत पहचान ले तो प्रदेश की 403 में से 143 सीटों के परिणाम प्रभावित कर सकता है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। वह रविवार को आयोजित अल्पसंख्यक समाज सम्मेलन में बोल रहे थे, जहां सोहेल अंसारी ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पांडेय ने कहा कि देश के निर्माण में अल्पसंख्यकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और वर्तमान समय में उन्हें संगठित होने की जरूरत है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए जल्द वापसी का भरोसा जताया। सम्मेलन में कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 35 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य, हर विद्यार्थी लगाएगा एक पौधा

## मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, कहा- यूपी फिर बनाएगा रिकॉर्ड, हर आंगनबाड़ी केंद्र पर पांच सहजन के पौधे लगाने का भी आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया, वहीं प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में न्यूनतम पांच सहजन के पौधे लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को 30 मई तक अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कि पौधरोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकेगा। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही नदियों के किनारे 4.35 करोड़ पौधों के रोपण की भी तैयारी की जा रही है। उन्होंने शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर वन और वाटिकाएं विकसित करने, हाइवे और नदियों के किनारे वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही अयोध्या में रामायणकालीन प्रजातियों के पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को 'शेखा झील पक्षी विहार, अलीगढ़' के रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। बता दें कि उत्तर प्रदेश में कुल 12 रामसर स्थल नामित किए जा चुके हैं, जो कुल 38,992.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल आच्छादित करते हैं। शेखा झील पक्षी विहार रामसर स्थल 40.309 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ प्रदेश का सबसे छोटा रामसर स्थल है। 2016 में इसे पक्षी विहार के रूप में अधिसूचित किया गया था।

### वैज्ञानिक और तकनीक आधारित होगा अभियान

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्ष 2026 का पौधरोपण अभियान पूरी तरह वैज्ञानिक, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने माइक्रो प्लानिंग को इसकी आधारशिला बताते हुए ग्रामीण और शहरी स्तर पर तैयार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। पौधों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग की नर्सरियों से उच्च गुणवत्ता वाले पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में 1935 नर्सरियां संचालित हैं और 50 करोड़ से अधिक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए 34 नई नर्सरियां भी स्थापित की गई हैं।

### जीवितता पर रहेगा विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और जीवितता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए 'हरीतिमा' ऐप, जीआईएस मैपिंग, क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग, प्लांटेशन मॉनीटरिंग सिस्टम और नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2025 के सर्वेक्षण में पौधों की जीवितता दर 80 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा जांच में आएगी तेजी

## सख्त निगरानी से नकली व मानकहीन उत्पादों पर लगेगी लगाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 18 लैब होंगी संचालित विश्लेषण क्षमता 12 हजार से बढ़कर 54,500 नमूने प्रतिवर्ष

**अमृत विचार:** कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच अधिक प्रभावी होगी। इनका प्रमुख कार्य औषधि एवं कास्मेटिक्स अधिनियम, 1940 के तहत विभिन्न जनपदों से एकत्रित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। इससे दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित होगी। साथ ही नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रदेश में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत चयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) को नियुक्ति पत्र वितरित करने से प्रदेश में दवाओं की गुणवत्ता जांच प्रणाली को नई गति मिलेगी। कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच अधिक प्रभावी होगी। इनका प्रमुख कार्य औषधि एवं कास्मेटिक्स अधिनियम, 1940 के तहत विभिन्न जनपदों से एकत्रित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। इससे दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित होगी। साथ ही नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे बाजार में उपलब्ध उत्पादों पर सख्त निगरानी स्थापित होगी और आम जनता को सुरक्षित व भरोसेमंद दवाएं मिल सकेंगी।

प्रदेश में औषधि परीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब प्रत्येक मंडलीय मुख्यालय पर आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित कर कुल 18 लैब को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। पहले केवल 5 प्रयोगशालाओं के माध्यम से जांच कार्य होता था, जिससे क्षमता सीमित थी। अब नई नियुक्तियों के बाद सभी प्रयोगशालाएं पूर्ण क्षमता से कार्य करेंगी, जिससे जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी और लंबित मामलों में कमी होगी।

### चार गुना से अधिक बढ़ेगी परीक्षण क्षमता

नई भर्तियों के बाद प्रदेश की परीक्षण क्षमता काफी बढ़ जाएगी। पहले जहां प्रतिवर्ष लगभग 12 हजार नमूनों की जांच होती थी, वहीं अब यह बढ़कर 54,500 नमूने प्रतिवर्ष तक पहुंच जाएगी। इससे न केवल जांच की गति तेज होगी, बल्कि व्यापक स्तर पर दवाओं और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता की निगरानी भी संभव हो सकेगी। समयबद्ध जांच से संदिग्ध और मानकहीन उत्पादों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

### पारदर्शी भर्ती से सभी वर्गों को मिला अवसर

इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 357 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें 143 अनारक्षित, 75 अनुसूचित जाति, 6 अनुसूचित जनजाति, 97 अन्य पिछड़ा वर्ग और 36 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं। पूरी चयन प्रक्रिया मेरिट आधारित, निष्पक्ष और पारदर्शी रही, जिसमें किसी प्रकार की सिफारिश या हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रही।

# पारदर्शी भर्ती से बढ़ा युवाओं का विश्वास

## अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र पाकर मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार



लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समयबद्ध भर्ती से खिले चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों ने सरकार की पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया की सराहना की।

कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर चयनित औरैया के प्रतीक कुमार दीक्षित ने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समयबद्ध चयन प्रक्रिया युवाओं के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले प्रयोगशालाओं की संख्या सीमित थी, लेकिन अब सरकार ने लैब बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं।

दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित लखनऊ की साक्षी सिंह ने इसे अपने परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के कारण योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है और मुख्यमंत्री के संबोधन से उन्हें प्रेरणा मिली है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगी।

### रोजगार के अवसरों से मजबूत हो रहा प्रदेश

कानपुर की सभ्या कटियार ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। वहीं गाजीपुर के राकेश कुमार यादव ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित रही और केवल योग्य अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है।

### महिलाओं और युवाओं को मिला सम्मान

मुरादाबाद की प्रियंका गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार में महिलाओं और युवाओं को सम्मान मिल रहा है। वहीं बस्ती के ऋषभ प्रताप सिंह और सीतापुर की पूजा वर्मा ने भी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। अभ्यर्थियों ने एक स्वर में कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से युवाओं का भरोसा मजबूत हुआ है और उन्हें अपने भविष्य को लेकर नया आत्मविश्वास मिला है।

# अखिलेश ने मेधावियों को दिए लैपटॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण के दौरान उपस्थित सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता देती रही है और डिजिटल डिवाइड को खत्म करना समय की जरूरत है।

विक्रमादित्य मार्ग स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की कि 2027 में सरकार बनने पर केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा लागू की जाएगी। साथ ही उन्होंने पूर्व सपा सरकार की कन्या विद्या धन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय बालिकाओं को 30 हजार रुपये की सहायता दी जाती थी।

**आयोजन**

कार्यक्रम में लखनऊ की अनन्या यादव, सीतापुर की अंकिता यादव, मलिहाबाद की उन्जिला फातिमा (97%) और क्राइस्ट चर्च कॉलेज की सारा मोईन (98.75%) को सम्मानित किया गया। सारा, जो मूक-बधिर और दृष्टिबाधित हैं, उनके शिक्षक को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा मेरठ जिले के 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी लैपटॉप वितरित किए गए।

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सपा नेताओं को पुलिस ने रोका, डाक बंगले में दिए 2 लाख

कुंडा (प्रतापगढ़)

**ककरहा का युवती हत्याकांड**

**अमृत विचार :** मानिकपुर थाना क्षेत्र ककरहा में हुए युवती हत्याकांड को लेकर रविवार को राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। पीड़ित परिवार से मिलने सपा का प्रतिनिधिमंडल कुंडा पहुंचा। प्रयागराज - लखनऊ राजमार्ग पर शेखपुर में पुलिस बल ने काफिले को रोक लिया। प्रतिनिधिमंडल में कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज, रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, सपा जिला सचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामअवध यादव समेत नेता रहे। काफी देर तक बातचीत और समझाने के बाद प्रतिनिधिमंडल को कुंडा डाक बंगले ले जाया गया। प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार के लोगों को डाक बंगले बुलाकर प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कराई गई। सपा नेताओं ने पीड़ित परिजनों से बातचीत कर घटना पर दुख जताया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से दी गई दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक परिवार को सौंपा। मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पूरे घटनाक्रम के दौरान डाक बंगले और आसपास पुलिस बल तैनात रहा।

प्रतिनिधिमंडल के आने की सूचना पर प्रशासन अलर्ट रहा। सीओ अमरनाथ गुप्ता की अगुवाई में हथिगवां इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, कुंडा इंस्पेक्टर मनोज पांडेय, मानिकपुर इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह समेत अन्य थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही। वहीं गांव के आसपास, मानिकपुर थाने के सामने, पाटीहार और करेंटी समेत कई स्थानों पर बैरीकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही।

### रास में विपक्ष के उपनेता प्रमोद ने जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर से की शिष्टाचार भेंट

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य और विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहाकार समिति की बैठक में शामिल हुए। जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से शिष्टाचार भेंट करते हुए आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता पर जोर दिया। अपनी बेटी प्रो.विजयश्री सोना के साथ राजभवन पहुंचकर सांसद प्रमोद तिवारी ने लेफ्टिनेंट गवर्नर से अहम राष्ट्रीय मसलों पर बातचीत की। इसके बाद पहलगाम की बैसरन घाटी में पहुंचकर बीते वर्ष अप्रैल में आतंकवादियों के हमले में निर्दोष शहीद भारतीयों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्रीनगर में रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भी शामिल हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला ने दी।



कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से भेंट करते सांसद प्रमोद तिवारी।

### डूबी बेटियों के परिजनों को सपा ने दी आर्थिक मदद

**संग्रामगढ़, (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** कौशाम्बी के सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज, रानीगंज विधायक डॉ .आरके वर्मा, सपा के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी रविवार को इलाके के डंडिया खनवारी गांव पहुंचे। जहां पांच मार्च को राम नरेश की दो बेटियां आंचल, रिया और अनिल कुमार की बेटी मोहिनी नहर में नहाने के दौरान डूब गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से तीनों बेटियों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का चेक दिया। पीड़ित परिवार को आवास और शासन की ओर से मिलने वाली हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर शिव कुमार यादव, छोटेलाल यादव, विमल कुमार, मेवा लाल, संतोष कुमार पटेल, हिमांसू सेन, अयोध्या प्रसाद, सुखदेव, नन्हेंलाल आदि मौजूद रहे।



परिवार को चेक देते कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज।

### घर के अंदर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**रानीगंज, (प्रतापगढ़) :** घर में संदिग्ध परिस्थितियों में घर युवक शव मिलने से हड़कंप मच गया। फतनपुर थाना क्षेत्र के नाथ का पूरा निवासी श्रीराम यादव रविवार को मजदूरी करने बाहर गए थे। उनकी पत्नी शांति देवी रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गई थीं। घर पर उनका बेटा ईश्वर चंद्र अकेला था। परिजनों के मुताबिक, ईश्वर मुंबई में अपने बहनोई के साथ ट्रक ड्राइवर का काम करता था। करीब 15 दिन पहले ही घर आया था। परिवार में उसका बड़ा भाई कृष्णा यादव और एक बहन हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पहले ईश्वर और उसके पिता का गांव के कुछ लोगों से बिजली के पोल को लेकर विवाद हुआ था, जिसके संबंध में थाने में तहरीर भी दी गई थी। इसी विवाद को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

**तैयारी** | जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए 16 नामों पर मंथन

# चुनावी नतीजों के बाद योगी सरकार में हो सकता है फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार 1.0 के कुछ पुराने चेहरे भी शामिल



**अमृत विचार:** चुनावी वर्ष में उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक बदलाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। सूत्रों के अनुसार योगी आदित्यनाथ की नई टीम का गठन पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों के दो-तीन दिन बाद किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पार्टी नेतृत्व ने करीब 16 नामों पर मंथन किया है, जिनमें योगी सरकार 1.0 के कुछ पुराने चेहरे भी शामिल हैं। अप्रैल और मार्च के दौरान दिल्ली और लखनऊ में संगठन की कई अहम बैठकें हुईं, जिनमें मंत्रियों के कामकाज का फीडबैक लिया गया। इस क्रम में विनोद तावड़े ने मार्च में लखनऊ प्रवास के दौरान मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इसके अलावा प्रदेश नेतृत्व ने केंद्रीय स्तर पर बीएल संतोष, अमित शाह और नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर फीडबैक साझा किया।

### समीकरण साधने की कवायद

पार्टी सूत्रों का कहना है कि मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए जाएंगे। ब्राह्मण प्रतिनिधित्व को लेकर भी चर्चा है और दो से तीन नए चेहरों को शामिल करने की संभावना जताई जा रही है। यदि सभी को जगह नहीं मिल पाती, तो कुछ नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बदलाव की संभावना जताई जा रही है, जहां से दो से तीन नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। इसके साथ ही जाट और गुर्जर समाज के बीच संतुलन बनाने को लेकर भी मंथन जारी है।

### दलित-ओबीसी और महिला प्रतिनिधित्व पर भी नजर

सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले की काट के लिए मंत्रिमंडल में दलित और ओबीसी वर्ग से नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। वहीं, महिला प्रतिनिधित्व में भी बदलाव की संभावना है और दो महिला मंत्रियों की जगह नए चेहरों को अवसर देने पर विचार चल रहा है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि मंत्रिमंडल विस्तार से संगठन में नई ऊर्जा आएगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही जिन चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलेगी, उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संतुलन साधा जाएगा।

### पलटी कार, प्रधान के सात वर्षीय पौत्र की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़) :** बाघराय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव की प्रधान हुलसार देवी के ज्येष्ठ पुत्र विशाल गौतम पुत्र कनिष्क गौतम (7) और चालक सचिन के साथ शनिवार दोपहर करीब तीन बजे प्रयागराज जिला के मऊआइमा स्थित मानी उमरपुर गांव गए थे। देर शाम लौटते समय जेठवारा क्षेत्र के जगदीशपुर सब्जी मंडी के पास अचानक सड़क पर आए बेसहारा मवेशी को बचाने के प्रयास में उनकी डिजायर कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को बाहर निकाला और सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा गुलाब सिंह पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कनिष्क को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके पिता विशाल गौतम और चालक सचिन का उपचार किया गया।

# आंधी-बारिश से सैकड़ों गांवों की बिजली गुल, फसलों को नुकसान

## मौसम के बदलाव से शहरवासियों को मिली राहत तो किसानों के चेहरों पर मायूसी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



आंधी के कारण बीच से टूटा खंभा।

**अमृत विचार :** रविवार भोर में आयी आंधी के साथ हुई बारिश ने जनजीवन पर गहरा असर डाला। मार्गों पर पेड़ उखड़कर यातायात में बाधा बने तो जिले में बिजली आपूर्ति एक बार फिर छिन्न-भिन्न हो गई और सैकड़ों गांव अंधेरे में डूब गए। वहीं आंधी-बारिश ने किसानों को बेहाल करके रख दिया। आम के अलावा खेतों में खड़ी फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस बदलाव से शहरवासी खुश तो ग्रामीण असहज नजर आए।

कुछ ही दिन पहले आई आंधी व ओलावृष्टि से जिला वासी उबरे नहीं थे कि रविवार तड़के मौसम ने फिर करवट बदल ली। आसमान पर छाए घने बादलों के बीच बिजली की गड़गड़ाहट के बाद आंधी ऐसी चली कि टिनशेड व छप्पर उड़े तो सड़क किनारे लगे पेड़ ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गए। सैकड़ों जगहों पर खंभे व तार सड़क पर जा गिरे। आंधी के कारण जिले भर में विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। सुबह होने तक कहीं कम तो कहीं तेज होती रही बारिश से तापमान लुढ़क गया। मौसम के इस रुख ने किसानों को नुकसान पहुंचाया है। कुछ ही दिन पहले आंधी के चलते जिले में बिजली आपूर्ति सुधर नहीं पाई थी, रविवार को आई आंधी ने ग्रामीण इलाकों का दर्द और बढ़ा दिया। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार आंधी का असर किसानों पर भारी पड़ा। आम की बागवानी को व्यापक नुकसान पहुंचा, जबकि खेतों में खड़ी मक्का समेत अन्य फसलें गिरकर बर्बाद हो गईं। सुबह से देर शाम तक क्षेत्र के सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे रहे। 33 हजार केवी की मुख्य लाइन सहित ग्राम कांप, फतेहउल्लापुर, भवानीगंज आदि क्षेत्रों की विद्युत लाइनें और पोल क्षतिग्रस्त हो गए और डूडी, बिंदौरा, गनेशपुर समेत कई फीडर ठप हो गए। एसडीओ विद्युत ने बताया कि आंधी के चलते मुख्य लाइन के साथ-साथ गांवों की कई लाइनों के तार टूट गए हैं। विभागीय टीमें युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटी हैं।

### आंधी-बारिश से 33 केवी लाइन ठप

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार भोर आई तेज आंधी और बारिश के चलते 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आ गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। एसडीएम विमलेश मौर्या के निर्देश पर पेट्रोलिंग कराई गई, जिसमें फतेहसराय के पास बांसवाड़ी व यूकेलिप्टस की डाल लाइन से टकराने से फाल्ट मिला। मरम्मत के बाद सुबह करीब साढ़े 10 बजे 33 केवी लाइन ठीक हुई, जबकि जय अंबे व रामपुर फीडर की सप्लाई 11 बजे बहाल हो गई। मसौली फीडर दोपहर 12 बजे चालू हुआ, वहीं सहादतगंज में करीब 1 बजे बिजली आ सकी। सैदनपुर, बांसा व जकरिया समेत अन्य फीडरों में मरम्मत कार्य चलता रहा। करीब साढ़े 5 घंटे बाद आपूर्ति सामान्य हुई, लेकिन करीब 200 गांवों के उपभोक्ताओं को कई घंटा तक बिजली संकट झेलना पड़ा।

# दोस्त का मोबाइल चुराया यूपीआई से उड़ाए रुपये



पुलिस की गिरफ्त में पांचों आरोपी। • अमृत विचार

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की गई है।

थाना पुलिस टीम ने इन्धौलिया मानसरोवर के पास से शाश्वत तिवारी, हिमांशु मिश्रा, आशुतोष वर्मा, अमन गौतम और अंकराष्ट्र उर्फ प्रियांशु गौतम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक दोस्त का मोबाइल चोरी किया और उसके माध्यम से यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर कर लिए। इस संबंध में थाना जैदपुर में बीएनएस के तहत केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 6 एंड्रॉयड मोबाइल, जिसमें आरोपियों के अपने मोबाइल भी शामिल हैं, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और 9,130 रुपये नकद बरामद किए। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुरेश गुप्ता, पप्पू सिंह यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### 15 लाख के 73 मोबाइल बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में सफलता हासिल करते हुए 73 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में सर्विलांस सेल और थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सीईआईआर पोर्टल की मदद से तकनीकी विश्लेषण व ट्रैकिंग कर गुम हुए मोबाइल फोन तलाशे गए। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अपना खोया मोबाइल और महत्वपूर्ण डाटा वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने अपील की है कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं या सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट करें, जिससे मोबाइल को ट्रैक, ब्लॉक और बरामद करने में मदद मिल सके। पिछले पांच महीनों में पुलिस की मोबाइल रिकवरी टीम ने एक करोड़ 23 लाख की कीमत के 623 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं।

### माइनर कटने से बाग व खेतों में भरा पानी

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र की बांसा भग्गापुरवा माइनर शनिवार शाम से पानी के तेज बहाव के कारण रात में तीन स्थानों पर कट गई। जिससे कई किसानों के खेतों सहित आम की बागों में पानी भर गया। सुबह किसानों ने देखा तो कटी हुई माइनरों को बांधने का कार्य किया। किसानों की सूचना के बाद भी जिम्मेदार नहर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अंजान बने रहे। बांसा भग्गापुरवा माइनर में शनिवार को काफी तेज रफ्तार में पानी चल रहा था। जिसके फलस्वरूप रात में बांसा निवासी इमरान किदवई की बाग के निकट, टेरासानी के निवासी सैफ किदवई की बाग के निकट माइनर कट गई और आसपास पानी ही पानी हो गया। वहीं राजेश यादव 5 बीघा, कौशल 3 बीघा, उदय सिंह 5 बीघा, नरेश 6 बीघा, ललित 3 बीघा मेन्था की फसल जलमग्न हुई है।

### इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से अभद्रता

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक चिकित्सक ने एक सभासद व एक अन्य व्यक्ति पर इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। डाक्टर के साथ हुए बर्ताव का विरोध स्टाफ ने भी किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। सीएचसी टिकैतनगर पर तैनात चिकित्सक डॉ. शकील ने पुलिस को बताया कि शनिवार को सीएचसी पर अपनी इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे थे, इसी दौरान नगर पंचायत टिकैतनगर के सभासद राजकुमार रावत आए और दवा लेने के बाद बिना किसी बात के बहस करते हुए अभद्र टिप्पणी करते हुए चले गए। कुछ समय बाद कस्बा के धधवारा मोहल्ला निवासी अमित शुक्ला आए जो कि नशे में धुत थे और कहने लगे कि मैं अस्पताल चेक करने आया हूं और इतना कहते हुए डॉ. शकील और फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के साथ गाली गलौच करते हुए अभद्रता पर उतारू हो गया। चिकित्सक के पत्र पर स्टाफ ने भी हस्ताक्षर किये हैं।

### शादी के 15 दिन बाद विवाहिता लापता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र से एक नवविवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। तहरीर के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी करीब 20 वर्षीय बहन की शादी 16 अप्रैल को सफदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद वह 29 अप्रैल को मायके आई थी। बताया गया कि 1 मई की सुबह वह अपने मायके से बस द्वारा अपनी बड़ी बहन के घर जाने के लिए निकली थी, लेकिन दोपहर बाद तक वहां नहीं पहुंची। परिजनों ने जब खोजबीन की तो कहीं कोई सुराग नहीं लगा। बस कंडक्टर से पूछताछ में जानकारी मिली कि वह रास्ते में जमुरिया नाला के पास उतर गई थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

### चलती बाइक से महिला की झुमकी झपटी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश बाइक पर जा रही महिला के कान की झुमकी छीनकर फरार हो गए। लखनऊ के पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ जनपद के नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम पतौना निवासी श्यामू विश्वकर्मा 30 अप्रैल की शाम अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में चकतारा थाना असन्द्रा जा रहे थे। जब वह ग्राम दांदूपुर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनकी पत्नी के कान की झुमकी झपट ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार रिश्तेदारी में चला गया और बाद में अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने शनिवार को पुलिस से लिखित शिकायत की।

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के नईगढ़ी मजरे खिंझना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पहले पक्ष के प्रदीप कुमार का आरोप है कि एक मई को आधी रात के बाद घर के बाहर खड़े होने के दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर बचाने पहुंची उनकी चचेरी बहन को भी आरोपियों ने पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के छोटकन्ने ने आरोप लगाया है कि 2 मई की रात दूसरे पक्ष के लोगों ने पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर घर पर आकर हमला कर दिया। इस दौरान गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिसमें उसके सिर समेत परिवार के अन्य लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### किराया मांगने पर ई-रिक्शा चालक की पिटाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र में किराया मांगने को लेकर ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार, पतुलकी निवासी हरिकरन एक मई की शाम दरियाबाद से कोड़ड़ा की ओर सवारियां लेकर जा रहा था। कोड़ड़ा मोड़ के पास एक यात्री को उतारने के बाद जब चालक ने किराया मांगा तो वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने चालक को लात-घूंसे और डंडों से बुरी तरह पीट दिया। घटना के दौरान अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। यात्रियों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान वैभव शर्मा पुत्र हरिनाथ निवासी कोड़ड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रंजिशन मारपीट के तीन मामले दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट और धमकी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जल्पापुर की हेमलता की तहरीर पर पड़ोस के कुलदीप, बृजेश, सज्जन और लल्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि 29 अप्रैल की शाम आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके बेटे पवन को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव में पहुंचे पंकज को भी चोटें आईं। टिकैतनगर थाना क्षेत्र में राजकुमार गौतम की तहरीर पर बबलू चौहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि 1 मई की रात बंधे पर रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में राजकुमार का सिर फट गया। इसी थाना क्षेत्र की नूर फातिमा की शिकायत पर यासमीन बानो, आफरीन बानो और अलके मियां बानो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि 2 मई को इचौली कस्बे में आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए प्रार्थिनी के साथ मारपीट की।

### बाउंड्री ऊंची करने पर हमला, दंपति व बेटियां घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सालपुर गांव में जमीन की बाउंड्री ऊंची कराने के दौरान दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सालपुर निवासी राजकुमार सिंह पुत्र शंकर बक्स सिंह के अनुसार रविवार सुबह वह अपनी जमीन पर बनी चाहरदीवारी को ऊंचा करा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही त्रिलोकी रावत अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रुकवाने लगे। आरोप है कि समझाने का प्रयास करने पर विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए राजकुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाने आई उनकी पत्नी वंदना पर भी सिर में वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं उनकी दोनों पुत्रियां हिमांशी और वैष्णवी भी हमले में चोटिल हो गईं। घटना के दौरान शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय हमलावर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

# री-फिलिंग को ले जाये जा रहे 10 सिलेंडर बरामद

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध खरीद-बिक्री और रिफिलिंग का खेल उजागर हुआ है। पुलिस ने लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर चौबीसी तिराहे के पास एक ई-रिक्शा से 10 भरे घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। मामले की जांच के बाद तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल की रात गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालत में सिलेंडरों से लदा ई-रिक्शा रोका। वाहन चालक अकील व रियाज अहमद संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उनके पास जो पर्चियां मिलीं, वे पहले ही उपभोक्ताओं को डिलीवरी हो चुकी थीं, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पूछताछ में रियाज अहमद ने बताया कि वह इन्हौना अमेठी में गैस चूल्हा रिपेयरिंग की दुकान चलाता है और और छोटे सिलेंडरों में अवैध री फिलिंग करता है। उसने कबूल किया कि हैदरगढ़ क्षेत्र के बम्हरौली निवासी प्रदीप से 10 सिलेंडर 2100 रुपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से खरीदे थे, जिन्हें वह अमेठी ले जा रहा था। यह भी सामने आया कि संबंधित गैस एजेंसी के रिकॉर्ड में सभी सिलेंडर पहले ही उपभोक्ताओं को डिलीवर दिखाए गए थे और एजेंसी स्टॉक भी सही पाया गया। एजेंसी प्रबंधन ने प्रदीप नाम के किसी व्यक्ति के वहां कार्यरत होने से इनकार किया। पूर्ति विभाग की जांच में स्पष्ट हुआ कि घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, बिक्री और रिफिलिंग की जा रही थी। पुलिस ने बरामद सिलेंडर गैस एजेंसी प्रतिनिधि की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवाए हैं, जबकि ई-रिक्शा सीज कर दिया गया।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार सुबह रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। दोपहर बाद मृतक की पहचान सिद्धार्थनगर निवासी युवक के रूप में हुई। जो दिल्ली जा रहा था, चलती ट्रेन से गिरकर इस युवक की मौत हुई है।

सुबह बुढ़वल यार्ड के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आसपास के जिलों में सूचना भेजी गई है। उधर दोपहर बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जिला सिद्धार्थनगर थाना नरकटिया क्षेत्र के गांधीनगर के रहने वाले फैजान ने मृतक की पहचान अपने बड़े भाई अयान (19) पुत्र अब्दुल कलाम के रूप में की। बताया कि अयान चचेरे व फुफुरे भाइयों के साथ कामकाज के सिलसिले में दिल्ली जा रहा था।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते आप जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व में रविवार को पटेल तिराहे पर स्मार्ट मीटर के विरोध में कार्यकर्ताटों ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर की प्रतीकात्मक तस्वीरें जलाकर विरोध दर्ज कराया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जुगराज सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता से लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि गलत रीडिंग, मनमाने बिल और तकनीकी खामियों से उपभोक्ता परेशान हैं। जहां पहले करीब 1500 रुपए तक बिल आता था, वहीं अब 6000 से 7000 रुपए तक पहुंच रहा है। प्रीपेड मीटर व्यवस्था में अग्रिम भुगतान के बावजूद 10-12 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहना सिस्टम की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगाए गए करीब 80 लाख स्मार्ट मीटरों में से अधिकांश प्रीपेड हैं। वहीं, ट्यूबवेल पर लगाए जा रहे फोर जी आधारित मीटरों से नेटवर्क समस्या के कारण किसानों को दिक्कतें हो रही हैं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामनगर रवि पाण्डेय, राजू शुक्ला, राज कुमार पाल, असद अली, महिला जिलाध्यक्ष अफसाना बानो, आकाश वर्मा, टनू चौहान, नन्हे राम यादव, राजेंद्र पाण्डेय, राम नवाज धनगर, अरविंद यादव, प्रकाश गौतम, विजय यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेजी से बदल रही गांवों की तस्वीर

- विधायक दिनेश रावत ने सड़कों का किया लोकार्पण

हैदरगढ़, बाराबंकी



लोकार्पण करते विधायक दिनेश रावत। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से लगभग 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित डामर एवं इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत तथा भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर किया।

विकास खंड की ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर के सोगरी गांव में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से करीब 34 लाख रुपये की लागत से 470 मीटर डामर रोड का निर्माण कराया गया। इसके अलावा इसी गांव में लगभग 6 लाख रुपये की लागत से 92 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग तथा रोहना मीरापुर में मुख्य मार्ग से मंदिर तक करीब 80 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण 5 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। इस मौके पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में गांवों का तीव्र गति से विकास हो रहा है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में डामर सड़क, सीसी रोड और इंटरलॉकिंग मार्गों का तेजी से निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में बिना भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जिससे जनता खुशहाल है। इस दौरान क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में महिला डंपर के पहियों के नीचे आ गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। डंपर मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रविवार की सुबह जयश्री राम की पत्नी मुन्नी देवी (50) अपने पुत्र बृजमोहन के साथ बाइक से पुत्री के घर जा रही थी। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में अंबरपुर गांव के पास डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरी मुन्नी देवी डंपर के पहियों के नीचे आ गई। पहियों के नीचे कुचलकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उनका पुत्र बृजमोहन बाल बाल बच गया। चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

# सपा-कांग्रेस ने महिलाओं को हक से किया वंचित



प्रेस वार्ता करते भाजपा नेता। • अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं की सक्रियता तेज हो गई है। रामनगर सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता शिवप्रकाश अवस्थी उर्फ राहुल ने रविवार को हाइवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर प्रेस वार्ता कर महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध कर महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया है, उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम हो रहा है। शिवप्रकाश अवस्थी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। इस दौरान अभिषेक मिश्रा, अवधेश मिश्रा, बच्चा, सुनील सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | 23 और 24 मई को होगा जिला प्रशिक्षण वर्ग, तैयारी बैठक में जुटे भाजपा नेता व कार्यकर्ता

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए देशहित सर्वोपरि : नीरज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी





तैयारी बैठक को संबोधित करते पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री व मुख्य अतिथि नीरज सिंह व मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** 23 से 24 मई तक सूरजा गेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बाराबंकी में तैयारी बैठक हुई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री, भाजपा अवध क्षेत्र नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा देशहित को सर्वोपरि मानकर काम करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण संगठन की मजबूती का आधार है और यह कार्यकर्ता निर्माण की सबसे प्रभावी प्रक्रिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ता दो दिन एक रात्रि तक पूर्ण अनुशासन में, एक छात्र की तरह रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा इस दौरान मोबाइल का उपयोग न करें।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा भुलाने, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, एससी-एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, बृजेश रावत, जिला उपाध्यक्ष शीलरत्न मिहिर, जंगबहादुर पटेल, सुशील जायसवाल, वैभव मिश्रा, प्रमोद तिवारी, नवीन सिंह राठौर, मनोज वर्मा, अंशु वर्मा, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, गुंजन शर्मा, सविता रावत सहित सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा से 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) रविवार को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई। सभी केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। 50 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर, राजकीय इंटर कॉलेज नगर, जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज कंपनी बाग, राजकीय पॉलीटेक्निक जहांगीराबाद रोड सोमैया नगर, राजकीय इंटर कॉलेज शहावपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख, राजकीय इंटर कॉलेज बरौलीजाटा तथा किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। केंद्रों के बाहर कक्ष आवंटन सूची चस्पा की गई, जिससे परीक्षार्थी कक्ष की जानकारी लेते नजर आए।

## न्यूज ब्रीफ

### पागल कुत्ते के हमले से 20 लोग घायल

परियर, उन्नाव, अमृत विचार: विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम परियर में रविवार को एक पागल कुत्ते ने अचानक हमला कर बच्चों समेत करीब 20 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में स्थानीय चौकी के हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य रागनी अवस्थी के पुत्र शिवाय (8), पिंकी (12), कोमल कश्यप (14), अक्षरा अवस्थी (11), राधे शुक्ला (5), टिंकू (8), कार्तिकेय सविता (10), करन (12), शिवकुमारी (40) व संजय मिश्रा (40) शामिल हैं। कई बच्चों को गंभीर चोटें आईं, जिनका इलाज स्थानीय निजी अस्पताल में कराया गया। पीड़ित परिवारों ने सोमवार को सरकारी अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने की बात कही। घटना से नाराज ग्रामीणों ने कुत्ते को दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 70 मरीजों की जांच

सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार: रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय पर विधायक बंबालाल दिवाकर के संयोजन में शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 लोगों ने आंखों की जांच कराई। जांच के दौरान 51 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए बस द्वारा कानपुर स्थित शंकरा हॉस्पिटल भेजा गया। शिविर में चौबेपुर, कानपुर से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनुज सैनी व उनकी टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। अन्य मरीजों को आवश्यक दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए।

# कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई नीट-यूजी परीक्षा

## 1208 में 1177 अभ्यर्थी शामिल, 31 अनुपस्थित, पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन रहा मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जनपद में रविवार को नीट (यूजी) परीक्षा चार केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

जिले में कुल 1208 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1177 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई, जबकि अभ्यर्थियों का प्रवेश दो घंटे पहले से ही शुरू कर दिया गया था। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों के आधार कार्ड का मिलान किया गया और सघन तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों में अटल बिहारी इंटर कॉलेज, डीएसएन महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दही चौकी शामिल रहे। सभी केंद्रों पर मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी।



केंद्रीय विद्यालय के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर निकलते डीएम व एसएसपी।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के संचालन, कंट्रोल रूम और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक अपने बच्चों के बाहर आने का इंतजार करते नजर आए। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले और अपने परिजनों के साथ घर रवाना हुए। पूरी परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की गई। सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे, जिन्होंने समय-समय पर कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित की। प्रशासन की सख्ती और सतर्कता के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकी।

# भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाले शिक्षक को मिलेगी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) की रविवार को कृष्णा नगर स्थित शिक्षक भवन में आयोजित बैठक में डीआईओएस कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित ने की। बैठक में एमआरआरएस इंटर कॉलेज, पुरवा के इतिहास प्रवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 31 मार्च 2026 को उनके खाते में बोनस एरियर के रूप में 1,727 रुपये के स्थान पर 5,01,727 रुपये कोषागार से ट्रांसफर हो गए। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल अपने प्रधानाचार्य व जिला विद्यालय निरीक्षक को दी। आरोप है कि विद्यालय के एक वरिष्ठ लिपिक ने उनसे यह धनराशि अपने खाते में स्थानांतरित करने का दबाव बनाया, लेकिन गुप्ता ने इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मामला शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के संज्ञान में आने पर उन्होंने शिक्षक की सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से मिलकर उचित सुरक्षा व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में शिक्षक नेताओं ने डीआईओएस कार्यालय में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार पर भी नाराजगी जताई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2022 से गड़बड़ियां हो रही हैं और अब तक करीब 40 लाख रुपये के लेनदेन के मामले सामने आए हैं। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच सीबीसीआईडी से कराने की मांग की। बैठक में सदस्यता अभियान बढ़ाने और 15-16 मई को मिर्जापुर में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन की तैयारी पर भी चर्चा की गई।

- शिक्षक भवन में हुई बैठक में उठा डीआईओएस कार्यालय का मुद्दा

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रविवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो स्कूली छात्र तेज रफ्तार पिकअप लोडर की टक्कर का शिकार हो गए। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के ऋषि नगर निवासी अंश मिश्रा (15) पुत्र दिलीप कक्षा नौ का छात्र था। रविवार सुबह वह अपने मित्र पवन के साथ सरैया वाटिका जाने की बात कहकर घर से निकला था। जैसे ही दोनों मरहला चौराहा



अंश मिश्रा की फाइल फोटो।

- विपरीत दिशा से आ रहा था लोडर तभी हुआ हादसा

पार कर आगे बढ़े, विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित लोडर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में अंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हादसे के बाद लोडर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। अंश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही माता-पिता बेसुध हो गए। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बरगी बांध क्रूज हादसे के मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार: नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट द्वारा रविवार को इंदिरा नगर मोहल्ले में जबलपुर के बरगी बांध क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और गहरा शोक व्यक्त किया। कांग्रेस के मयंक बाजपेई ने कहा कि बरगी बांध में हुआ यह हादसा अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मां और बेटे की मार्मिक तस्वीर ने सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं मानवता को झकझोर देती हैं और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# स्मार्ट मीटर को बताया 'स्मार्ट चीटर'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रशासन द्वारा जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किए जाने के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जेई को सौंपा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जेई को सौंपते आप कार्यकर्ता।

नजरबंदी के दौरान जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने स्मार्ट मीटर योजना पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा यह योजना जनता के आर्थिक शोषण का जरिया बन चुकी है। रिचार्ज के बावजूद घंटों बिजली न आना और गलत बिलिंग ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। यह स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि स्मार्ट चीटर है। प्रदर्शन में नगर अध्यक्ष मानसिंह और जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र बाजपेई ने सरकार पर डिजिटल लूट का आरोप लगाया। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी मांग कि 20 हजार करोड़ के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट में संभावित भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो। ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की कमी के बावजूद किसानों पर थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर की समीक्षा की जाए। उपभोक्ताओं पर बिना सहमति के प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत बंद हो। प्रदर्शन में पंकज सेठ, दीपक राजपूत, यूथ विंग जिलाध्यक्ष भानु प्रकाश सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

- आप जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं संग जेई को सौंपा ज्ञापन

# विधायक ने चार स्थानों पर किया पौशाला का उद्घाटन

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप को देखते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने आम जनमानस को राहत पहुंचाने के लिए रविवार को नगर के चार प्रमुख स्थलों पर निशुल्क शीतल पेयजल पौशाला का उद्घाटन किया। इन पौशालाओं की स्थापना विधायक ने जनता की मांग पर अपने निजी संसाधनों से कराई है।

राहगीरों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों का चयन किया गया है। जहां आवास विकास, बड़ा चौराहा, रामलीला मैदान टैम्पो स्टैंड के पास, दरबारी खेड़ा में जंगलेश्वर बाबा मंदिर के पास लगाए गए है। उद्घाटन के दौरान विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच यह पौशालाएं मजदूरों, राहगीरों और रिक्शा चालकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इस अवसर गोपाल अवस्थी, नवीन रस्तोगी, सभासद मुन्नीलाल, पंकज अग्निहोत्री, सोनू दीक्षित, आशीष जायसवाल, राजेश दुबे, निखिल गुप्ता, राजू गुप्ता, सुमित गुप्ता, संजय, सचिन गुप्ता, ऋषि, नितिन श्याम, रामजी गुप्ता, संदीप निगम, मनोज निगम आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की जांच

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में अलहूदा इंटर कॉलेज में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेदांता के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लगभग 150 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुंवर अजय सिंह प्रबंधक, डॉ. हरिवंश राय बच्चन महाविद्यालय ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन का आधार है, इसलिए हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार अपनी संपूर्ण जांच अवश्य करानी चाहिए। मेजर डोनर पीडीजी अरविंद श्रीवास्तव कमल ने बताया कि शिविर में मरीजों की बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी एवं नेत्रों की निरूशुल्क जांच की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन एआर खान द्वारा किया गया। अंत में, सचिव सौरभ कुमार श्रीवास्तव ने मेदांता की टीम और स्कूल प्रबंधक डॉ. दाऊद का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर जारी रखने का संकल्प लिया।



शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। • अमृत विचार

- रोटरी क्लब व मेदांता के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयाजन

## मेगा ब्लॉक में डाले गए 40 एचबीम स्लीपर

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार: रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में रविवार को 32वें दिन कार्य में प्रगति दर्ज की गई। आठ घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान रेल कर्मियों ने तेजी से कार्य करते हुए 40 एचबीम स्लीपर डालकर काम को आगे बढ़ाया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के तहत सुबह 9:35 बजे से शाम 5:35 बजे तक ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेलवे के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी करते रहे। कर्मचारियों ने जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से काटकर हटाया और उनकी जगह नई प्लेटें स्थापित कीं। इसके बाद एचबीम स्लीपर बिछाने का कार्य किया गया। अधिकारियों के मुताबिक ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुरू किया गया।

## नवीन पुल पर गुजर रहे भारी वाहन, हादसे का बढ़ा खतरा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार: नवीन पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रशासनिक रोक के बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कानपुर की ओर से आने वाले कंटेनर, ट्रक, डीसीएम और डंपर रात के समय बेधड़क पुल से गुजर रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 12 बजे के बाद से ही भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। शनिवार रात भी करीब साढ़े बारह बजे एक बड़ा कंटेनर पुल से गुजरते समय संकरे रास्ते में फंस गया, जिससे जाम की स्थिति बन गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुल के बीचोंबीच गड्ढा होने के बावजूद बड़े वाहनों का आवागमन जारी है, जिससे पुल की मजबूती पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि पुल पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाए और रात्रि गश्त के दौरान भारी वाहनों को सख्ती से रोका जाए। फिलहाल प्रशासनिक लापरवाही के चलते नवीन पुल पर किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।



नवीन पुल से रात के समय निकलता कंटेनर।

## अमृत योजना में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेज

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार: नगर में अमृत पेयजल योजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नगर पालिका गंगाघाट के बाहर जेसीबी से खोदाई कर पाइपलाइन डालने का काम शुरू कराया गया। इस कार्य का उद्देश्य पालिका परिसर में बनी पानी की टंकी को नई पाइपलाइन से जोड़कर वार्डों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। जल निगम की कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के चलते क्षेत्र में कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित भी हुआ। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि पाइपलाइन डालने के बाद इसे पानी की टंकी से जोड़ा जाएगा, जिससे नगर के विभिन्न वार्डों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके। ठेकेदार के अनुसार, वर्तमान में पानी की टंकी की मरम्मत का कार्य भी प्रस्तावित है। टंकी की मरम्मत पूरी होने के बाद ही जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे कार्य को पूरा होने में लगभग एक से दो महीने का समय लग सकता है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि योजना के पूरा होने के बाद उन्हें नियमित और बेहतर पेयजल सुविधा मिल सकेगी।

## 8 दिन बाद खुली गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग, राहत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार: गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास बीते आठ दिनों से चल रहे मरम्मत कार्य के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रेलवे द्वारा बीसीएन मशीन से गिट्टी छनाई के बाद जेसीबी से क्रॉसिंग के पास खोदाई कराई गई थी। क्रॉसिंग बंद होने के कारण पश्चिमी क्षेत्रों की ओर जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। सबसे अधिक दिक्कत मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट जाने वालों को हुई। रास्ता बंद होने के चलते उन्हें शव को क्रॉसिंग के पास उतारकर कंधों पर ढोकर घाट तक ले जाना पड़ रहा था। वहीं तिकुनिया पार्क अंडरपास पर लगाए गए हाईट गेज के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली और बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे थे। रविवार को रेलवे विभाग ने सभी कार्य पूरे कर लिए। क्रॉसिंग पर इंटरलॉकिंग बिछाने का कार्य संपन्न किया गया और एसएनटी विभाग ने गेटबूम की मरम्मत की। इसके बाद क्रॉसिंग को खोल दिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली और आवागमन सुचारू हो सका।



गेटबूम की मरम्मत करते एसएनटी कर्मी।

## हाईवे पर पैचवर्क से लगा जाम, घंटों रेंगते रहे वाहन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार: रविवार को एनएचआई द्वारा कानपुर-लखनऊ हाईवे और लखनऊ कानपुर हाईवे पर स्थित पुलों पर पैचवर्क का कार्य कराए जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सुबह से दोपहर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। इससे वीआईपी मूवमेंट और लंबी दूरी के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे अप और डाउन दोनों लेन के पुल पर एक साथ मरम्मत कार्य शुरू किया गया। कार्य के दौरान एक लेन पर मशीनें और संसाधन खड़े कर बेरीकेडिंग लगा दी गई, जिससे मार्ग संकरा हो गया। परिणामस्वरूप वाहनों को एक ही लेन से गुजरना पड़ा, जिससे बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कतें हुईं। दोपहर एक बजे से लेकर शाम चार बजे तक रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान कई बार वाहन रेंगते हुए नजर आए।

# आहुतियां डाल की विश्व कल्याण की कामना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ धाम में दो कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जहा साधकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गायत्री मंत्र जप के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। यज्ञ का संचालन महिला मंडल प्रमुख विमला मिश्रा द्वारा किया गया।

वैदिक ऋचाओं के बीच साधकों ने यज्ञ भगवान और माता गायत्री से सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विजन पर बाताया कि पूज्य गुरुदेव ने गुप्त गायत्री मंत्र को जन-सुलभ बनाकर विश्व भर में शक्तिपीठों की स्थापना की। कार्यक्रम के दौरान आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि शांतिकुंज हरिद्वार से वंदनीय माता जी के सानिध्य में मई माह में भव्य कलश यात्रा जिले में प्रवेश करेगी। यह यात्रा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जन-जागरण करेगी, जिसके स्वागत हेतु कार्यकर्ताओं ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।



यज्ञ में आहुतियां डालते साधक। • अमृत विचार

- शक्तिपीठ धाम में दो कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन

# शहीद गुलाब सिंह ने अंग्रेजों को दी थी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** विकास खंड सरोसी के ग्राम ऐरा भदियार में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम वीर-वीरांगनाओं के बलिदान की कहानियों से भरा पड़ा है। उन्होंने लखनऊ के अमीनाबाद पार्क (झंडावाला पार्क) की ऐतिहासिक घटना का जिक्र करते हुए कहा क्रांतिवीर गुलाब सिंह लोधी ने जिस अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी और झंडा फहराया, वह आज भी हमें रोमांचित करता है। उनकी चतुराई और दूरदर्शिता ही थी कि उन्होंने अंग्रेज सिपाहियों की आंखों में धूल झोंककर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। विधायक ने बताया कि गुलाब सिंह लोधी की इसी क्रांतिकारी घटना के बाद ही अमीनाबाद पार्क को 'झंडावाला पार्क' के नाम से जाना जाने लगा। यह स्थान आज भी उनकी शहादत और आजादी के आंदोलन की रोमांचकारी दास्तां बयां करता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजीत, दीपू सिंह, श्रीराम, रामशंकर लोधी, सतेन्द्र लोधी, धनन्जय सिंह, सुधीर राजपूत, अमृतलाल, रामआसरे, विपल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सदर विधायक।

- सदर विधायक ने जयंती पर अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**आयोजन** | अभ्युदय सेवा संस्थान ने चलाया मेधा सम्मान अभियान

# मेधावियों के घर जाकर किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा मेधा सम्मान अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत संस्थान की टीम ने विभिन्न शिक्षा बोर्डों की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में शानदार अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के घर जाकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा के नेतृत्व में टीम ने मेधावियों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित होने वालों में चारु चौहान, आनंदी निगम, जयवर्धन चौहान, प्रशा यदुवंशी, इतिश चंद्र श्रीवास्तव आदि रहे। डॉ. प्रभात सिन्हा ने कहा कि यह सम्मान बच्चों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। वहीं, वरिष्ठ संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि घर जाकर सम्मानित करने से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। पवन निगम ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की उन प्रतिभाओं को आगे लाना है जो सीमित संसाधनों के बावजूद मिसाल कायम कर रहे हैं। इस अवसर पर राकेश द्विवेदी, आलोक शुक्ल, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अनिल कुमार यादव, अंकित गुप्ता, संजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



मेधावी छात्र को सम्मानित करते अभ्युदय सेवा संस्थान के पदाधिकारी। • अमृत विचार

# प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** विकासखंड सिकंदरपुर करण के ग्राम गौरी त्रिभानपुर में रविवार को ग्राम प्रधान विनोद कुमार द्वारा पंचायत भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के आधा सैकड़ा से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। इस दौरान हाईस्कूल के छात्र मनीष और छात्रा काजल वर्मा ने 87 प्रतिशत तथा छात्र राहुल ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट में छात्रा अनुष्का शर्मा ने 84 प्रतिशत और छात्रा अंशिका वर्मा ने 82.6 प्रतिशत अंक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। ग्राम प्रधान ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर मां सरस्वती की प्रतिमा, पेन व डायरी भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रा अनुष्का और वंदना ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षक प्रदीप भदौरिया, ग्राम पंचायत अधिकारी नवनीत गौतम, शिक्षा मित्र महेश कुमार, नरेंद्रनाथ, रीतेश शर्मा, राम कुमार, शरद व राजू, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाइवे के अंडर पास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में चीखपुकार मच गई। शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण गांव निवासी सुमित (20) पुत्र श्रीपाल मजदूरी करता था। रविवार को वह किसी काम से बदरका आया था। जहां से लौटते समय दोपहर में उन्नाव-लालगंज हाइवे के अचलगंज थानाक्षेत्र के कुरमापुर अंडर पास पर तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर कर सड़क पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों को सूचना देकर पीआरवी से उसे लोहचा सीएचसी लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा गया। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते मां सुषमा व पिता श्रीपाल बदहवाश हो गए। वह तीन भाई बहनों में छोटा था। भाई की मौत बहन जूली भी बेहाल रही। बड़ा भाई सोनू गुजरात में है। भाई की मौत की खबर मिलने पर घर लौट रहा है।



सुमित (फाइल फोटो)



पीएम हाउस में बैठे मृतक टुनटुन के परिजन। अमृत विचार

## मालगाड़ी की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** शौच के लिए जाते समय मालगाड़ी की टक्कर लगने से ईंट भट्ठा श्रमिक की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान करा शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिहार प्रांत के जमुनिहा जिला अंतर्गत सिकंदरा थाना क्षेत्र केमरा गांव निवासी टुनटुन मांझी (20) पुत्र उमेश अचलगंज थानाक्षेत्र के बेथर गांव के पास एक ईंट भट्ठा में रह कर मजदूरी करता था। उसके पिता भी उसी भट्ठा में श्रमिक है। शनिवार रात वह भट्ठा के पीछे से निकली उन्नाव-लालगंज रेलवे ट्रैक पार कर शौच के लिए जा रहा था। तभी किमी संख्या 168 के पास मालगाड़ी की टक्कर से उसकी मौत हो गई। लोको पायलट से मिली सूचना पर स्टेशन मास्टर के मेमो पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर करा उसकी पहचान करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। टुनटुन 6 बहनों में अकेला भाई था। पिता ने बताया कि उसकी शादी हुई थी लेकिन पत्नी करीना से उसका अलगाव हो गया था। बेटे की मौत से मां सोनी भी बेहाल है।

**झपकी लगने खाई में गिरी कार 10 घायलः अतरौली, हरदोईः** अतरौली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अतरौली-संडीला मार्ग पर पेट्रोल टंकी के पास इको कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 10 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सभी को सीएचसी भरावन में भर्ती कराया गया, जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। बताया गया कि सभी लोग औरैया के फफूंद से शोक जताकर लौट रहे थे। सुबह करीब 5 बजे चालक मोहम्मद मुसीर शाह को झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया। घायलों में मुसीर शाह, मोहम्मद जाबिर अली, मोहम्मद असलम, खुदबुद्दीन, मोहम्मद शफीक, हारून अली, जयरूद्दीन, नजीर, इरफान व अकरम अली, शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार असलम, खुदबुद्दीन व इरफान की हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहाते समय नहर में डूबा किशोर, मौत

**औरास, उन्नाव।** साथियों के साथ शारदा नहर में नहाते समय लखनऊ निवासी किशोर की गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने उसका शव नहर से बाहर निकलवाया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना करने पर पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपर्द किया। बता दें लखनऊ कि सहादतगंज थाना क्षेत्र के अंबरगंज मोहल्ला निवासी असाज अहमद (14) पुत्र सावेज अपने साथियों शोएब पुत्र राईस, अरमान पुत्र मन्नान, इस्माइल पुत्र मो. नाजिर, अजमत पुत्र वसीम, मो. असहद पुत्र फकीरे, मो. अखलद पुत्र असलम, मो. आसीम पुत्र रिजवान, अमन पुत्र वसीम के साथ बीती शुक्रवार को रहीमाबाद स्थित तिरगवां मस्जिद में जमात में शामिल होने आया था। जहां से रविवार सुबह सभी दोस्त औरास थाना क्षेत्र के शोभा खेड़ा गांव के बाहर से निकली शारदा नहर में नहाने के लिए आए थे। नहाते समय असाज तेज बहाव में फंस कर डूबने लगा। शोएब ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव में उसका हाथ छूट गया और आसाज देखते-देखते पानी में समा गया। शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम रहे लोग दौड़े और तैराना जानने वाले लोगों ने पानी में छलांग लगा उसे ढूंढने का प्रयास किया। करीब ढाई घंटे बाद तलाश के दौरान लोगों ने उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।



असाज (फाइल फोटो)

## विवाहिता की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार।** शिवगंज निवासी कन्हैया लाल की पत्नी कोमल (23) की 27 अप्रैल को संदिग्धहाल में मौत हुई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पीएम कराया था लेकिन मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा जांच के लिए भेजा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव मूरतपुर चैनपुर निवासी राजेश कुमार पुत्र चतुरी ने बीघापुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बेटी कोमल की शादी 23 नवंबर-2024 को बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवगंज निवासी कन्हैया लाल पुत्र विनोद से की थी। शादी के बाद से ही पति, सास, नाना, ससुर, ननद व नंदोई लगातार 15 लाख की कार व 10 लाख कैश की मांग कर रहे थे। आरोप है कन्हैयालाल ने अपनी मां, सास सुखा देवी, नाना हीरालाल, व बहन, बहनोई संग 25 अप्रैल को कोमल का उत्पीड़न करते हुए मारपीट की।



फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करतीं क्रिकेटर अर्चना राजपूत। अमृत विचार

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बे के गांधी मैदान में नाइट टूर्नामेंट सीजन-1 प्रतियोगिता का उद्घाटन अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता और उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान अर्चना राजपूत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अर्चना राजपूत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह अनुशासन और टीम वर्क भी सिखाता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ही छिपी हुई ग्रामीण प्रतिभाओं को निखार कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का माध्यम बनती हैं। आयोजन समिति ने बताया कि इस सीजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक उचित मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कामिल और युवा नेता जावेद अख्तर रहे।

## रौतापुर में पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के रौतापुर गांव में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। रौतापुर निवासी दिनेश गौतम (26) पुत्र राजबहादुर बंथर स्थित एक शीतल पेय बनाने वाली कंपनी में काम करता था। बीते 16 नवंबर को ही उसकी गंगाघाट कोतवाली के देवारा कलां गांव निवासी रामजीवन की बेटी ममता से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति पत्नी में अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर कहासुनी होती थी। शनिवार को दिनेश की भतीजी का मुंडन था। घर में रिश्तेदार आए थे। इसी दौरान देर रात किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ। इसके बाद ममता दूसरे कमरे में जाकर सो गई। रिश्तेदारों के सामने हुए विवाद से आहत दिनेश घर के ऊपरी मंजिल में बने कमरे में दरवाजा बंद कर साड़ी के फंदे से लटक गया। शंका होने पर परिजनों ने खिड़की से झांक तब उन्हें जानकारी हुई। इस पर दरवाजा तोड़ कर पहुंचे परिजनों ने उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। दिनेश चार भाइयों दीपक, राहुल, छोटू में तीसरे नंबर पर था। बेटे की मौत से मां देवकी का रो रो कर बेहाल है। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया परिजनो ने आपसी कलह में आत्महत्या करने की बात बताई है।

## मारपीट में घायल टेंट व्यवसाई की इलाज के दौरान मौत

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहीखेड़ा गांव में शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने पर टेंट व्यवसाई को उसके पारिवारिक चाचा ने डंडे से पिटाई की थी। परिजन उसका इलाज लखनऊ में करा रहे थे। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। बेटे की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोहीखेड़ा गांव निवासी सुरेश लोधी (55) पुत्र कल्लू का गांव के बाहर शारदा नहर के किनारे टेंट हाउस है। बीती 27 अप्रैल को खाना खाने जाते समय सुरेश को उसके पारिवारिक चाचा शिवकुमार ने रोक कर शराब पीने के लिए रुपये मांगे। इंकार करने पर शिव कुमार ने गाली-गलौज करते हुए सुरेश पर डंडे से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। जिसमें वो गंभीर घायल हो गया था। बेटा प्रेम कुमार ने घायल पिता को सीएचसी लाया। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। हालत न सुधरने पर परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते पत्नी मंजू, बेटियां सीता, संगीता, सुषमा, गुड़िया व बेटे प्रमोद प्रेम बेहाल हो गए। शव लेकर घर लौटे बेटे ने सफीपुर पुलिस को पिता की मौत होने की जानकारी दी।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MUMTAZ था जिसे बदलकर MUMTAZ JAHAN रख लिया है। अब मुझे MUMTAZ JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MAROOF ALI ADD-KHALA BAZAR KOTWALI, HUUSE NO-293/62, PURANA HAIDARGANJ KHANPUR MAU CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 (संस्थागत) अनुक्रमांक 1446030 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 (संस्थागत) अनुक्रमांक 1129971 के प्रमाण पत्र-सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **रोली सिंह पुत्री श्री जंग बहादुर सिंह निवासी- ग्राम- काली प्रसाद का पुरवा, पोस्ट- हसनापुर, जिला रायबरेली (उ0प्र0), पिन- 229121**

**सूचना**

सूचित्र किया जाता है कि मैं RAMESH KUMAR से अपना नाम बदल के RAMESH रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वह पहचान जाए। पुत्र GANGA PRADAD निवासी शाहपुर सरवन उन्नाव का रहने वाला हूं।

**सूचना**

मैं नरेंद्र कुमार आर्मी संख्या - 14661633X रैंक हवलदार पुत्र श्री राजा राम पाल निवासी- जादेपुर घस्सा पोस्ट - दिलीप नगर, पुलिस स्टेशन चौबेपुर, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश-209204 नोटरी गवर्नमेंट कानपुर उत्तर प्रदेश स्टाम्प संख्या- 46AA992952 दिनांक 20 फरवरी 2026 के अनुसार मेरी माता का नाम सीमा देवी व जन्मतिथि- 01 जुलाई 1959 से बदलकर नाम शिवदेवी व जन्मतिथि-11 जून 1962 दर्ज करवा रहा हूं जो कि सही है व आधार नंबर- 771790481908 है।

**आवश्यकता**

पी0आर0 मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पता-नूरपुर बेहटा, किसान पथ, मल्हौर, लखनऊ में बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 05 असि0 प्रो0, प्राचार्य-1 एवं बी0ए0 हेतु (अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, साइकोलाजी) प्रत्येक विषय में एक-एक असि0प्रो0 की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें। मो0- 9076710004, 9076710002। नोट-योग्यता व वेतनमान यू0जी0सी0/ ल0वि0वि0 के अनुसार।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 987981064811 में मेरा नाम गीता देवी पत्नी स्व सूरज सिंह निवासिनी छावनी सरकार (धरखनपुरवा) थाना कोतवाली नगर जिला गोंडा दर्ज है। आधार में दर्ज मेरा नाम गीता देवी गलत है। मेरा वास्तवित नाम माया देवी पत्नी स्व सूरज सिंह सही है। मेरे आधार में दर्ज गीता देवी के स्थान पर मायादेवी दर्ज किया जाना अपेक्षित है। **माया देवी पत्नी स्व सूरज सिंह निवासिनी छावनी सरकार कोतवाली नगर गोंडा।**


## सांसद आज करेंगे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे व्यवस्थाओं को लेकर उठ रही शिकायतों के बीच सोमवार को क्षेत्रीय सांसद जयप्रकाश रावत का दौरा चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल एक पत्र के मुताबिक यह कार्यक्रम तय किया गया है, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद मंडल को संबोधित करते हुए सभी संबंधित रेल अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। सोमवार को सांसद जयप्रकाश रावत हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां चल रहे कार्यों का जायजा लेंगे। खास तौर पर केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की जाएगी। यह योजना देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी रफ्तार को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

## मेला देखने गया बालक लापता

**मल्लावां, हरदोई।** मेला देखने गया बालक लापता हो गया। परिजनों ने खोजबीन की न मिलने पर पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मटियामऊ निवासी अकील खान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव में मेला लगा हुआ है। शनिवार की शाम 7 बजे उसका पुत्र स्वालेह 7 वर्ष घर से मेला देखने के लिए गया था। रात में घर न आने पर उसको सभी जगह रिश्तेदारी मेंभी खोजबीन की कही भी पता नहीं चल सका है। कोतवाल विद्यासागर पाल ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर बालक की खोजबीन कराई जा रही है।

## खाई में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** बाग की रखवाली करने घर से निकले अधेड़ का शव खाई में पड़ा हुआ देखा गया। उसके सिर और पेट के हिस्से पर चोट के निशान थे। पुलिस का कहना है कि अधेड़ नशे का आदी था। वह हादसे का शिकार हुआ। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है। बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के भैनगांव निवासी 58 वर्षीय दुलारे पुत्र हुलासी हत्याहरन में एक बाग की रखवाली करता था। शनिवार की शाम को वह रोज़ की तरह घर से निकला था। रविवार की सुबह उसका शव भैनगांव के रास्तें में पड़ने वाली खाईं में पड़ा हुआ था। बेनीगंज के उल्जा गांव निवासी उसके दामाद मनसुख ने बताया कि उसके ससुर के सिर के पीछे और पेट के हिस्से में चोट देख कर ऐसा लग रहा कि उसकी हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## झुलसी बेटी की मौत के बाद मां ने भी तोड़ा दम

**हरदोई, अमृत विचार।** मकान में अचानक लगी आग से धमाका हुआ और दीवारे तक दरक गई। हादसे में कमरें में सो रही मां-बेटी बुरी तरह झुलस गई जिन्हें सीएचसी से मेडिकल कालेज और वहां से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया जहां 28 अप्रैल की सुबह बेटी की मौत हो गई थी, जबकि शनिवार को उसकी मां ने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि बिलग्राम कोतवाली के अलियापुर निवासी रामू दिल्ली में नौकरी करता है, उसकी 34 वर्षीय पत्नी बेबी और 6 साल बेटी संध्या गांव में, जबकि बेटा निखिल ननिहाल में रह कर पढ़ाई करता है। रामू की बहन ममता की 20 अप्रैल को शादी थी, वह 12 अप्रैल को दिल्ली से आया था। 22 अप्रैल की रात रामू, उसकी पत्नी व बेटी संध्या कमरे में सो रही थी उसी बीच बिजली गुल होने पर रामू छत पर सो गया। इस बीच कमरे में आग लग गई।

## रसमलाई को लेकर कैटरर को पीटा

**हरदोई, अमृत विचार।** शादी समारोह के दौरान रिसोर्ट के मालिक का बेटा अपने साथियों के साथ पहुंचा, आरोप है कि ज़बरदस्ती रसमलाई निकालने पर कैटरर (खान-पान प्रदाता) ने एतराज़ जताया, बस फिर क्या था, रिसोर्ट मालिक के बेटे ने साथियों के साथ उसकी ऐसी पिटाई की कि उसकी खाल उधेड़ ली। तहरीर देते ही पुलिस ने गहराई से छानबीन शुरु कर दी। बताया गया है कि पिहानी के मोहल्ला मिश्राना निवासी रामजी जोशी पुत्र रामकिशोर जोशी कैटरर (खान-पान प्रदाता) का काम करता है। 29 अप्रैल को मिश्राना निवासी शुभम वाजपेई के घर शादी थी, समारोह शाहाबाद रोड पर एक रिसोर्ट में चल रहा था। रामजी जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रिसोर्ट मालिक लकी शर्मा का बेटा वंश शर्मा अपने साथियों वैभव मिश्रा, राजन मिश्रा, प्रिंस, रिसोर्ट का चौकीदार महेश, मुन्ना, आशु, अलीम और अनुराग तिवारी के साथ वहां पहुंच कर ज़बरदस्ती रसमलाई निकालने लगा, कैटरर रामजी जोशी ने एतराज़ जताते हुए ऐसा करने से रोका, बस उसी से बात ऐसी बिगड़ी कि आरोपी लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुए खाल उधेड़ कर रख दी। इस बारे में हल्का इंचार्ज आशीष त्यागी ने बताया है कि तहरीर आई है, पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

## सतर्कता से बची किशोर की जान

**हरदोई, अमृत विचार।** अमृतसर से सहरसा की ओर जा रही 12204 गरीब रथ एक्सप्रेस में एक सजगता भरा मामला सामने आया, जिसने एक किशोर को सुरक्षित हाथों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यात्रा के दौरान ट्रेन टिकट एग्जामिनर (टीटीई) मनीष वाजपेई की नजर एक संदिग्ध स्थिति में बैठे किशोर पर पड़ी। किशोर के हावभाव और अकेले सफर करने के तरीके ने उनका ध्यान खींचा, जिसके बाद उन्होंने उससे बातचीत शुरू की। पूछताछ में किशोर ने पहले अपना नाम गलत बताया और खुद को बिहार का निवासी बताया। हालांकि बातचीत के दौरान उसके जवाबों में असमंजस साफ नजर आया। थोड़ी और समझाइश के बाद उसने स्वीकार किया कि वह घर से नाराज होकर बिना बताए निकल आया है।

# पोस्टर ऑनलाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के नवें सीज़न का पोस्टर लॉन्च गौरी नगर स्थित अविनाश मिश्रा के आवास पर किया गया। पोस्टर लांच मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री अनुराधा मिश्रा द्वारा हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों के सम्यक बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कहा, ये ऑनलाइन प्रतियोगिताएं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए डिजिटल इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देती हैं। मुख्य आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि ऑनलाइन प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय स्तर पर 1 जून से 30 जून तक आयोजित की जाएंगी। जिनका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्यशाला सा अनुभव देकर उनकी प्रतिभा को आकार देना है। बताया, विभिन्न वर्गों में नृत्य, गायन, एक्टिंग, रील मेकिंग, फैंसी ड्रेस, मॉडलिंग, चित्रकला, मेहंदी, कहानी लेखन व भाषण सहित 10 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिनके माध्यम से विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागी घर बैठे ही प्रतिभाग कर पाएंगे। गायन, नृत्य व मॉडलिंग प्रतियोगिता में 35 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों का रुझान देखते हुए वरिष्ठ वर्ग भी बनाया गया है। प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक उस विधा के जानकार ही रहेंगे ताकि प्रतिभागियों को उनसे मिलने वाली जानकारी से अधिकाधिक लाभ मिल सके। प्रतियोगिताओं में 31 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के द्वारा प्रवेश लिया जा सकता है।



पोस्टर लांच करते समिति के लोग। अमृत विचार

## नाली विवाद में युवती से मारपीट, केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विन्धौरी नेवादा में नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने एक 19 वर्षीय युवती के साथ मारपीट कर दी और उसका गला दबाने की कोशिश की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अजय पाल पुत्र सिरदार की पुत्री अन्सुमा 29 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे घर के बाहर साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही रामवीर, भूरा, पिन्टू पुत्र महिपाल व महिपाल पुत्र चेतराम नाली की सफाई को लेकर विवाद करने लगे और कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरोपियों ने युवती को धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की और गला दबा दिया। घटना में युवती को गर्दन व शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं। परिजन इलाज में व्यस्त रहने के कारण देरी से कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तार जोड़ रहे युवक की करंट लगने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर में बिजली का तार जोड़ रहा युवक अचानक करंट की चपेट में आते ही गिर कर तड़पने लगा, उसे वहां से उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इस तरह का हादसा रविवार की सुबह लोनार थाने के बिस्कुला गांव में होना बताया गया है, पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि लोनार थाने के बिस्कुला गांव निवासी 37 वर्षीय राम शरण पुत्र रामकुमार ई-रिक्शा चला कर पत्नी माधुरी के अलावा एक बेटा और दो बेटियों के साथ गुज़र कर रहा था। उसकी इकलौती बहन अंजू ने बताया कि उसके चार भाइयों में रामशरण अकेला बचा था, तीन भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी थी। रामशरण रविवार की सुबह घर में बिजली का तार जोड़ रहा था, उसी बीच वही तार टूट कर उसके हाथ पर गिरा, जिससे रामशरण करंट की चपेट में आ गया। भाई की मौत पर उसकी इकलौती बहन का रो-रो कर बुरा हाल है, उधर उसकी पत्नी माधुरी और तीनों बच्चे रोते-रोते बेहाल हो गए।



वाहन चेक करते अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण। अमृत विचार

## एएसपी के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान

**शाहाबाद, हरदोई।** सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा की दृष्टि से शनिवार की शाम को आंझी रेलवे स्टेशन के निकट सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद में अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण के नेतृत्व में मझिला और शाहाबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के निकट आलमनगर मोड़ पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। सहायक पुलिस अधीक्षक नारायण ने बताया पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर उनके सर्किल में जनमानस की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए जगह जगह सघन चेकिंग अभियान चलाया जाता है। चेकिंग अभियान चलाये जाने से अपराध और दुर्घटनाओं पर काफ़ी नियंत्रण पाया गया। चेकिंग के दौरान बाइक सवारों और चार पहिया वाहन चालकों को उनकी सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट और सीट बेल्ट बांध कर चलाने के लिए जागरूक किया जाता है। चेकिंग के दौरान संदिग्ध चीजों को बरामद कर वाहन को सीज किया जा रहा है।


**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक** एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, ग्राउंड और पहली मंज़िल, सर्वे नं. 10/1,11/2 और 12/2बी, डोमलूर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, EGL बिज़नेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बैंगलोर-560071.

**सोने के आभूषणों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

नीचे दिए गए उधारकर्ता ने कई बार याद दिलाने के बावजूद, निर्धारित समय के भीतर ऋण का भुगतान नहीं किया और न ही सोने के आभूषणों को छुड़ाया है। उक्त ऋण खातों के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं के नाम पर हमारे शाखा परिसर में 21.05.2026 को सुबह 10:30 बजे सार्वजनिक/ऑनलाइन/निजी नीलामी में बेचा जाएगा। जो भी व्यक्ति इसमें भाग लेना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे शाखा से संपर्क करें। बैंक को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। कृपया ध्यान दें कि यदि नीलामी उसी दिन पूरी नहीं हो पाती है, तो यह अगले दिनों में भी उन्हीं नियमों और शर्तों के साथ जारी रहेगी। यदि ग्राहक का निधन हो चुका है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें नामित व्यक्ति कानूनी वारिस पर लागू होंगी। उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी की तारीख से पहले तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान कर दें, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण बेच दिए जाएंगे और यदि कोई बकाया शेष रहेगा तो उसे ब्याज व लागत सहित वसूल किया जाएगा। किसी भी जानकारी या नियम एवं शर्तों के लिए शाखा से संपर्क करें। शाखा के पते के विवरण के लिए वेबसाइट www.janabank.com पर जाएँ।

| क्र0 सं0 | ऋण खाता संख्या | ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता का नाम | गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों का कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 46058730010261 | राहत गुलजार | 3.96 |
| 2 | 46058740000631 | उबेस हुसैन | 12.99 |
| 3 | 46058740000924 | सचिन यादव | 8.98 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ए/जी-10, 12, 13, 14, ग्राउंड फ्लोर, फ्रेंड्स टावर, 41/4-ए, हरि पर्वत वार्ड, संजय पैलेस, आगरा, उत्तर प्रदेश-282002 | | | |
| 4 | 46148730025546 | रजनीश रजनीश | 9.85 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, जीएफ, सी-26/35-डी, रामकटोरा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-211001। | | | |
| 5 | 40518740000027 | शिवम एस | 8.8 |
| 6 | 30688730066210 | प्रदीप कुमार | 3.4 |
| 7 | 30688740002442 | आरिफ ए | 57.7 |
| 8 | 30688740002455 | आरिफ ए | 65.2 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड और पहली मंज़िल, बिल्डिंग नंबर 3, नवयुग मार्केट, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | | | |
| 9 | 32898730090552 | सद्दाम हुसैन | 8.13 |
| 10 | 32898730090947 | अनीता देवी | 10.14 |
| 11 | 32898730091338 | मुवीना | 8.12 |
| 12 | 32898730091466 | इरफान एम | 5.15 |
| 13 | 46098740000767 | रवि कुमार | 126.57 |
| 14 | 46098740000780 | ललित यादव | 10.92 |
| 15 | 46098740000872 | नंदिनी | 15.98 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, अरुंदीप बिल्डिंग, डी-45, पॉकेट डी, राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, गाज़ियाबाद-201001, उत्तर प्रदेश | | | |
| 16 | 32238730040172 | शाहिद अंसारी | 13.35 |
| 17 | 32238730040350 | विवेक मिश्रा | 20.93 |
| 18 | 32238730040525 | देवव्रत यादव | 17.87 |
| 19 | 31298730011367 | अजय सक्सेना | 5.53 |
| 20 | 32238730040794 | अंगद कुमार चौहान | 11.65 |
| 21 | 32238730040860 | दीपक मद्धेशिया | 8.88 |
| 22 | 31328730015520 | शालू तिवारी | 5.82 |
| 23 | 30858730006106 | सुरेंद्र ओ | 2.98 |
| 24 | 30858740000104 | रजनीश कुमार | 9.81 |
| 25 | 31298740001062 | अंकित राजपूत | 17.19 |
| 26 | 46108740000192 | तुंग पाल सिंह | 15.18 |
| 27 | 31328740001051 | मोहम्मद इमरान | 43.63 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, साइबर हाइट्स बिल्डिंग, दुकान संख्या जी-01, म्युनिसिपल नंबर टी सी/जी-2/2 और टी सी/जी-5/5, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)-226010 | | | |
| 28 | 46628730022462 | नितेश कुमार गुप्ता | 9.3 |
| 29 | 46628730022509 | सुजीत गुप्ता | 6.1 |
| 30 | 46628730022587 | कमलेश कुमार | 10.1 |
| 31 | 46628730022551 | जेम्स | 7.1 |
| 32 | 46628730022590 | सोनू पटेल | 13.5 |
| 33 | 46628730022692 | मिनी श्रीवास्तव | 21.9 |
| 34 | 46628740000580 | भीम भीम | 30.9 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, लारी मंजिल, छावनी कसिया रोड, पंडरौना-274304, भारत | | | |
| 35 | 31238730016203 | सुनील कुमार गौर | 4 |
| 36 | 31238740001228 | अनीता कुमारी | 16.93 |
| 37 | 46078740000842 | सौरभ श्रीवास्तव | 27.66 |
| 38 | 46078740000902 | सुधा सिंह | 28.86 |
| 39 | 31238740001827 | संजीव मिश्रा | 9.56 |
| 40 | 46078740000928 | सुनीता जायसवाल | 12.17 |
| 41 | 46078740000931 | आदित्य अग्रहरि | 14.78 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, भूतल, कार्यालय परिसर का एक भाग सं. 66/2बी/2ए, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल स्टेशन, इलाहाबाद-211002. | | | |
| 42 | 40588740000015 | दीपक सो नरेश चंद | 22.5 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर एच 1 ए/26, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301. | | | |
| 43 | 32898730073981 | अंकुर त्यागी | 9.9 |
| 44 | 32898730074560 | योगेश कुमार | 19.4 |
| 45 | 32898730086992 | पुनीत पी | 4.7 |
| 46 | 32898730090029 | नीतू अशोक | 11.7 |
| 47 | 32898730090335 | अनीस सिराजुद्दीन | 7.1 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, पहली मंज़िल, बिल्डिंग नंबर 10-ए, बलराम नगर, लोनी, गाज़ियाबाद-201102, भारत। | | | |
| 48 | 31238740001688 | जबीर अली | 8.78 |
| 49 | 31238740001725 | दिलीप कुमार पांडेय | 4.89 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, 326ए/167ए, बाई का बाग, इलाहाबाद-211003, भारत। | | | |
| 50 | 31298740000990 | कफील के खान | 19.15 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, दूसरी मंज़िल, 35-ए/8, रामपुर गार्डन, प्रभा सिनेमा के सामने, बरेली-243001, उत्तर प्रदेश, भारत | | | |
| 51 | 31328160005656 | धीरज शाही | 135.3 |
| 52 | 31328740000877 | अमृत श्रीवास्तव | 5.96 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, 16बी, 17, एल एन वाटिका बिल्डिंग, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के बगल में, बैंक रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273001. | | | |
| 53 | 49198740000112 | सोनू भाटी | 80.5 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर एच 1 ए/26, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301. | | | |
| 54 | 30688730066312 | पिंकी पी | 9.15 |
| 55 | 30688740002175 | सितांशु त्यागी | 12.2 |
| 56 | 30688740002264 | खालिद | 12.99 |
| 57 | 30688740002330 | राम कुमारी | 39.85 |
| 58 | 30688740002403 | शाहजाद एस | 46.15 |
| 59 | 30688740002481 | सैफ अली | 89.6 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, सं. 100, पहली मंज़िल, न्यू आर्य नगर, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001. | | | |
| 60 | 49180670000017 | संगीता नेगी | 155.03 |
| 61 | 49188740000050 | गिरीश कृष्णा | 27 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, नोएडा सेक्टर-18, दादरी, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301। | | | |
| 62 | 32708730003943 | सलीम एस | 5.08 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, दुकान संख्या जीएफ 39ए, जीएफ40, पीवीएस मॉल, शास्त्री नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250004. | | | |

स्थानः उत्तर प्रदेश
दिनांकः 04.05.2026

अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## न्यूज ब्रीफ

### राशन लेने गए ग्रामीण को दबंगों ने पीटा

**शाहाबाद, हरदोई।** राशन लेने गए एक ग्रामीण को गांव के ही कुछ दबंगों ने लात, घूसों एवं डंडों से पीटा। कोटेदार ने अपनी दुकान में बंद करके ग्रामीण की जान बचाई। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी धनवीर सिंह पुत्र इंस्पेक्टर सिंह के अनुसार रविवार को सुबह 8:00 बजे वह राशन की दुकान पर गया था। उसी समय गांव के पुनीत पुत्र इरमान, शिवराम पुत्र महाराज सिंह और रामकुमार पुत्र लोकेश, अजय पुत्र लोकेश ने पुरानी रंजिश के चलते उसे गंदी-गंदी गालियां दी। गालियां देने का विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने लात-घूसों और लाठी डंडों से पीटना प्रारंभ कर दिया। तब वह कोटेदार रिशिपाल पुत्र बुधपाल की दुकान की ओर भागा तो कोटेदार ने उसे अपनी दुकान में बंद कर लिया। पीड़ित धनवीर ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने भाई के हत्यारे को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** शराब के नशे में धुत होकर भाई की हत्या करने वाले भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते दिवस थाना कासिमपुर के ग्राम बनियनखेड़ा निवासी ब्रजेश की शराब के नशे में उसके छोटे भाई सूरज ने लाठी-डंडे से पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही वह काफी समय से फरार चल रहा था जिसकी काफी समय से पुलिस को तलाश थी। इस बीच पुलिस ने काफी कोशिश के बाद घटना में प्रयुक्त डंडे सहित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया।

# पत्नी और बच्चों को बचाने में खुद की गई जान, दीवार के नीचे दबकर मौत

## तेज आंधी और बारिश के दौरान हुआ हादसा, रेस्क्यू कर मलबे से निकाला गया शव


घटना के बाद रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार


आंधी और बारिश के दौरान सड़क पर टूटकर गिरे पेड़। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई, शाहाबाद

**अमृत विचार।** युवक पत्नी और बच्चों के साथ आंगन में सो रहा था। उसी बीच अचानक तेज आंधी और बारिश के आने से उसने पत्नी और बच्चों को वहां से हटा दिया। वह अपना बचाव करता उसी बीच पड़ोसी की पक्की दीवार उसके ऊपर गिर पड़ी। हादसा होता देख पत्नी व बच्चे चिल्लाने लगे। आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े जिन्होंने रेस्क्यू शुरू किया। काफी देर बाद उसे मलबे से बाहर निकाला गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। इस तरह का हादसा शाहाबाद कोतवाली के नगला गनेश में शनिवार की आधी रात में होना बताया गया। बताया गया है कि नगला गनेश निवासी 42 वर्षीय रावेश पुत्र खेमकरन मेहनत मजदूरी कर पत्नी मंजू, दो बेटियों खुशबू व रिया और एक बेटे हिमांशु का पेट पाल रहा था। उसके चचेरे भाई आशाराम ने बताया कि रावेश शनिवार की रात पत्नी व बच्चों के साथ आंगन में सो रहा था। पास में उसके जानवर बंधे हुए थे। आधी रात करीब ढाई तीन बजे अचानक तेज आंधी और पानी आ गया। रावेश ने पत्नी-बच्चों और जानवरों को कोठरी की तरफ भेजा और खुद सामान समेटने लगा। उसी बीच उसके मुकेश की दीवार उसके ऊपर गिर पड़ी। आवाज सुनकर पत्नी व बच्चे चिल्लाने लगे। आस-पड़ोसी दौड़कर पहुंचे और रावेश का रेस्क्यू शुरू कर दिया। मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला गया लेकिन उससे पहले मौत हो चुकी थी। इसका पता होते ही पुलिस और राजस्व टीम ने वहां पहुंचकर जांच करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### बेमौसम बारिश : राहत कम, आफत ज्यादा

**हरियावां, हरदोई।** मई की शुरुआत में हुई बेमौसम बारिश आम लोगों के लिए राहत कम और आफत ज्यादा बनकर सामने आई। शनिवार की रात आई तेज आंधी और बारिश से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत जरूर मिली लेकिन किसानों, बागवानों और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई। तापमान में गिरावट से मौसम सुहाना हुआ पर तेज हवाओं ने कई जगह टीनशेड, छप्पर और अस्थायी ढांचे उखाड़ दिए जिससे ग्रामीण इलाकों में नुकसान हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश किसानों के लिए सबसे बड़ी चिंता बन गई है। गेहूं की कटाई और मड़ाई के बाद खेतों में पड़ा भूसा लगातार दूसरी बार भींगने से खराब होने की कगार पर पहुंच गया है। इससे पशुओं के चारे का संकट गहराने लगा है। तेज आंधी ने आम की तैयार फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया। पेड़ों से बड़ी मात्रा में कच्चे आम झड़ने से बागवानों को आर्थिक चोट लगी है। बेमौसम बारिश के साथ आई आंधी ने बिजली व्यवस्था की पोल भी खोल दी। शनिवार रात से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है और करीब 12 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। गांवों में अंधेरा छाया रहा और पेयजल संकट भी गहराने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की हवा या मामूली बारिश में भी बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है जिससे हर बार घंटों कटौती झेलनी पड़ती है। स्थानीय निवासी चंदन मिश्रा ने बताया कि बिजली गुल होने से रातभर लोग गर्मी, अंधेरे और परेशानी से जूझते रहे। किसान रामऔतार मिश्र ने बताया कि गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन खेत में पड़ा भूसा और बिजली संकट दोनों चिंता बढ़ा रहे हैं। उधर, विद्युत कर्मियों के लाइन दुरुस्त करने के प्रयास जारी हैं लेकिन ग्रामीणों ने जल्द बिजली बहाली की मांग की है।

### किशोर को दी जान से मारने की धमकी

**बिलग्राम, हरदोई।** ग्राम छिवरामऊ में देर रात एक किशोर से मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने रास्ते में रोककर पैसे मांगे और इंकार करने पर मारपीट करते हुए उसकी जेब से नकदी छीन ली। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। अनीता पत्नी स्वर्गीय नरेश का 17 वर्षीय पुत्र सीताराम 29 अप्रैल की रात करीब 11 बजे अपने बाबा की दुकान से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के वड़े पुत्र कल्लन और रघुवीर ने उसे रास्ते में रोक लिया और रुपये मांगने लगे। आरोप है कि मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए किशोर का गला दबाया और उसके साथ मारपीट की। बताया गया कि आरोपियों ने किशोर की जेब से करीब दो हजार रुपये निकाल लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।


सिलेंडर लेने के लिए एकत्रित हुए उपभोक्ता। अमृत विचार

### बिना सिलेंडर मिले ही आ रहा डिलेवरी का मैसेज

**बिलग्राम, हरदोई।** नगर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच बिलग्राम स्थित इंद्रा इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर उपभोक्ताओं ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आरोप है कि एजेंसी पर घंटों लाइन में लगकर केवाईसी करानी पड़ती है जिसमें करीब 190 रुपये लेकर पाइप थमाया जाता है और पर्ची काट दी जाती है। इसके बावजूद समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि कई उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर मिले ही मोबाइल पर डिलीवर का मैसेज प्राप्त हो रहा है। मजबूरी में कई लोग बाजार से महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को विवश हैं जहां कीमत लगभग 2000 रुपये तक पहुंच गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया जाता। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# फसल बर्बाद होने के बाद सदमें में की आत्महत्या, पेड़ से लगाई फांसी

**दु:खद**

- मझिला थाने के मजहा मजरा पारा का मामला, परिजन बदहवास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आंधी और पानी में गेहूं की सारी फसल बर्बाद होते देख सदमें में आया किसान पूरे दिन भूखे पेट रहा और शाम को गांव के बाहर बबूल के पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। नाले के किनारे बबूल के पेड़ से उसका शव लटकता देख गांव में कोहराम बरपा हो गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।


शामीन (फाइल फोटो)

बताया गया है कि मझिला थाने के मुजहा मजरा पारा निवासी 31 वर्षीय शामीन पुत्र रईस अपने घर का अकेला था। वह खेती-बाड़ी कर जीवनयापन कर रहा था। उसके परिवार में पत्नी शादमा के अलावा दो बेटी और एक सात महीनें का बेटा है। आंधी-पानी की चपेट में आने से उसकी गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी थी तभी से वह उलझा हुआ रहता था। शनिवार को वह सारे दिन घर नहीं पहुंचा। पत्नी शादमा ने उसे खाना खाने के लिए कई बार बुलवाया लेकिन वह घर नहीं आया। उसी दौरान गांव वालों से पता चला कि शामीन का शव गांव के दक्षिण नाले के किनारे खड़े बबूल के पेड़ में लटक रहा है। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। उसके बहनोई मुसाफिर अली ने बताया कि शामीन ने कड़ी मेहनत से फसल तैयार की जो आंधी-पानी में बर्बाद हो गई। उधार चुकाने की फिक्र उसे खाए जा रही थी। उसी के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक ने घर में गमछे से फांसी लगाकर दी जान

- खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची बहन ने लटकता देखा शव

संवाददाता हरदोई

**अमृत विचार।** गुजरात में नौकरी कर रहे युवक ने अपने कमरे में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


सचिन (फाइल फोटो)

इसका पता तब चला जब उसकी बहन खाना खाने के लिए उसे बुलाने पहुंची। भाई का शव लटका हुआ देखकर वह चिल्लाने लगी।

बताते हैं कि इससे पहले उसके पिता ने भी इसी तरस आत्महत्या की थी। सांडी थाने के कसहा मजरा नोनखारा निवासी 23 वर्षीय सचिन पुत्र रामप्रताप गुजरात में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। चाचा पवन ने बताया कि सचिन 24 अप्रैल को अपने दोस्त विवेक की बहन की शादी में शामिल होने के लिए आया हुआ था। 29 अप्रैल को तिलक हुआ। पांच मई को शादी है। शनिवार की शाम सचिन अपने कमरे में था।

तकरीबन सात बजे बहन शोभा ने उसे खाना खाने के लिए आवाज़ दी लेकिन उसका कोई जवाब न आने पर वह उसे बुलाने पहुंची। कमरे के अंदर सचिन का फांसी पर लटकता हुआ शव देख कर वह चिल्लाने लगी। शोर सुनकर सारे लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पूछताछ की। इस बीच बताया गया है कि मां की मौत के बाद पिता ने साल 2019 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी तब से घर की सारी ज़िम्मेदारी सचिन ही संभाल रहा था। उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### घर के अंदर महिला का लटकता शव देख मचा हड़कंप, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

**हरदोई, अमृत विचार।** एक 35 वर्षीय महिला का शव उसके घर के अंदर फांसी पर लटकता देख वहां कोहराम बरपा हो गया। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। पुलिस शव कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। वहीं फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जैसा कि बताया गया है कि रविवार को बघौली थाने के मरेउरा गांव में एकाएक कोहराम बरपा हो गया। पता चला कि राजू सिंह की 35 वर्षीय पत्नी अंकिता का शव घर के अंदर फांसी पर लटक रहा है। इतना सुनते ही वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए इस बाबत पूछताछ कर रही है। वहीं फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई। कहा जा रहा है कि अंकिता ने आत्महत्या की जबकि कुछ लोग अलग तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है।


सहोरा गांव में मौके पर जुटी भीड़। अमृत विचार

### युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सहोरा गांव में रविवार को दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के जोगेंद्र यादव (27) पुत्र वेदराम यादव का शव गांव के निकट एक आम के पेड़ से लटका पाया गया। युवक का शव अंगौछे के सहारे पेड़ से लटकता देख सनसनी फ़ैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली शाहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को नीचे उतरवाया। जोगेंद्र शादीशुदा बताया जा रहा है। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का मामला मान रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है परिजनों की ओर से कोई तकलीफ नहीं दी गई। फिलहाल आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत


सत्यपाल (फाइल फोटो)

**हरदोई, अमृत विचार।** अचानक बीमार हुए युवक को उसका चचेरा भाई उसे इलाज के लिए सीएचसी साण्डी उठा ले गया लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बीमारी बताने के बाद भी डाक्टर कन्फ्यूज हुए और उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। बताया गया है कि हरपालपुर थाने के करनपुर मतनी निवासी 43 वर्षीय सत्यपाल पुत्र राम नारायण खेती-बाड़ी करता था। उसके परिवार में पत्नी अनीता देवी के अलावा तीन बेटे प्रशुभ, पुरुषोत्तम और उत्तम है। इन दिनों अनीता बच्चों के साथ मायके में है। सत्यपाल के चचेरे भाई नकुल ने बताया कि शनिवार को अचानक सत्यपाल बीमार हो गया। वह उसे सीएचसी साण्डी उठा ले गया जहां पहुंचते ही मौत होने पर डाक्टर ने प्वाइजनिंग बताई जबकि वह बार-बार बीमारी का दावा करता रहा। बकौल नकुल कन्फ्यूज हुए डाक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### जलजीवन मिशन के टेक्नीशियन की मौत


बबलू उरावं (फाइल फोटो)

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने बुद्ध पूर्णिमा वाले दिन भाजपा दफ्तर के पास बेहोश पड़े युवक को मेडिकल कालेज पहुंचाया लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। तलाशी के दौरान उसके पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और जलजीवन मिशन परियोजना में टेक्नीशियन की नौकरी करता था। जैसा कि गया शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा वाले दिन कांस्टेबिल सौरभ कुमार ने 41 वर्षीय युवक को भाजपा दफ्तर के पास से बेहोशी की हालत में मेडिकल कालेज पहुंचाया लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। आधार कार्ड से पता चला कि युवक बब्लू उरावं पुत्र रोविल उरावं निवासी विनौड़ी टी गार्डन, जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल जलजीवन मिशन परियोजना के मकान में रह कर टेक्नीशियन की नौकरी करता था। इसका पता होते ही शनिवार की देर रात पश्चिम बंगाल से आए उसके बेटे आलोक उरावं ने बताया कि उसके पिता एक महीने पहले छुट्टी में घर गए थे। उसके परिवार में मां फगन उरावं और एक छोटी बहन अनु उरावं है। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराकर शव पश्चिम बंगाल से आए उसके घर वालों के सुपुर्द कर दिया।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई नीट की परीक्षा


परीक्षा केंद्र पर अपना रोल नंबर देखते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** नीट की परीक्षाएं कई परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए खुफिया पुलिस भी सक्रिय रही। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो व इंटरनेट की दुकानें बंद रहीं। नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो इसके लिए यातायात पुलिस भी सक्रिय रही। कहीं पर जाम की स्थिति न बने इसलिए पुलिस चौराहों पर सक्रिय दिखी। परीक्षा शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न हुई। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा कर्मी लगाए गए थे।

# बहन की मौत, साली ने जीजा पर लगाया हत्या करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** ननद के घर से शादी से लौटी उसकी भाभी की तबीयत बिगड़ी और मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। पति ने पेट दर्द बताया जबकि उसकी साली ने पिटाई करते हुए जहर दे कर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि हरियावां थाने के भदेउरा निवासी सर्वेश खेती-बाड़ी करता है। परिवार में पत्नी रामदेवी के अलावा चार बेटियां और एक बेटा है। 23 अप्रैल को सर्वेश की भांजी की शादी थी। सभी जहानीखेड़ा गए हुए थे। सर्वेश पत्नी के साथ घर लौट आया था। शनिवार को रामदेवी घर में अकेली थी। इस दौरान रामदेवी की हालत बिगड़ गई। सर्वेश ने बताया कि शाम को घर पहुंचा जहां रामदेवी बेहोश पड़ी थी। उसे सीएचसी हरियावां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सर्वेश का कहना है रामदेवी अरसे से पेट दर्द और बुखार से परेशान थी। उधर रामदेवी की बहन पूनम ने आरोप लगाया कि उसका जीजा शराब पीकर बहन रामदेवी को पीटता था। उसने शनिवार को पिटाई करते हुए जहर दे दिया।


रामदेवी (फाइल फोटो)

### गर्लफ्रेंड के चक्कर में पत्नी की पिटाई

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने पेशे से डाक्टर पति के खिलाफ पत्नी से क्रूरता करते हुए उसे चोंट पहुंचाना और जानबूझ कर अपमानित करने का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है, दी गई तहरीर मे. आरोपी पति की गर्लफ्रेंड के साथ उसकी बहन, मां-बाप और छोटे भाई के ऊपर भी आरोप लगाते हुए केस में शामिल किया गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। लखनऊ जानकीपुरम सेक्टर-जी थाना गुडम्बा निवासी राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को दी तहरीर में कहा कि उसकी बेटी शिल्पी की शादी कोतवाली शहर के मोहल्ला सुभाष नगर कौशलपुरी निवासी डा. मयंक प्रताप सिंह से की थी, शिल्पी की दो बेटियां हैं। जैसा कि तहरीर में आगे कहा है कि पति-पत्नी हंसी-खुशी रह रहे थे, उसी बीच डा. मयंक की गर्लफ्रेंड बीच में आ गई। उसी के भड़काने पर डा. मयंक शिल्पी को मारने-पीटने लगा।

### दो दिवसीय सामूहिक दहेज रहित विवाह समारोह आज से

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** श्री यज्ञसेनी वैश्य (हलवाई) समाज जन कल्याण समिति के तत्वावधान में दहेज प्रथा के खिलाफ एक सराहनीय पहल करते हुए दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन सोमवार व मंगलवार को आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष विमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि समारोह का आयोजन आरआर इंटर कॉलेज, नघेटा रोड में किया जाएगा, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को समाप्त करना तथा सरल और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। समिति के वरिष्ठ संरक्षक नरेश चन्द्र नन्हे एवं संयोजक मंडल के सदस्य कृपा शंकर गुप्ता, राम सेवक आर्य, रतन बाबू गुप्ता, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगा। समिति के स्थायी सदस्यों में अनिल गुप्ता उपाध्यक्ष, अनूप कुमार गुप्ता व्यवस्था मंत्री, महिला मंडल की ओर से सुमन गुप्ता उपाध्यक्ष, रेखा गुप्ता कोष सहयोगी, प्रीति गुप्ता मंच संचालिका, बीनू गुप्ता मंत्री एवं ज्योति गुप्ता सह मंत्री, आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### पेशी से लौट रहे बाइक सवार की हादसे में मौत, मौसेरा भाई और दोस्त घायल

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** युवक 14 साल पुराने मारपीट के मुकदमें की पेशी करने के बाद अपने मौसेरे भाई और दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था, उसी दौरान साण्डी रोड पर ज्ञानपुरवा के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, जहां से उन्हे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, वहां युवक की देर रात में मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।


आशीष (फाइल फोटो)

बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के भौरहा मजरा मदनापुर निवासी 25 वर्षीय आशीष शनिवार को 14 साल पुराने चल रहे मारपीट के मुकदमें की पेशी पर कचहरी आया हुआ था। देर शाम वह कोतवाली शहर के कौथेलिया निवासी अपने 26 वर्षीय मौसेरे भाई शशिकपूर उर्फ पप्पू और गांव निवासी 30 वर्षीय दोस्त रघुवीर के साथ बाइक से वापस जा रहा था, रास्तें में साण्डी रोड पर ज्ञानपुरवा के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक सवार ज़ख्मी हो गए, जिन्हे सीएचसी साण्डी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, जहां देर रात में आशीष की मौत हो गई। आशीष के बड़े भाई राजवीर ने बताया कि आशीष के परिवार में पत्नी पूनम देवी और दो बेटे है। पुलिस जांच कर रही है।

# काव्य कृति प्रिय मुझे पहचान लेना का विमोचन

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को वरिष्ठ साहित्यकार सीमा गुप्ता 'असीम' की चतुर्थ काव्य कृति 'प्रिय मुझे पहचान लेना' का विमोचन समारोह संस्था के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सुकवि उदयराज सिंह उदय के द्वारा मां शारदे की वंदना की गई। मंगलाचरण विभा गुप्ता व बालक चैतन्य के द्वारा किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए सदन अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र राही ने कहा कि अपनी स्थापना से लेकर अब तक यह संस्था निरंतर साहित्यिक गतिविधियों में संलग्न है। इसी श्रृंखला में आज इस गीत संग्रह का विमोचन किया जा रहा है। कृतिकार सीमा गुप्ता असीम ने अपने नवरचित गीत संग्रह "प्रिय मुझे पहचान लेना" की विषय वस्तु से लोगों को परिचित कराते हुए, साहित्य सृजन की आवश्यकता और उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। स्वरकार राखी गुप्ता द्वारा कृतिकार सीमा गुप्ता के एक गीत का सुमधुर गायन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ-साथ मार्गदर्शक भी है। सदन उपाध्यक्ष डॉ. ब्रह्म स्वरूप पांडे ने कहा कि यह कृतिकार की चतुर्थ काव्य रचना है। समारोह में रामदेव बाजपेई, रमेश चंद्र गुप्ता व अमिष गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सुरेंद्र नाथ अग्निहोत्री, डॉ. आलोक टंडन, अनिल मदन, गिरीश डिडवानिया, कुलदीप द्विवेदी, अभिषेक अग्निहोत्री, सरिता अग्रवाल, सीमा मिश्र, महेश मिश्र, डॉ. शीला पाण्डेय, अनूप पुरी, प्रदीप गुप्ता आदि रहे।



पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार। अमृत विचार


सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों का हुआ सम्मान

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर प्रदेश व जिले में स्थान हासिल करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में मेधा उत्कर्ष सम्मान समारोह का आयोजन एक पहल एक किरण सेवा समिति के तत्वाधान में सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर क्षेत्र और परिवार व स्कूल का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है और ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। इस अवसर पर संदीप पांडेय, निलेश कुशवाहा, सुरेश चंद वर्मा, लयाकत अली, अनुराग यादव, विप्र प्रधान, अभिषेक पटेल, कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### गोड़वा चौराहे पर लगाया गया प्याऊ


हनुमान जी के चित्र पर पूजन-अर्चन करते ट्रस्ट के अध्यक्ष व संरक्षक। अमृत विचार

**अतरौली, हरदोई।** रविवार को जेष्ठ माह की शुरुआत होते ही आम जनमानस के लिए श्री भुइयेश्वर महादेव मंदिर सेवा ट्रस्ट की ओर से क्षेत्र के गोंडवा चौराहे पर शीतल पेयजल की प्याऊ की शुरुआत की गई। प्याऊ का शुभारम्भ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप सिंह बब्लू और संरक्षक अनिल कुमार सिंह ने हनुमान जी का पूजन अर्चन एवं फीता काटकर किया। अध्यक्ष प्रताप सिंह ने बताया कि गोंडवा में क्षेत्र के करीब 40 गांवों के लोगों के साथ लखनऊ, दिल्ली और नैमिषारण्य से लोगों का आना जाना रहता है। इस मौके पर आशीष वर्मा, अनुज कुमार सिंह, विनय मौर्य, नीशू द्विवेदी, गौरव पाण्डेय, सचिन बाजपेयी, शनि सिंह, नितिन शुक्ला आदि रहे।

# स्मार्ट मीटर यानि 'अव्यवस्थाओं का मकड़जाल', लोग परेशान

## बड़ी संख्या में मीटर हटाने और बिल सुधारने की हुई मांग

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अव्यवस्था का दंश बन रहा है। कई उपभोक्ता अचानक बढ़े बिल और अन्य समस्याओं को लेकर परेशान हैं। कई उपभोक्ताओं ने बिल और अन्य रिकार्डों के साथ स्मार्ट मीटर को भी जमा करने का दावा किया है।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगते ही उनका बिल दोगुना हो गया। नगर स्थित मोहल्ला घूरामऊ बंगला निवासी गृहणी शोभा सिंह बताती हैं कि चार माह पूर्व साधारण मीटर से प्रतिमाह 1000-1100 रुपये का बिल आता था। स्मार्ट मीटर लगते ही यही बिल दोगुना हो गया। परेशान होकर सोलर पैनल लगवाया। हाल ये है कि बिल का पता नहीं है, ऊपर से जो बिजली बन रही है, उसका भी डेटा नहीं दिया जा रहा है। बिल में भी उसे शामिल नहीं किया जा रहा।

**रीडिंग और यूनिट सभी रिकार्ड नदारद :** शिक्षक व शहरी निवासी चन्द्र प्रकाश शुक्ला व उनके भाई रवि प्रकाश शुक्ला बताते हैं कि पहले साधारण मीटर लगा था। हर माह 1300-1500 रुपये का बिल आता था। अचानक बिना सूचना दिए विभाग के लोगों ने आकर स्मार्ट मीटर लगा दिया। इस बार बिल दो गुने से कहीं अधिक आया है। रीडिंग और यूनिट भी पुराने बिलों से मेल नहीं खा रही।



• सोलर पैनल स्मार्ट मीटर से आ रही दिक्कतों का भी उपभोक्ताओं ने दिया हवाला


शोभा सिंह, गृहणी


रवि प्रकाश शुक्ला


सुरेंद्र


शिवपाल

### बाजार में बिलों को लेकर बढ़ी समस्या

शहर की मुख्य बाजार लालबाग की सर्राफ बाजार में व्यापारी विपिन परेशान हैं। इनका कहना है कि अधिकतकर दुकानों के बाहर जबरन स्मार्टमीटर लगाकर विद्युतकर्मी चले गए हैं। छह माह से बिल नहीं आया, हर कोई परेशान है कि अगर बढ़कर बिल आया तो भुगतान किस तरह से किया जाएगा, कोई सुन नहीं रहा है।

### ऐसे करें समाधान

यदि किसी को स्मार्ट मीटर से जुड़ी कोई समस्या आ रही है तो वो 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। संबंधित सब डिवीजन ऑफिस और डिवीजन ऑफिस पर जाकर शिकायत की जा सकती है। निस्तारण के लिए विशेष यूनिट भी सक्रिय है।

### किसान बोले - एडवांस पैसा भी लापरवाही की भेंट चढ़ा

प्रगतिशील किसान सुरेंद्र, शिवपाल, राजकिशोर सिंह, सोनपाल, अहसन खां, बद्री प्रसाद आदि का कहना है कि उनके घरों पर बिना बताए स्मार्ट मीटर लग गए। अचानक बिल बढ़ गया, किसी तरह बिल जमा किया, उसी समय एडवांस में पैसा जमा कराया, दूसरे बिल में एडवांस लिया गया पैसा नहीं दर्शाया जा रहा है।

"स्मार्ट मीटर में कोई गड़बड़ी नहीं है, ये उपभोक्ता के हित में है। ऐप के माध्यम से सारी जानकारियां उपलब्ध हैं, ऐप हर वो संदेश देता है जो मीटर से जुड़ा हुआ है, कुछ उपभोक्ताओं की शिकायतें मिली हैं, जिसमें बताया गया है कि पुराने मीटर के बाद नए स्मार्ट मीटर में बिल बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उसमें पिछले मीटर की रीडिंग भी जुड़ी हुई हैं। **–ललित कृष्ण, अधीक्षण अभियंता, मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड सीतापुर**"

### आप का प्रदर्शन : स्मार्ट मीटर नहीं 'स्मार्ट चीटर'

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को 'स्मार्ट चीटर' बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है। आरोप लगाया कि 20 हजार करोड़ के इस प्रोजेक्ट में बड़े स्तर पर कमीशनखोरी हुई है। जहां पहले बिल 1500 रुपये आता था, अब वह 6000 रुपये तक पहुंच रहा है, जो जनता का आर्थिक शोषण है। जिला सचिव आसिम जाफरी ने कहा कि नलकूपों पर लगाए जा रहे 4 जी मीटरों से किसान परेशान हैं। नेटवर्क की समस्या के कारण सिंचाई बाधित हो रही है। इस दौरान ललित श्रीवास्तव, सर्वेश रावत, सुमित यादव, रियाज अंसारी और पूजन मिश्रा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक दुर्घटना में मासूम समेत तीन लोग गंभीर

**सिधौली।** सिधौली–बिसवां मार्ग पर थाना कमलापुर क्षेत्र के मास्टर बाग के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार मासूम सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बाइक सवार ने सड़क पार कर रही महिला को बचाने का प्रयास किया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में बाइक चालक बशीर (35) निवासी बेहड़ा, साजिदा (25) पत्नी वसीम निवासी कुचलाई और उनका ढाई वर्षीय मासूम बेटा असल गंभीर रूप से घायल हो गए।

### युवक ने खाया जहर, मौत

**हरगांव/सीतापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरीमोतिमदपुर में शाम पारिवारिक कलह के चलते एक 38 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंद्रपाल मौर्या का रविवार को घर में विवाद हुआ था, जिससे क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

### बिसवां में कल गूंजेंगे जवाबी कीर्तन के स्वर

**बिसवां/सीतापुर।** श्री हनुमत सेवक समिति के तत्वावधान में ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को महमूदाबाद रोड स्थित बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 7 बजे से होगी। समिति के अध्यक्ष व संयोजक पवन कुमार मिश्र 'बबलू' ने यह जानकारी दी।

### बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**बिसवां।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजय कुमार वर्मा निवासी ग्राम शहबाजपुर, थाना सदरपुर के रूप में हुई है। क्षेत्राधिकारी अमन सिंह के मुताबिक, बिसवां–सिधौली रोड पर निर्माणाधीन पुल के नीचे से घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रभारी निरीक्षक रामराघव सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### विद्युत कर्मियों ने दी रफीक को श्रद्धांजलि

**लहरपुर/सीतापुर।** स्थानीय विद्युत उपखंड कार्यालय में देर शाम एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत एसएसओ रफीक अहमद को श्रद्धांजलि दी गई। ग्राम गंगादीन पुरवा निवासी 50 वर्षीय रफीक अहमद का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में समस्त विद्युत कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, अवर अभियंता राकेश कुमार सहित भारी संख्या में बिजली विभाग के कर्मचारी एवं तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहा।

### रास्ते के विवाद में महिलाओं को पीटा

**सिधौली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के दलेल नगर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने एक गर्भवती महिला और उसकी जेठानी की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी लल्लन और ओमप्रकाश के परिवारों का विपक्षियों से रास्ते में जीना सीढ़ियां बनाने को लेकर विवाद चल रहा था। बताते हैं कि डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया था। पुलिस टीम दोबारा जांच कर वापस लौटी ही थी कि विपक्षी पक्ष ने हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने गर्भवती ज्योति (35) और उसकी जेठानी बड़की (45) को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### चूड़ी बेचकर लौट रहे मामा-भांजे को पीटा

**मिश्रिख/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग के पास देर शाम पुरानी रंजिश में मामा–भांजे पर लाठी–डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीताकुंड निवासी बसन्तू पुत्र मुन्नूलाल कमलापुर मेले से चूड़ियां बेचकर अपने भांजे राहुल गुप्ता के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि मछरेहटा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास आरोपी अनूप, मोहित और ढिल्लर ने उन्हें रोक लिया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बहन की शादी से पहले भाई की सड़क हादसे में मौत

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुबनगर मार्ग पर देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक अपनी बहन की शादी के लिए मिट्टी के बर्तन लेकर घर लौट रहा था। घटना से शादी वाले घर की खुशियां मातम में बदल गईं। ग्राम भिठौरा निवासी शिवकुमार (35) अपने चचेरे भाई आशीष के साथ बाइक से देवकली गांव से लौट रहे थे। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवकुमार के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि आशीष को मामूली चोटें आई हैं। परिजनों के मुताबिक, शिवकुमार की बहन पूजा का तिलक और 8 मई को बारात आनी थी। चार भाइयों में सबसे बड़े शिवकुमार ही शादी की कमान संभाल रहे थे। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कैमहरा : 5 साल से शौचालय में लटका ताला, महिलाएं परेशान



शौचालय में लगा ताला। अमृत विचार

**मानपुर/सीतापुर।** स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखाते हुए थाना क्षेत्र की ग्राम सभा पकरिया के कैमहरा गांव में बना सामुदायिक शौचालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लाखों की लागत से बना यह शौचालय पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे गांव की महिलाएं खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण देवी दयाल, गंगा राम, कुन्हा, रामखेलावन और परशु सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी राजा गणपति आर. से करेंगे।

## सिलेंडर न मिलने पर भड़के लोग, सड़क जाम

संवाददाता, बिसवां /सीतापुर।


मुख्य मार्ग पर सिलेण्डर रखकर प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सदरपुर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। भारत गैस एजेंसी पर समय से आपूर्ति न करने और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए आक्रोशित लोगों ने खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर सदरपुर-बिसवां मार्ग जाम कर दिया। इस दौरान घंटों यातायात बाधित रहा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि 15-20 दिन पहले बुकिंग कराए जाने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ता रामनरेश ने बताया कि बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे घरेलू कामकाज ठप है। आरोप है कि जानबूझकर आपूर्ति रोककर कालाबाजारी की जा रही है। उधर, जाम की सूचना पर पाकर पहुंची पुलिस ने लोगों को काफी देर तक समझाया और जल्द आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. जिंदाबाद के नारे लगाए।

• सदरपुर इलाके का है मामला जिलाधिकारी जिंदाबाद के लगे नारे


उर्स के दौरान उपस्थित अकीदतमंद। अमृत विचार

## अकीदत के साथ संपन्न हुआ बूढ़े बाबा का दो दिवसीय उर्स

**संवाददाता, सिधौली। अमृत विचार :** कस्बा बाड़ी स्थित हजरत पंच पीर शाह रहमतुल्लाह अलैह उर्फ बूढ़े बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स रूहानियत और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हो गया। उर्स के दौरान बड़ी संख्या में जायरीनों ने शिरकत कर अमन–चैन की दुआ मांगी। कार्यक्रम के पहले दिन खानकाहे सफविया सफीपुर शरीफ के सज्जादानशीन काजी निजामुद्दीन खुसरो निजामी सफवी के हाथों मजार शरीफ की गुस्लपोशी की गई। इसके बाद गागर व चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया, जो आस्ताने पर पहुंचकर चादरपोशी के साथ संपन्न हुआ। रात में ईद–मीलादुन्नबी का आयोजन हुआ, जिसकी सरपरस्ती जामा मस्जिद के इमाम सैफ रजा ने की। दूसरे दिन कुरान ख्वानी और महफिले समां कव्वाली का आयोजन हुआ। आयोजन में नत्थू शाह, इरफान शाह, मेहदी शाह, इश्तियाक अली और शकील शाह सहित कमेटी के तमाम सदस्य सक्रिय रहे।

# जीव विज्ञान ने उलझाया, भौतिक-रसायन ने दी राहत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार: सीतापुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 रविवार को जिले के पांच केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 2400 पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल हुए।

नीट यूजी 2026 परीक्षा नगर स्थित आरआरडी इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज सहित पांच केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा आरंभ होने से पहले परीक्षा केंद्रों पर तीन चक्रों में जांच प्रक्रिया पूरी की गई। अभ्यर्थियों को घड़ी, कंगन, क्लेचर, ब्रेसलेट, जेवरात आदि ले जाने की अनुमति नहीं मिली। एआई तकनीकी से स्थापित सुरक्षा व्यवस्था के बीच बायोमेट्रिक सत्यापन कराकर प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। माहौल भी अच्छा बना रहा।


परीक्षा केंद्र परिसर में जांच करती पुलिस टीम। अमृत विचार

• नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन, पांच केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा
• तीन चक्रों में सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त

### बायोलॉजी में इनऑर्गेनिक और फिजिकल केमिस्ट्री के प्रश्न

केंद्र के बाहर संगीता और रुचि अपने परिवार के साथ मिलीं। इनका कहना था कि रसायन विज्ञान में ऑर्गेनिक, इनऑर्गेनिक और फिजिकल केमिस्ट्री के मिले–जुले प्रश्न थे, जो अधिकतर एनसीईआरटी आधारित थे। रामकृष्ण और रविशंकर ने बताया कि सबसे अधिक चुनौती पूर्ण प्रश्न भौतिक विज्ञान से जुड़े थे। क्योंकि ये न्यूमेरिकल और कॉन्सेप्ट पर आधारित थे, जिसके कारण यह काफी समय लेने वाले रहे। रश्मी बताती हैं कि जीव विज्ञान सबसे अधिक स्कोरिंग रहा। बॉटनी और जूलॉजी दोनों ही छात्रों के लिए हल करने में कुछ ही प्रश्न आसान रहे।

## ट्रॉमा सेंटर में घायल युवक की मौत

**नैमिषारण्य/सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम परागपुर निवासी सत्य प्रकाश (27) की लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। सत्य प्रकाश बीते 26 अप्रैल को रनियापुर गांव में एक तिलक समारोह में गए थे, जहां रात करीब 11 बजे वह सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले थे। पुलिस ने उन्हें लखनऊ रेफर कराया था, जहां शुक्रवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी सुषमा देवी का आरोप है कि घटना वाली शाम गांव के ही शैलेंद्र, रंजीत, नेकराम और सुरेंद्र ने घर आकर सत्य प्रकाश को 'निपटा देने' की धमकी दी थी।


स्मार्टफोन के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

## कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन तो खिले चेहरे

**संवाददाता, महोली/सीतापुर। अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 170 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नए स्मार्टफोन वितरित किए गए। सीडीपीओ ने कहा कि शासन की इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं को हाईटेक बनाना और पोषण अभियान को नई गति देना है। सीडीपीओ मंजूलता ने बताया कि इन स्मार्टफोनों के जरिए 'पोषण ट्रैकर ऐप' पर बच्चों के टीकाकरण, स्वास्थ्य और विकास संबंधी डेटा को रियल टाइम में दर्ज किया जाएगा। सुपरवाइजर ममता यादव ने कहा कि इस आधुनिक तकनीक का मुख्य लक्ष्य बच्चों में कुपोषण व एनीमिया को कम करना और मातृ–शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना है। इस दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## कोचिंग के बाहर छात्राओं से छेड़छाड़, 4 गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में कोचिंग से लौट रही छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले चार मनचलों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई डायल-112 पर मिली सूचना के महज एक घंटे के भीतर की गई। बताते हैं कि कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित जेल रोड मार्ग पर रात करीब 9 बजे जिंगालाला स्वीट्स हाउस के पास कुछ युवक कोचिंग से निकल रही छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कस रहे थे और गलत इशारे कर रहे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और चार आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मयंक शुक्ला, कुलदीप कुमार, राहुल और राजेश के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## मौत का सफर, जिम्मेदार बेखबर


तालगांव कोतवाली के ठीक सामने नियमों की अनदेखी करता वाहन चालक।

### सीतापुर-लहरपुर मार्ग पर यातायात नियमों की अनदेखी

**संवाददाता तालगांव/ सीतापुर।** तालगांव कोतवाली के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर यातायात नियमों की अनदेखी हो रही है। तस्वीर में ट्रैक्टर के पीछे बंधी सीमेंट मिक्सर मशीन पर आधा दर्जन मजदूर जान जोखिम में डालकर बैठे नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात है कि जानलेवा सफर पर पुलिस के जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक, क्षेत्र में आए दिन ऐसे खतरनाक नजारे देखने को मिलते हैं, यहीं कारण मुख्य मार्ग पर पहले कई बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

## आरोग्य मेले में 155 मरीजों की हुई जांच, दी सलाह


शिविर में उपस्थित चिकित्सक व मरीज।

**लहरपुर/सीतापुर।** क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेलों में कुल 155 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में आयोजित मेले में डॉ. रवि प्रकाश वर्मा ने 41 मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों को लू से बचाव के लिए जागरूक किया और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी। डॉ. वर्मा ने बताया कि मेले में आए अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार और पेट रोग से पीड़ित पाए गए। इस अवसर पर मनीष कुमार जायसवाल, शालिनी सहित अंकित कुमार, अनीता, अनिल और मीरा देवी जैसे तमाम मरीज व तीमारदार उपस्थित रहे।

## प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कलमकारों का हुआ सम्मान


कलमकारों के साथ उपस्थित पूर्व विधायक। अमृत विचार

**बिसवा।** अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव ने पत्रकारों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के तौर–तरीकों में बदलाव जरूर आया है, लेकिन इसकी महत्ता आज भी बरकरार है। इस अवसर पर हरिशंकर गुप्ता, आशीष मिश्रा, अरुण नाथ सिंह, अश्वनी त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव, शावेज खान, मधुकर वर्मा, संतोष कठोरिया और अतुल त्रिवेदी सहित नागेंद्र सिंह व चंद्रभाल आदि मौजूद रहे।


मेधावियों के साथ उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

## मेधावियों को मिला सम्मान, रिजा ने लहराया परचम

**संवाददाता, तंबौर। अमृत विचार :** राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रिजा पुत्री इसरार अली को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 9 व 11 के छात्र–छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एसएचओ बृजेश कुमार राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय कुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राज किशोर व तौकीर अहमद और भोजपुरी अभिनेता संग्राम सिंह ने अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर रिजवान अहमद, हसीन अंसारी, अरविंद सोनकर, जईम खान, शाह आलम, मौलाना शाहिद, इसरार अली प्रधान, डॉ. मुईद खान, जावेद खान सहित भारी संख्या में नागरिक, अभिभावक और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## व्यापारी नेताओं की हुई बैठक


प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल के साथ मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

महोली/सीतापुर।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला स्तरीय बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों ने नगर निकायों द्वारा मनमाने ढंग से लगाए जा रहे नए हाउस टैक्स पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिला महामंत्री महेश कुमार गुप्ता के संचालन में हुई इस बैठक में जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने जनपद की विभिन्न इकाइयों से आए प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। व्यापारियों का आरोप है कि नगर निकाय नियम विरुद्ध हाउस टैक्स वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी और बढ़ा हुआ टैक्स वापस लेने की मांग रखी जाएगी। इस अवसर पर राजेश चौरसिया, शुभम अग्रवाल, मनोज जायसवाल, जयप्रकाश सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

## अनुपमा की पुस्तक 'मुक्तागिरि के देश में' का लोकार्पण


हिंदी सभा में उपस्थित अतिथिगण व कवि। अमृत विचार

**सीतापुर।** हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में प्रख्यात साहित्यकार स्व. राम स्वरूप अवस्थी 'रूप जी' की पुत्री अनुपमा अवस्थी के यात्रा–वृत्तांत 'मुक्तागिरि के देश में' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्र ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयंती दीक्षित एवं निवर्तमान बीईओ शशि अग्निहोत्री ने पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव कार्तिकेय मिश्र, डीएम बस्ती कृतिका ज्योत्स्ना व आईएएस राहुल पांडेय ने वीडियो संदेश के जरिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पीसीएस निरुपमा मिश्रा, रजनीश मिश्र, अरुण मिश्र 'अवध', उदय प्रताप त्रिवेदी और संदीप त्रिवेदी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार :** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हादसे ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। टांडा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिनेश पासी पुत्र रघुवर पासी निवासी ग्राम मुबारक के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ जाने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। हरचंदपुर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

## दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आज

**महराजगंज, अमृत विचार :** दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ब्लाक में सोमवार को वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एडीओ समाज कल्याण अजय पटेल ने बताया कि शिविर के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि शिविर में आने वाले लाभार्थी अपने साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं।

## मारपीट का आरोप मुकदमा दर्ज

**छतोह, अमृत विचार :** छतोह ब्लॉक के बारा ग्राम निवासी कुंवर उदय प्रताप सिंह पुत्र स्व. महेंद्र प्रताप सिंह निवासी बारा चक मजरे बारा ने पुलिस से शिकायत की है। उसका कहना है कि वह घर से परशदेपुर जा रहा था महानंदपुर गांव के पास अपने परिचित लकी सिंह परिहार से बातचीत कर रहा था तभी पीछे से आ रहे कार सवार विशाल सिंह पुत्र रविंद्र प्रताप सिंह व उनके साथी शशिवेंद्र सिंह उर्फ (गोलू), हर्षित सिंह, श्रीकांत तिवारी तथा तीन अज्ञात साथियों ने पिस्टल तथा धारदार हथियार दिखाकर उसे मारापीटा, जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी डीह ले जाया गया, जहां पर हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## लालगंज में सोलर पावर एजेंसी का शुभारंभ

**लालगंज, अमृत विचार :** लालगंज क्षेत्र में साकेत नगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया भवन के प्रथम तल पर सोलर पावर एनर्जी एजेंसी के शो रूम का हवन-पूजन के साथ उद्घाटन किया गया। इस एजेंसी के शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों को सोलर पावर सिस्टम की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। एजेंसी संचालक शुभम पांडे और नीलेश शुक्ला ने बताया कि यहां सोलर पावर से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया, जिससे 24 घंटे बिजली की सुविधा मिल सके। बताया कि यह प्रणाली सौर ऊर्जा को बैटरी में स्टोर कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर संदीप बंसल, अतुल गुप्ता, सोनू वर्मा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, संदीप शुक्ला, मनोज अवस्थी, बाबू तिवारी, अखिलेश बाजपेई, श्याम दीक्षित, वैभव रहे।

# अधेड़ पर बालक से दुराचार का आरोप, मुकदमा दर्ज

ऊंचाहार (रायबरेली)

● पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया

**अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ ने अकेला पाकर बालक को हवश का शिकार बना डाला। बालक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित के पिता का आरोप है कि ऊंचाहार नगर के सरस्वती नगर निवासी गणेश प्रसाद अग्रहरि ने उसके बालक को सामान लेने के बहाने अपने घर के एकांत में बुलाया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद घर पहुंचे बालक ने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद बालक के पिता ने मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को ऊंचाहार बस स्टेशन के पास से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। उपनिरीक्षक सौरभ पांडेय ने बताया कि बालक का चिकित्सीय परीक्षण करवाकर उसका बयान दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी के आदेश पर कब्र खोदकर निकाला गया शव

ऊंचाहार (रायबरेली)

कार्रवाई

● बेटे की मौत पर संदेह की आशंका होने पर मां ने डीएम से लगाई थी फरियाद

**अमृत विचार।** युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश पर 17 दिन बाद शव को कब्र से खोद कर निकाला है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। मामले में मृतक की मां ने बेटे की मौत पर संदेह जताते हुए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद डीएम ने मामले में पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

मामला महेश बख्श का पुरवा, कंदरावां गांव के निवासी राहुल यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से जुड़ा है। राहुल यादव की मौत बीते 16 अप्रैल को हुई थी। अगले ही दिन परिजनों ने क्षेत्र के पूरे तीर खरौली गंगा घाट के किनारे रेत में शव को दफन कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। उस समय किसी ने भी मौत पर सवाल नहीं उठाए थे। मामले ने तब नया मोड़ लिया जब मृतक राहुल की मां अनीता ने अपने बेटे की मौत पर गंभीर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल की मौत प्राकृतिक नहीं थी, बल्कि यह एक सुनियोजित साजिश हो सकती है। अनीता ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की, ताकि मौत के असली कारणों का खुलासा हो सके।


कब्र से युवक का शव निकाले जाने के दौरान मौजूद पुलिस बल व ग्रामीण।

मां की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए। रविवार की सुबह नायब तहसीलदार शम्भू शरण पांडे और कार्यवाहक कोतवाल संजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में पुलिस बल गंगा घाट पहुंचा। भारी सुरक्षा के बीच रेत से शव को खोदकर बाहर निकाला गया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कार्यवाहक कोतवाल ने बताया कि मृतक की मां की शिकायत पर शव को निकलवाया गया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो पाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फोन नहीं उठे, न कॉल बैक, डलमऊ और मिल एरिया थाने साबित हुए फेल

▶ जिले के थानों के सीयूजी नंबरों की रियलिटी चेक करने में जिम्मेदारों की खुली पोल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जनपद में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों के बीच रविवार सुबह 11 बजे थानों के सीयूजी नंबरों की हकीकत परखी गई। अमृत विचार टीम द्वारा किए गए इस रियलिटी चेक में जहां अधिकांश थाने सक्रिय और जिम्मेदार नजर आए, वहीं मिल एरिया और डलमऊ थाना पूरी तरह फेल साबित हुए। इस परीक्षण का उद्देश्य सिर्फ कॉल उठाना नहीं, बल्कि यह भी देखना था कि अगर कॉल रिसीव नहीं होती है, तो क्या संबंधित थानेदार वापस कॉल करना जरूरी समझते हैं या नहीं।

जांच के दायरे में कोतवाली नगर, मिल एरिया, हरचंदपुर, बछरावां, डलमऊ, गुरबक्शगंज, सलोन, गदागंज, लालगंज, खीरों, महराजगंज, चंदापुर, ऊंचाहार, जगतपुर, डीह, नसीराबाद, सरेनी, शिवगढ़, भदोखर और महिला थाना शामिल रहे। इस दौरान नेटवर्क समस्या की आशंका को ध्यान में



रखते हुए वैकल्पिक नंबरों पर भी संपर्क साधा गया। अधिकांश थानों में कॉल रिसीव की गई या कुछ देर बाद कॉल बैक किया गया, जो पुलिस की जवाबदेही को दर्शाता है। इसमें चंदापुर थाना उदाहरण रहा, जहां प्रारंभिक संपर्क न हो पाने के बावजूद कुछ ही घंटों में कॉल बैक किया गया। हालांकि, इस पूरी कवायद में मिल एरिया और डलमऊ थाने पूरी तरह फिसड्डी साबित हुए। दोनों थानों के नंबरों पर कॉल लगातार रिंग होती रही, लेकिन न तो कॉल रिसीव किया गया और न ही खबर लिखे जाने तक कोई कॉल बैक आया।

सबसे आश्चर्य की बात है कि यह स्थिति तब है जब अन्य थाने समान परिस्थितियों में बेहतर प्रतिक्रिया देते नजर आए। वहीं कप्तान रायबरेली रवि कुमार नेतृत्व में जनपद की पुलिसिंग में स्पष्ट रूप से सुधार और सक्रियता देखी जा रही है। अधिकांश थानों की तत्परता इस बात का संकेत है कि शीर्ष स्तर से दिए गए निर्देशों का असर जमीनी स्तर तक पहुंचा है। लेकिन मिल एरिया और डलमऊ थानों की उदासीनता यह दर्शाती है कि कुछ जगहों पर अभी भी आदेशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। सवाल उठना लाजमी है कि क्या इस तरह की लापरवाही पर कप्तान का रुख सख्त हो होगा...? क्योंकि सीयूजी नंबर सिर्फ एक फोन नहीं, बल्कि आम जनता और पुलिस के बीच भरोसे की सीधी कड़ी है। ऐसे में थाने में फोन कॉल न उठाना या वापस न करना सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है।

अब देखना यह होगा कि क्या संबंधित थानों की कार्यशैली में सुधार होता है या फिर जिले के कप्तान स्तर से कोई सख्त कार्रवाई के बाद इस ढीले रवैये पर लगाम लगाएगी।

> सभी थानेदारों को निर्देशित किया गया है। यदि सीयूजी नंबर नहीं उठ रहे हैं या बैक नही करते तो उन्हे पुन: सख्त निर्देश दिए जाएंगे। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> –आलोक सिंह, एएसपी, रायबरेली।

### क्या है सीयूजी नंबर

सीयूजी (क्लोज्ड यूजर ग्रुप) नंबर एक विशेष मोबाइल टेलीकॉम प्लान है जो आमतौर पर कंपनियों या संगठनों द्वारा अपने कर्मचारियों को दिया जाता है। सीयूजी नंबर जिले के प्रशासनिक, पुलिस समेत अधिकांश विभागों के जिम्मेदारों को जारी किया गया है। पुलिस विभाग में भी यह नंबर दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच सीधा संपर्क बनाए रखना होता है। इन नंबरों पर कॉल न उठना सीधे तौर पर जनता की समस्याओं की अनदेखी माना जाता है।

## विरोध पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**गदागंज (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के मिश्रापुर गांव में गेट निर्माण को लेकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। दबंगों द्वारा निर्माणाधीन खंभा गिराने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

मिश्रापुर निवासी कमलेश कुमार शुक्ला ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपने घर के सामने गेट निर्माण के लिए करीब 12 फीट ऊंचा खंभा लगवाया था। आरोप है कि 2 मई को गांव के ही कुछ लोग मौके पर पहुंचे और जबरन खंभे को उखाड़कर गिरा दिया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने थानेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने 12वीं की जिला टॉपर नंदनी गुप्ता को किया सम्मानित



सम्मान समारोह में सम्मानित मेधावी व अतिथिगण। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** वीणा पाणि इंटर कॉलेज में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली इंटरमीडिएट की छात्रा नंदिनी गुप्ता को मुख्य अतिथि और विद्यालय प्रधानाचार्य अजीत शर्मा द्वारा 11 हजार की चेक और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रा के माता पिता को भी माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि अभी आप लोगों को और आगे बढ़ना है। वहीं बृजेश तिवारी ने कहा कि बच्चों के साथ शिक्षकों के कड़ी मेहनत का परिणाम है। पुष्पेंद्र तिवारी, अजय त्रिपाठी, योगिता सिंह, राजेश मिश्रा, अंकुर गुप्ता, पूनम तिवारी ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। इससे पहले प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का पल है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा से होता है मानव को कर्तव्यबोध

**रायबरेली, अमृत विचार।** परशदेपुर के ओंकारेश्वर महादेव धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को आचार्य बद्री विशाल ओझा ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। भागवत कथा से ही मानव जीवन धन्य होता है। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। अंत में मुख्य यजमान डॉ. वासुदेव पांडेय, ममता पांडेय एवं उनके परिजनों ने व्यास पीठ की विधि-विधान से आरती की। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार पांडेय, विजय पांडेय, लल्लन पांडेय, कल्पनाथ मिश्रा, अमर बहादुर सिंह, बंश बहादुर सिंह, परमात्मादीन तिवारी, खुनखुन सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डीएम ने आश्रम पद्धति विद्यालय का किया निरीक्षण


विद्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका। अमृत विचार

**सलोन (रायबरेली)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय (आश्रम पद्धति) विद्यालय सलोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे नवीनीकरण व निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की तथा उनकी पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए और नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जाएं। उन्होंने छात्रावास में साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को डीएम में निर्देशित किया है। इस दौरान उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला अर्थ, तहसीलदार दीपिका सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा से भिड़ी बाइक चालक की मौत, तीन घायल

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** डीह-परशदेपुर मार्ग पर राहुल नगर के पास एक बाइक मवेशी से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे ई-रिक्शा से भिड़ गई। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो महिलाएं और एक आठ वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मृतक की पहचान राजकुमार निवासी पूरे बंदर पीरा नगर थाना सलोन के रूप में हुई है। घायलों में मानवी (8) पुत्री राजकुमार, शीला पत्नी सूरज और लीलावती पत्नी राजकुमार शामिल हैं। सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल, जगतपुर:** जगतपुर-सलोन संपर्क मार्ग पर दौलतपुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार बेकाबू ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। जानकारी के अनुसार परशुरामपुर ठेकहाई गांव निवासी दुर्गेश यादव (35) पुत्र राम अभिलाष बाइक से जगतपुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पीछे से आ रहा ट्रैक्टर तेज रफ्तार में था और अन्य वाहनों को साइड नहीं दे रहा था। रास्ते में दौलतपुर के पास ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दुर्गेश यादव घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी जगतपुर पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कानूनराज में हथियार लहराते हुए कहा "यह सब इसी के लिए रखे हैं"

संवाददाता, रायबरेली

● बस्तेपुर में दुकानदार का रिवॉल्वर लहराने का वीडियो वायरल

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बस्तेपुर में रविवार को मामूली विवाद ने उस वक्त खतरनाक मोड़ ले लिया, जब एक दुकानदार ने सरेआम अपनी दुकान से रिवॉल्वर निकालकर लहरानी शुरू कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शहर में कानून राज का यह आलम है कि सरेआम हथियार लहराए जा रहे हैं। वायरल वीडियो में बस्तेपुर के एक कॉस्मेटिक एवं स्टेशनरी के दुकान की है। दुकान के बगल में स्थित ब्यूटी पार्लर के बाहर स्थानीय दूध विक्रेता अक्सर खड़े रहते थे। आरोप है कि उनकी मौजूदगी और कथित अशोभनीय टिप्पणियों से पार्लर में आने वाली महिलाएं असहज महसूस करती थीं। इसी बात को लेकर दुकानदार


वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

और दूधियों के बीच पहले भी कहासुनी होती रही थी। रविवार दोपहर यही विवाद फिर भड़क उठा। प्रत्यक्षदर्शी राहगीरों की माने तो कहासुनी कुछ ही मिनटों में हाथापाई में बदल गई। इसी दौरान दुकान के अंदर रखी रिवॉल्वर निकालकर दुकानदार लहराते हुए धमकी भरे अंदाज में कहता दिखाई दे रहा है कि, यह सब इसी के लिए रखा गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दुकानदार भीड़ के बीच हथियार लहराते हुए लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है, जबकि आसपास मौजूद लोग सहमे नजर आते हैं।

यह दृश्य न केवल आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि हथियारों के दुरुपयोग की गंभीरता को भी उजागर करता है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। खबर लिखे जाने तक कोई ठोस कार्यवाही की सूचना नहीं है कोतवाली पुलिस की कार्यशैली कटघरे में है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरेआम हथियार लहराने जैसी गंभीर घटना के बावजूद क्या केवल समझाकर मामला निपटा दिया जाएगा...? लगातार चर्चाओं का सिलसिला जारी है कि यदि समय रहते पुलिस ने क्षेत्र में हो रही छोटी-छोटी शिकायतों पर सख्ती दिखाई होती, तो मामला इस स्तर तक नहीं पहुंचता।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दमकल कर्मियों ने बुझाया

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** तहसील परिसर में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बिजली का जर्जर तार गिरने से अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में किसी के भी हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रविवार की छुट्टी होने के कारण तहसील परिसर स्थित कार्यालय बंद थे, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बिजली विभाग के जेई अनुपम त्रिपाठी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तार गिरने की वजह से हुए फाल्ट ने ही आग का रूप ले लिया था।


तहसील परिसर में जलती आग।

## ट्रैक्टर-मैजिक में टक्कर, चालक घायल

**महराजगंज, अमृत विचार।** क्षेत्र के डेपारमऊ चौराहे के पास लाइट हाउस का सामान लेकर जा रही मैजिक व ट्रैक्टर में भिंड़त हो गई। घटना में मैजिक चला रहे जियापुर मजरे मोन गांव निवासी हरिकेश (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों व डाउन 112 पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल हरिकेश को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हरिकेश अपनी मैजिक में लाइट हाउस का सामान उतारकर घर वापस आ रहे थे तभी डेपारमऊ चौराहे के पास ट्रैक्टर ने उनकी मैजिक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने उसे मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त मैजिक।

समस्या | अधिक बिजली बिल, बार-बार बिजली कटौती और तकनीकी खामियां उपभोक्ताओं को बना रही मानसिक अवसादग्रस्त

# उपभोक्ताओं को खून के आंसू रुला रहा प्रीपेड स्मार्ट मीटर!

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में अब तक लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को खून के आंसू रुला रहा है। अधिक बिजली बिल, बार-बार बिजली कटौती, निगेटिव बैलेंस और तकनीकी खामियां उपभोक्ताओं को मानसिक अवसादग्रस्त बना रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियों का शिकार होने के बाद उपभोक्ता दफ्तर-दफ्तर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई उनकी पीड़ा सुनने वाला नहीं है। जबकि प्रदेश सरकार लगातार संबंधितों को सख्त हिदायत दे रही है।

जानकारी के अनुसार जिले में करीब 1.40 लाख कनेक्शनों पर उपभोक्ताओं के घर व प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इनमें से लगभग 1.12 लाख उपभोक्ता निगेटिव बैलेंस में पहुंच गए, जिससे वह कर्जदार होते जा रहे हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं का और भी बुराहाल है। आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ने, छोटे व्यापारियों की लागत में इजाफा और गांवों में तकनीकी जानकारी की कमी के कारण काफी दिक्कत होने से बिजली विभाग के प्रति अविश्वास बढ़ा है।



स्मार्ट मीटर योजना फिलहाल उपभोक्ताओं के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बनती दिख रही है। बढ़ती शिकायतों और जनाक्रोश को देखते हुए सरकार और प्रशासन सक्रिय जरूर हुए हैं, लेकिन जब तक तकनीकी खामियां दूर नहीं होतीं और पारदर्शी बिलिंग सिस्टम लागू नहीं होता, तब तक यह समस्या पूरी तरह हल होती नहीं दिख रही।

कई मामलों में रिचार्ज के बावजूद बिजली कटने और गलत बिलिंग की शिकायतें सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं। निगेटिव बैलेंस और ऑटो कटौती मीटर में बैलेंस खत्म होते ही बिजली की आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है। बैलेंस होने पर भी विद्युत आपूर्ति बंद होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। मीटर की सटीकता, सॉफ्टवेयर और कनेक्टिविटी को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उनकी सहमति के बिना पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिया जा चुका है कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाए, जिससे ऐसी समस्याओं से विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। फिलहाल विद्युत विभाग के जिम्मेदार प्रदेश सरकार के आदेश के ठीक उल्टा चल रहे हैं। जिससे आने वाले समय में सरकार पर इसका बुरा प्रभाव पड़ने के आसार हैं।

वहीं इस संबंध में दिव्य कुमार, एसडीओ, गोरा बाजार रायबरेली का कहना है कि बिजली के संबंध में आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाता है। सभी समस्याओं के अलग-अलग पटल बन हुए हैं और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उनके नंबर भी कार्यालय की दीवार पर चस्पा कराए गए हैं।

> स्मार्ट मीटर की ऐसी कोई समस्या उनके संज्ञान में नहीं है। ऐसी शिकायतों के निस्तारण के लिए एक ग्रुप बनवाया गया है, जिसमें मामला संज्ञान में आने के बाद उसका त्वरित निस्तारण कराया जाता है।
>
> –रवि श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता, त्रिपुला, रायबरेली।

### क्या कहते हैं परेशान विद्युत उपभोक्ता


लक्ष्मी नारायण।


देशराज यादव।


सन्तू।


सुरेन्द्र कुमार।

शंकरपुर निवासी लक्ष्मी नारायण यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल बढ़ गया है। रिचार्ज करने के बाद भी कई बार बिजली कट जाती है। मोबाइल ऐप और बैलेंस सिस्टम समझना भी आसान नहीं है, गांव में लोग काफी परेशान हैं। वहीं किसान देशराज यादव ने बताया कि पहले बिजली बिल 200 रुपये तक आता था, अब 400 से 500 आ रहा है। समझ नहीं आता खपत बढ़ी या मीटर गलत है। अगर यही स्थिति रही तो बिल भरना मुश्किल हो जाएगा। रामनेर मोहद्दीपुर के निवासी कृषक सन्तू का कहना है कि जबसे स्मार्ट मीटर लगा है बिजली बिल जमा करते-करते अब मैं थक गया हूं। समझ नहीं आ रहा कि अब अपनी शिकायत कहां और किससे करूं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। पूरे उजेरियन के रहने वाले सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि कभी-कभी तो महीने में तीन से चार बार बिजली अपने आप कट जाती है और बिल जमा करने के बाद भी बिजली का संकट बना रहता है। कई बार टोल फ्री नंबर पर शिकायत की है लेकिन आज तक कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मांगों को लेकर किसानों का आमरण अनशन आज

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार :** क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति के बैनर तले सोमवार को रानीखेड़ा बाजार में आमरण अनशन किया जाएगा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धि लाल पंडा ने बताया कि किसानों की 16 सूत्री मांगों को लेकर यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौधरी चरण सिंह डलमऊ बी पंप नहर, डौंडिया खेड़ा के पांचों पंप नियमित रूप से नहीं चलाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की नहरें सूखी पड़ी हैं और किसानों की फसलों पर संकट गहरा गया है। कई बार अधिकारियों द्वारा नहरों को क्षमता से चलाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में यूनियन ने आमरण अनशन का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और बड़ी संख्या में किसान आंदोलन में शामिल होंगे।

### रामभक्त ने भेंट की श्री रामचरितमानस

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** रामभक्त चंदन त्रिवेदी ने रविवार को ऐहार ग्राम सभा के वार्ड नंबर 6 के ग्राम पंचायत सदस्य झब्बू बाजपेई को श्री रामचरितमानस भेंट की गई। इस अवसर पर रिंकू मिश्रा, रमेश शुक्ला, शिवम अवस्थी, मिलन शुक्ला, राकेश शुक्ला, श्यामू शुक्ला, चंदन शुक्ला सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे। सभी ने निरन्तर कई महीनों से चल रहे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की सराहना की।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार :** थाना संग्रामपुर पुलिस ने अवैध असलहे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध देसी तमंचा (7.65 एमएम) और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सभा डेहरा (विशेषरगंज) निवासी रोहित तिवारी पुत्र महेन्द्र प्रकाश तिवारी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना संग्रामपुर में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### मुर्गी दाना फैक्ट्री मामले में दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज

**सिंहपुर (अमेठी) :** इन्हौना के नोखेड़ा स्थिति मुर्गी दाना फैक्ट्री मे बीते शुक्रवार को ट्रक चालकों व कम्पनी के सिक्योरिटी गार्ड के बीच लोडिंग अनलॉडिंग को लेकर मारपीट हो गई थी जिसमें कंपनी के अधिकारियो के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ था। मारपीट के मामले मे पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जालौन जनपद के कालपी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरहान निवासी ट्रक चालक राम नारायण की तहरीर पर पुलिस ने नौखेड़ा स्थिति मुर्गी दाना फैक्ट्री एबिस फूड्स एंड प्रोटींस प्राइवेट लिमिटेड के कम्पनी प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह, पंचम दास व 15 से 20 अन्य कर्मचारियों पर केस दर्ज किया हैं। वहीं कंपनी के संदीप सिंह गोरखा की तहरीर पर पुलिस ट्रक चालक भगवान दास उर्फ़ मंगल व एक ट्रक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एसओ विवेक सिंह ने बतायाकि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

## ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में युवक की गई जान, दोनों के परिजनों में मचा रहा कोहराम

तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत पूरे इच्छा राम पंडित के पुरवा मजरे कुटमरा मोड़ के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में टकरा गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं बीते शनिवार की रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई।



संदीप की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे पासिन मजरे बधौना निवासी संदीप पासी (लाला) 22 वर्ष पुत्र माता फेर पासी जो अपने ननिहाल गया था वहीं से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह थानाक्षेत्र के तिलोई-फूला मार्ग पर स्थित पूरे इच्छाराम पंडित का पुरवा मजरे कूटमरा मोड़ के पास पहुंचा ही था कि सामने से पाइप से लोड ई-रिक्शा आ रहा था कि तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल युवक को जिला अस्पताल जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मृतक की पत्नी चांदनी का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। इसके साथ मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



हादसे के बाद युवक के घर पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**एक ही सप्ताह में चांदनी का उजड़ गया सुहागः** संदीप पासी की शादी बीते माह 27 अप्रैल 2026 को शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के पूरे ठाकुराइन मजरे पन्हौना निवासी पवन पासी की बेटी चांदनी के साथ हुआ था। अभी शादी हुए सप्ताह भी नहीं बीते की नई नवेली दुल्हन के हाथ की मेहंदी का रंग भी नहीं छूटा था कि पति का रोड़ हादसे में मृत्यु हो गयी मृतक ननिहाल में रहकर भट्टा पर ट्रैक्टर काफी दिनों से चलाता था और मृतक का एक भाई रंजीत पासी दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है।

### अनियंत्रित वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अमेठी के गुंगवाछ गांव के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, सैदपुर थाना गौरीगंज निवासी दिलेराम (उम्र लगभग 55 वर्ष) शनिवार रात करीब 10:30 बजे मोपेड से टीकरमाफी स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गुंगवाछ गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# मालती नदी पर लाखों की लागत से बना बंधा क्षतिग्रस्त



मालती नदी पर बना बंधा क्षतिग्रस्त। अमृत विचार

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में मालती नदी पर खौपुर बुजुर्ग के पास लाखों की लागत से बना बंधा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पानी का प्रवाह रुक नहीं पा रहा है। यह बंधा बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित कराया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, हाल ही में मालती नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण तटीय कटाव हुआ, जिससे बंधे के उत्तरी हिस्से की मिट्टी बह गई और संरचना कमजोर होकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते बंधा पानी रोकने में पूरी तरह विफल हो गया है, जिससे खेतों की सिंचाई और जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

लाभार्थियों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय-समय पर उचित रखरखाव नहीं होने के कारण बंधे की स्थिति बिगड़ती गई और अंततः यह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अचानक जलस्तर बढ़ने से बंधे के एक हिस्से में कटाव हो गया है। विभाग द्वारा जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा और बरसात से पहले बंधे को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को फिर से इसका लाभ मिल सके।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर पिकअप की टक्कर से श्रमिक की मौत

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित पिकअप की जोरदार टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली सवार श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। वही दुर्घटना के दौरान ट्रैक्टर और पिकअप चालक समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पिकअप चालक को ऊंचाहार सीएचसी से जिला अस्पताल रायबरेली रेफर किया गया है।

कोतवाली अंतर्गत रसूलपुर के निकट गंगा एक्सप्रेस-वे में ठेकेदारी प्रथा के तहत मनोज कुमार (28) पुत्र जगदीश पाल पूरे इंदर मजरे मिर्जापुर ऐहारी थाना ऊँचाहार दिहाड़ी पर मजदूरी करता था। रविवार की देर रात श्रमिक एक्सप्रेस-वे से काम समाप्त कर ट्रैक्टर चालक प्रकाश नारायण मिश्रा निवासी पाठक नगर चड़रई चौराहा के साथ अपने घर लौट रहा था। प्रत्क्षयदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने एक्सप्रेस-वे पर ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही दिहाड़ी श्रमिक मनोज कुमार की मौत हो गई। ट्रैक्टर और पिकअप चालक समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि गंगा राष्ट्रीय राज्यमार्ग गंगा एक्सप्रेस-वे रसूलपुर में पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से एक युवक की मौत हुई है। ट्रैक्टर चालक प्रकाश नारायण मिश्रा और पिकअप सवार नरमजीत व शत्रु निवासी पटियाला पंजाब घायल हो गये। एम्बुलेंस की मदद से घायलों को ऊँचाहार सीएचसी में भर्ती कराया गया है। नरमजीत को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# नीट परीक्षा में 31 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में रविवार को नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो गई, हालांकि इस दौरान 31 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी और पुख्ता व्यवस्थाओं के बीच तीन केंद्रों पर कुल 894 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार एक घंटा अतिरिक्त समय दिया गया, जिससे वे शाम छह बजे तक परीक्षा में शामिल हो सके। जिले में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों में जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 174, आरआरपीजी कॉलेज अमेठी में 240 और रणवीर इंटर कॉलेज रामनगर में 480 अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।



परीक्षा देकर वापस लौटतीं छात्राएं। अमृत विचार

**सख्त निगरानी**

सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और निगरानी व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रही।

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एडीएम अर्पित गुप्ता को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जिन्होंने पूरे समय व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र और फोटो पहचान पत्र अनिवार्य किया गया था, वहीं मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

प्रशासन के अनुसार, सभी केंद्रों पर परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुई, लेकिन 31 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

### मनाई गई शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयंती

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** क्षेत्र के मानपुर तिघरा मजरे नरायनपुर में रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद गुलाब सिंह लोधी की 123वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी रहे। इस दौरान रामकुमार लोधी, रामेश्वर लोधी, पुत्तन लोधी, देशराज सिंह और मीना लोधी समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में संगीता रावत, छेदीलाल लोधी, लवलेश कुमार लोधी, संतोष कुमार लोधी, विजय कुमार, फूलचंद और अरविंद कुमार लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के चार मरीज चिह्नित

**महराजगंज (रायबरेली)।** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा आज हलोर चौराहे पर यूको बैंक के निकट नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 14 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में 4 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। साथ ही एक मरीज को चश्मा दिया गया। शिविर में डॉ. दीपिका चौधरी, सुमन, प्रतिमा, सलोनी, सलीम, गिरिवर आदि की संयुक्त टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। इस मौके पर शिविर के संयोजक रामसागर चौधरी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, हौसिला प्रसाद तिवारी, मोहित शर्मा, शिवशंकर यादव, पिन्टू चौधरी सहित तमाम संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सीएमओ ने किया आरोग्य मेला का निरीक्षण

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सातन का पुरवा, राजा फत्तेपुर व फूला का मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन की पुष्टि हुई। सीएमओ ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मरीजों को आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही निःशुल्क प्रदान की जाएं, ताकि उन्हें बाहर भटकना न पड़े। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, दवा वितरण, जांच व्यवस्था और मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप आरोग्य मेलों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सेवाओं में सुधार लाना प्राथमिकता है।



निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने अनाथ बेटी को आवास बनवाने का दिया आश्वासन

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** रविवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने ग्राम पंचायत बैंती पहुंचकर निर्धन व अनाथ बेटी सोनम रावत को 11 हजार रुपये की नगद आर्थिक सहायता दी। साथ ही इमरजेंसी लाइट भी उपलब्ध कराई। उन्होंने उसे आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने पीड़िता सोनम से कहा कि अब वह खुद को अनाथ न समझे, हर स्तर पर उनकी तरफ से मदद की जाएगी। उनका कहना है कि यदि पीड़िता को सरकार आवास उपलब्ध नहीं कराती है तो वह स्वयं उसका आवास बनवाएंगे। इस मौके पर दिनेश वर्मा, राजेश गुप्ता, मायाराम रावत, पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत, उमाशंकर पासी, राजेन्द्र राज, श्रवण कुमार, रामसजीवन, मंशाराम आदि लोग उपस्थित रहे।



अनाथ बेटी को आर्थिक मदद देते कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी। अमृत विचार

### कारों की भिड़ंत में युवक गंभीर

**फुरसतगंज (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के निगोहां गांव के पास दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत नाजुक देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, रायबरेली से जायस की ओर जा रही डिजायर कार और जायस से रायबरेली की ओर आ रही कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि उसी दौरान जायस की ओर से दिल्ली जा रही एक वॉल्वो बस भी आंशिक रूप से प्रभावित हुई। इस दुर्घटना में डिजायर कार पर सवार अजय सिंह (पुत्र लाल प्रताप सिंह), निवासी पूरे मधु सिंह, थाना अंतू, जिला प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फुरसतगंज कोतवाल नंद हौसला यादव मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज भिजवाया। वहां मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक शुक्ला ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई थी, लेकिन वे अस्पताल नहीं पहुंच सके थे।

# बाबा शहीद मर्द शाह का सालाना उर्स संपन्न

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** तिलोई कस्बे में स्थित बाबा शहीद मर्द शाह का दो दिवसीय सालाना उर्स रविवार को जवाबी कव्वाली और विशाल लंगर के साथ सकुशल संपन्न हो गया। उर्स में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा की मजार पर शीश नवाया और चादरपोशी कर अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

उर्स के पहले दिन गागर शरीफ और तकरीर का आयोजन किया गया, जबकि दूसरे दिन लंगर और जवाबी कव्वाली का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी रोहित सिंह रजनपुर ने मजार पर अकीदत के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए और देश में सुख-शांति की कामना की। उन्होंने मजार पर चल रहे निर्माण कार्य के लिए 51 हजार रुपये का सहयोग भी प्रदान किया। जवाबी कव्वाली में कव्वाल शाहिद झंकार और उजाला परवीन कानपुर ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाहिद झंकार ने भाईचारे का संदेश देते हुए प्रस्तुति दी, वहीं उजाला परवीन ने देशभक्ति और मोहब्बत से भरे कलाम पेश कर माहौल को भावुक बना दिया।



तिलोई में उर्स के दौरान प्रस्तुतियां देते कलाकार। अमृत विचार

**आयोजन**

उर्स कमेटी के आयोजक इमरान के नेतृत्व में अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भारी भीड़ को देखते हुए मोहनगंज पुलिस मुस्तैद रही। कोतवाल राकेश सिंह की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस मौके पर अवधेश त्रिपाठी, फैय्याज अहमद, राजेश सिंह, जहीर कुरैशी, राजीव सिंह एडवोकेट, आदित्य तिवारी समेत कई गणमान्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# वित्तविहीन प्रबंधक फाउंडेशन की बैठक में स्थापना दिवस पर हुई चर्चा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** रविवार को उत्तर प्रदेश वित्तविहीन प्रबंधक फाउंडेशन की जिला स्तरीय बैठक प्रकाश आइडियल पब्लिक स्कूल, गौरीगंज में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सह-अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष गौरीगंज ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में मुख्य रूप से 23 जून को आयोजित होने वाले फाउंडेशन के स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संगठन प्रदेश स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और निजी विद्यालय संस्कारयुक्त शिक्षा देकर सरकार के प्रयासों में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों के नाम व अन्य त्रुटियों को सुधारने की मांग सरकार से की। तहसील अध्यक्ष अमेठी सुरेश कुमार यादव ने तहसील स्तर पर कार्यकारिणी को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। ब्लॉक अध्यक्ष शाहगढ़ राहुल मिश्रा ने 17 मई 2026 को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक की जानकारी दी और प्रबंधकों से आपसी समरसता बनाए रखने की अपील की।

ब्लॉक अध्यक्ष अमेठी सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि निजी विद्यालयों का अभिभावकों, छात्रों और अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल शिक्षा के स्तर को बढ़ा रहा है। जिला महामंत्री विजय कुमार यादव ने आगामी सत्र में बच्चों के बहुमुखी विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष गौरीगंज जगदीप मिश्रा ने संगठन के विकास पर प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष गौरीगंज डॉ. अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष जयधीर सिंह, मंसूर अली, जय सिंह यादव, रानू श्रीवास्तव, कालिका प्रसाद, दिनेश चौहान, सुनील यादव, मुकेश जायसवाल, भालचंद्र मिश्र रहे।

**लिया जायजा** — एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने किया परियोजना का निरीक्षण

# सौर ऊर्जा प्लांट से बिजली उत्पादन को मिलेगी और गति

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं एनएसपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक और उत्तरा महिला क्लब एवं एवियाना क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक ने एनटीपीसी ऊंचाहार के दो दिवसीय दौरे पर आए। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि रेखा देबाता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लांट की प्रगति की समीक्षा की तथा उत्पादन उत्कृष्टता बनाए रखने पर जोर दिया। अपने दौरे में कौशिक ने प्लांट के ईंधन प्रबंधन क्षेत्र में सातवीं बीओबी आर रैक का शुभारंभ किया। आवासीय परिसर में नए सौर ऊर्जा प्लांट का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से बिजली उत्पादन को और गति शक्ति मिलेगी। निदेशक दंपति के सम्मान में प्रियदर्शिनी महिला क्लब ने अम्बेडकर सभागार में अपना वार्षिक समारोह मनाया। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके इसका उद्घाटन किया। वार्षिक समारोह में अतिथियों का स्वागत परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि देबाता ने किया। इंद्रधनुषी रंगारंग वार्षिक समारोह में क्लब की महिलाओं ने भारत देश की अपनी विरासत का जो सिलसिलेवार ऐतिहासिक प्रस्तुतीकरण किया उसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। अतिथियों ने इस शानदार आयोजन की सराहना करते हुए इसे नई पीढी के लिए प्रेरणादाई बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रियदर्शिनी महिला क्लब की सचिव पूजा गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष झूमिता बिस्वास ने किया। दिवाकर कौशिक तथा सीमा कौशिक ने अपने दौरे के दौरान वृक्षारोपण भी किया तथा छोटे बच्चों के स्कूल लिटिल नेस्ट का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, एस यू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



भ्रमण के दौरान एनटीपीसी के क्षेत्रीय निदेशक के साथ मौजूद अन्य अधिकारी।

### एमएलसी चुनाव को लेकर अवनीश सिंह का जनसंपर्क तेज

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज क्षेत्र में आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान एमएलसी अवनीश सिंह ने शुक्रवार को सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न डिग्री कॉलेजों, इंटर कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों का दौरा कर शिक्षकों, प्राध्यापकों और स्नातक मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अपने पिछले कार्यकाल में शिक्षकों की पेंशन, वेतन विसंगतियों और मानदेय जैसे अहम मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही रोजगार और नौकरी के अवसरों को बढ़ाने के लिए भी निरंतर प्रयास किए गए। उन्होंने मतदाताओं से पुनः समर्थन और आशीर्वाद देने की अपील की। अभियान के दौरान सुशील शुक्ला, मनोज अवस्थी, अनूप पांडे, रवीन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



एमएलसी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।



आशा भी बिल्कुल वैसी ही है, जैसे जमीन पर रास्ते। वास्तव में, जमीन पर पहले कोई रास्ते नहीं थे, लेकिन जब बहुत से लोग एक ही जगह से गुजरते हैं, तो रास्ता बन जाता है।

–लू शुन, चीनी विचारक

## चेतावनी से आगे

भारत में मोबाइल पर तेज़ बीप के साथ आने वाले सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट की शुरुआत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी यानी एनडीएमए और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स सी डॉट द्वारा विकसित 'सचेत' प्रणाली, कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है और देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में सक्रिय की जा चुकी है। यह तकनीकी उन्नति के साथ 'जीवन बचाने' की क्षमता से जुड़ा बड़ा बदलाव है। सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम यानी सीबीएस पहले के सामान्य एसएमएस प्रणाली से इसलिए बेहतर है, क्योंकि नंबर-टू-नंबर भेजे जाने वाले एसएमएस से देरी हो सकती है, जबकि सीबीएस किसी क्षेत्र के सभी मोबाइल टॉवरों से एक साथ संदेश प्रसारित करेगा, जिससे आपातकाल में यह रियल-टाइम और अधिक विश्वसनीय माध्यम बन जाएगा तथा बाढ़, चक्रवात, भूकंप या युद्ध जैसी परिस्थितियों में पल भर में लाखों लोगों तक चेतावनी पहुंच जाएगी।

वैश्विक संदर्भ में देखें, तो भारत इस क्षेत्र में अग्रणी देशों की श्रेणी में थोड़ी देर से ही सही तेजी से शामिल हो रहा है। अमेरिका में फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के तहत ईएएस, ड्ब्ल्यूईए और आईपीडब्ल्यूएस जैसी बहुस्तरीय चेतावनी प्रणालियां वर्षों से सक्रिय हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के कई देशों ने भी भूकंप और आपदाओं के लिए उन्नत अलर्ट सिस्टम विकसित किए हैं। भारत में भी बहुविधि प्रणाली विकसित हो रही है— जैसे मौसम विभाग के अलर्ट, सायरन सिस्टम, टीवी-रेडियो ब्रेकिंग अलर्ट और मोबाइल ऐप्स— परंतु इन सबका एकीकृत और समन्वित उपयोग अभी भी प्रगतिशील ही है। 'सचेत' इस दिशा में एक केंद्रीय प्लेटफॉर्म बनने की क्षमता रखता है। फिलहाल हमारी बड़ी उपलब्धि है कि हमने विशाल जनसंख्या के अनुरूप 19 से अधिक भाषाओं में इसे तेजी से लागू किया है। इस सीबीएस प्रणाली को अभी से 'फूलप्रूफ' कहना जल्दबाज़ी होगी, जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है या सिग्नल कमजोर हैं, वहां यह प्रणाली सीमित हो जाती है। यदि फोन स्विच ऑफ है, बैटरी खत्म है या उपयोगकर्ता ने सीबीएस फीचर बंद कर रखा है, तो अलर्ट नहीं पहुंच पाएगा। भारत के दूरदराज़ क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क की अनियमितता इस प्रणाली की प्रभावशीलता पर असर डाल सकती है, इसलिए तकनीक के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण भी अनिवार्य है। एक मूल प्रश्न यह भी बना रहता है— क्या केवल चेतावनी देना ही पर्याप्त है? उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। आपदा प्रबंधन तीन चरणों पर आधारित होता है— पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास। यदि चेतावनी मिलने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और पुनर्निर्माण की व्यवस्था नहीं है, तो तकनीक का लाभ सीमित रह जाएगा।

देश ने इधर आपदा प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अपनी साख मजबूत की है। चक्रवात प्रबंधन व समय पर निकासी उदाहरण हैं। परंतु जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के बीच चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट प्रणाली बेहतर पहल है, अंतिम समाधान नहीं। यह तकनीक तब ही प्रभावी होगी, जब इसे मजबूत बुनियादी ढांचे, जन-जागरूकता और समन्वित आपदा प्रबंधन रणनीति के साथ जोड़ा जाए।

### प्रसंगवश

## एकल परिवारों में पले बच्चों में बढ़ जाती है संवादहीनता

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है। व्यक्ति के विकास के लिए परिवार आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। पुराने समय में संयुक्त परिवारों का प्रचलन था तथा परिवारों का आकार भी बड़ा होता था। एक संयुक्त परिवार में 20-25 आदमी होना आम बात रहती थी, लेकिन धीरे-धीरे शिक्षा का प्रसार शहरीकरण, पश्चात संस्कृति, निजता का भाव, परस्पर तालमेल की कमी, बढ़ती संवादहीनता अधिक स्वायत्तता की आस, आर्थिक दबाव एवं व्यक्ति का अपने हितों तक सीमित रहना तथा ज्यादा संग्रह की चाहत और लगातार बढ़ती हुई इच्छाओं ने संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया। फलस्वरुप छोटे-छोटे एवं एकल परिवारों का अभ्युदय हुआ।



रवींद्र कुमार

शिक्षक

पहले तो लोगों ने सोचा कि छोटा परिवार सुखी परिवार रहेगा, लेकिन कालांतर में उन्हें संयुक्त परिवार की अहमियत का पता चलने लगा। संयुक्त परिवार एक पूर्ण रूप से संतुलित परिवार होता था। प्राचीन काल में यदि कोई विधवा या विधुर हो जाता था, तो संयुक्त परिवार के अंदर कितनी ताकत एवं व्यवस्था होती थी कि उसका भी जीवन आराम से कट जाता था और जब व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में रहता था, तो उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती थी, लेकिन संयुक्त परिवारों के विघटन के पश्चात एकल परिवारों में असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है।

पहला असंतुलन यह है कि एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चे अपने संयुक्त परिवार के सदस्यों से ठीक से हिल-मिल नहीं पाते हैं। उनमें या तो संवादहीनता रहती है, या फिर संवाद का एक सीमित दायरा होता है। वह अपने चाचा-चाची, दादी-दादी से खुलकर बात करने से कतराते हैं, उन्हें हर बात में संकोच लगता है, जिससे वे बाद में मिलनसार स्वभाव के नहीं हो पाते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास जीवन भर असंतुलित रहता है, यही कारण है। ऐसे बच्चों के साथ जब जीवन में प्यार में धोखा, परीक्षा में असफलता जैसी स्थिति आती है, तो वह किसी से अपनी बातें नहीं कह पाते हैं तो कई बार आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। हमारे समाज में बढ़ती आत्महत्या का एक प्रमुख कारण संयुक्त परिवारों का विघटन एवं एकल परिवारों का चलन भी है। एकल परिवारों के कारण ही हजारों किशोर अपराधी गतिविधियों में लिप्त होते जा रहे हैं।

दांपत्य जीवन में असंतुलन एकल परिवार का एक दूसरा प्रमुख कारण है। पति पत्नी में प्रायः झगड़े होते रहते हैं, इन्हीं विवादों के कारण विवाह विच्छेद के मामले बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि विवाद की स्थिति में आखिर विवादों का निपटारा कौन करे। पति-पत्नी दोनों को यही लगता है कि वह अपने-अपने स्थान पर सही हैं। विवाद बढ़ने की स्थिति में यही पत्नियां दहेज कानून एवं घरेलू हिंसा का सहारा लेकर पूरे परिवार को कानून के कटघरे में खड़ा कर देती हैं, जिससे परिवार तहस-नस हो जाता है।

तीसरा असंतुलन का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव बुजुर्गों पर पड़ा है। संयुक्त परिवारों में बुजुर्ग और बच्चे एक साथ जीवन जीते थे। यही वह समय था, जब बुजुर्ग अपना सारा ज्ञान और अनुभव बच्चों में उकेर देता था और बच्चा भी सहजता से उसे ग्रहण कर लेता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि बुजुर्ग वृद्ध आश्रम में पड़े रहकर उपेक्षा एवं अकेलेपन की जिंदगी काट रहे हैं, वहीं बच्चों का समय मोबाइल के स्क्रीन पर कट रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## जापान की बदली रक्षा नीति से चीन घबराया





नवीन गुप्ता

बरेली

चीन और जापान की दुश्मनी जग जाहिर है। चीन इस बात से परेशान है कि जापान परमाणु बम परीक्षण कर सकता है। चीन को डर है कि कहीं जापान भी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बन गया, तो उसके लिए मुश्किल खड़ी होगी। यही वजह है कि उसने संयुक्त राष्ट्र संघ में जापान को परमाणु बम के परीक्षण से रोकने की गुहार लगाई है। जापान ने भी अब चीन से आंखों से आंखें मिलाकर बात करने की ठान ली है।

चीन की बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए ही उसने अपने पड़ोसी और चीन के दुश्मन राष्ट्रों के साथ सामरिक दृष्टि से अपने रिश्ते मजबूत करने शुरू कर दिए हैं। जापान ने न सिर्फ फिलीपींस के साथ मिल कर दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए कदम उठाया, बल्कि आस्ट्रेलिया, वियतमान से भी उसने कई समझौते किए हैं, जो चीन की टेंशन बढ़ाने वाले हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान और उसके मित्र राष्ट्रों को हार का सामना करना पड़ा था। इस युद्ध में मिली हार के बाद से ही जापान और चीन में तनाव बना हुआ है। बीच-बीच में रिश्ते सुधर जाते हैं, लेकिन कई ऐसे मौके आते हैं, जब चीन दादागिरी दिखाने की कोशिश करता है, तो जापान को भी आंखें तरेरनी पड़ती हैं। फिलहाल पिछले कई महीने से चीन और जापान के बीच तनाव का सबसे बड़ा कारण है ताइवान।

जापान की प्रधानमंत्री सनाई तकाइची द्वारा ताइवान की चीन से रक्षा के एलान से ही चीन नाराज है। कई बार उसने जापान की समुद्री सीमा और हवाई सीमा का उल्लंघन किया है। चीन सीधे जापान को युद्ध की धमकी देता है। इससे जापान नाराज है और चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए ही अपनी सामरिक शक्ति को बढ़ाने का एलान कर चुका है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी और उसने घातक हथयारों के उत्पादन और निर्यात पर खुद ही प्रतिबंध लगा दिया था। तय किया गया था कि उसकी सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी, लेकिन अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है और लड़ाकू विमान, मिसाइल आदि के निर्यात को मंजूरी दे दी है। यहां तक कि परमाणु बम बनाने की दिशा में भी उसने कदम उठाए हैं।

> द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी। अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है।

इसके संकेत मिलते ही चीन परेशान हो उठा है, इसीलिए चीन ने पहली बार आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र को इसकी जानकारी दी है और यह कहा है कि यदि जापान को रोका नहीं गया, तो वह आने वाले दिनों में परमाणु हथियार का परीक्षण कर सकता है। चीन का तो यहां तक दावा है कि जापान के पास प्लूटोनियम की इतनी मात्रा है कि वह 55 सौ परमाणु हथियार बना सकता है।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र को दी गई शिकायत में कहा है कि जापान कम समय में न्यूक्लियर ब्रेक आउट हासिल करने की क्षमता रखा है। चीन से इसे अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। कहा है कि जापान अपने शांतिवादी संविधान, परमाणु हथियार न रखने और न ही बनाने और न लाने की नीति में बदलाव की कोशिश कर रहा है। यहां समझना जरूरी है कि चीन की परेशानी का सबसे बड़ा कारण है जापान द्वारा अपनी नीति में किया गया बदलाव।

जापानी प्रधानमंत्री ने एक 15 सदस्यीय पैनल बनाया है, जिसने तीन गैर परमाणु सिद्धांतों को बदलने की स्पष्ट वकालत की है। साथ ही जापान को लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइलों के निर्माण पर जोर दिया है। इतना ही नहीं चीन को डर है कि कहीं जापान अमेरिका को अपनी धरती पर परमाणु हथियार रखने वाली मिसाइलों की तैनाती की अनुमति दे सकता है। चीन के साथ ही उत्तर कोरिया भी लगातार जापान को धमकियां देता है।

इससे जापान ने चीन से परेशान उसके पड़ोसियों के साथ गठबंधन बनाने की ठान ली है, इसीलिए आस्ट्रेलिया, वियतनाम, फिलीपींस जैसे देशों के साथ जापान ने इसकी चर्चा भी शुरू कर दी है।

आस्ट्रेलिया और जापान के बीच तो पिछले महीने सात अरब डालर से अधिक का ऐतिहासिक युद्धपोत समझौता हुआ है। अब जापान की ओर से आस्ट्रेलिया को 11 उन्नत मोगामी श्रेणी के फ्रिगेड दिए जाएंगे। जापानी कंपनी मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्री इस फ्रिगेट को तैयार करेगी। इस समझौते से भी चीन परेशान है। चीन, जापान से इस बात से नाराज है कि वह ताइवान का समर्थन क्यों कर रहा है, जबकि जापान अब ताइवान के प्रति चीन की आक्रमता को रोकने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। इसमें उसे अमेरिका का भी पूरा साथ मिल रहा है।

अमेरिकी रक्षा कंपनियां ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों की आपूर्ति करती हैं। जरूरत पड़ने पर जापान भी अमेरिका जैसा ही कदम उठा सकता है। यदि ऐसा होता है तो चीन के लिए मुश्किल बढ़ेगी ही कम नहीं होगी। हाल में ही जापान और इंडोनेशिया के बीच ऊर्जा के साथ ही रक्षा समझौता भी हुआ है। इंडोनेशिया और चीन के बीच भी तनाव है। ऐसे में विरोधी देशों के एक मंच पर आने से चीन चिंतित है। उसे लगता है कि उसकी बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए यदि ये सभी देश एकजुट होंगे, तो उसकी शक्तियां कमजोर होंगी।

जापान, ताइवान को अपनी फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस मानता है। यही वजह है कि वह ताइवान के पास स्थित योनागुनी द्वीप पर अब मिसाइल बेस बना रहा है। चीन चाहता है कि जापान किसी भी स्थिति में ताइवान का साथ न दे, लेकिन खुद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जापान पूरी शिद्दत के साथ ताइवान के साथ खड़ा है।

### आमने सामने



हम (ईरान) समुद्री लुटेरों जैसे हैं। समुद्र में एक सैन्य कार्रवाई के दौरान उनके कर्मचारी ने एक जहाज को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया और फिर उसे निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा, अपना जहाज घुमा दो! तुरंत इंजन कक्ष खाली करो। आप देख सकते हैं कि सभी लोग वहां से भाग रहे हैं।

–डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है। यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी।

–इस्माइल बगाई
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, ईरान



## मुक्त व्यापार समझौते और भारतीय उद्योग



रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से एक नए व्यापारिक ढांचे की ओर बढ़ रही है, जहां देशों के बीच प्रतिस्पर्धा केवल उत्पादन या लागत तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि बाजार तक पहुंच, टैरिफ नीति और सप्लाई चेन एकीकरण पर भी निर्भर हो गई है। भारत इस परिवर्तन के केंद्र में उभर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में उसने मुक्त व्यापार समझौतों (Free Trade Agreements– FTA) के माध्यम से वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्तमान समय में भारत का कुल वस्तु एवं सेवा व्यापार लगभग 1.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है, जो यह दर्शाता है कि भारत तेजी से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख खिलाड़ी बन रहा है।

भारत-यूएई के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) लागू होने के बाद द्विपक्षीय व्यापार FY24 में लगभग 83–84 अरब डॉलर रहा और FY25 में यह 85 अरब डॉलर के आसपास पहुंचने का अनुमान है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सही रणनीति के साथ ऐसे समझौते निर्यात वृद्धि को गति दे सकते हैं। इसी प्रकार, भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ECTA) के तहत भारत के लगभग 100 प्रतिशत निर्यात को ऑस्ट्रेलिया में ड्यूटी-फ्री एक्सेस प्राप्त हुआ है, जिससे इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिली है। इसके साथ ही, भारत-यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के साथ उन्नत स्तर की वार्ताएं यह संकेत देती हैं कि भारत अब वैश्विक व्यापार नेटवर्क में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

> FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।

एक वित्तीय और आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं, जिससे निर्यात में वृद्धि होती है और विदेशी मुद्रा आय बढ़ती है। इसके साथ ही, यह समझौते विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को भी आकर्षित करते हैं, क्योंकि वैश्विक कंपनियां भारत को एक निर्यात हब के रूप में देखने लगती हैं। 'चाइना प्लस वन' रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को विविध बनाना चाहती हैं, और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटो कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हो सकती है, जिससे रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इन अवसरों के साथ कई महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि क्या भारतीय उद्योग, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (MSME), वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जब टैरिफ कम होते हैं, तो विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते हो जाते हैं, जिससे घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ता है। यदि भारतीय कंपनियां लागत, गुणवत्ता और तकनीक के स्तर पर प्रतिस्पर्धी नहीं बन पातीं, तो यह स्थिति उनके लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसके अलावा, कई मामलों में FTA के बाद आयात तेजी से बढ़ते हैं, जबकि निर्यात अपेक्षाकृत धीमी गति से बढ़ते हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ने का जोखिम बना रहता है। यह स्थिति मुद्रा पर दबाव डाल सकती है और व्यापक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

कृषि क्षेत्र इस संदर्भ में और भी संवेदनशील है, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है। यदि कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम होते हैं, तो विदेशी सस्ते उत्पाद भारतीय बाजार में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हो सकती है, हालांकि भारत ने हालिया समझौतों में डेयरी और कुछ अन्य संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने की रणनीति अपनाई है, जो एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। फिर भी, यह आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए तकनीकी सुधार, भंडारण और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाए।

वित्तीय बाजारों के दृष्टिकोण से FTA का प्रभाव बहुआयामी होता है। निर्यात-उन्मुख कंपनियों जैसे आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग सेक्टर को इससे लाभ मिल सकता है, जिससे उनके शेयरों में सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकता है। इसके विपरीत, आयात-निर्भर उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है। यदि FTA के कारण निर्यात में वृद्धि होती है, तो इससे रुपये को स्थिरता मिल सकती है और विदेशी निवेश (FDI) में वृद्धि हो सकती है। वहीं, यदि व्यापार घाटा बढ़ता है, तो यह मुद्रा और शेयर बाजार दोनों के लिए चुनौती बन सकता है, इसलिए निवेशकों के लिए यह आवश्यक है कि वे सेक्टर-आधारित रणनीति अपनाएं और उन कंपनियों पर ध्यान दें, जिनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## तब ट्रंप फ्रेंच बोल रहे होते

ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स थर्ड ने व्हाइट हाउस के राजकीय भोज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं के अंदाज़ में करारा जवाब दिया और वह भी इतनी शालीनता से कि ट्रंप खुद तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।



संजय किशोर

वरिष्ठ पत्रकार

ट्रंप अक्सर यूरोपीय देशों पर तंज कसते हुए कहते रहे हैं कि अगर अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में मदद न करता, तो आज यूरोप जर्मन भाषा बोल रहा होता। इस बार किंग चार्ल्स ने उसी तर्ज पर जवाब देते हुए कहा, "मिस्टर प्रेसिडेंट, आपने हाल ही में टिप्पणी की थी कि अगर अमेरिका न होता, तो यूरोप जर्मन बोल रहा होता। तो मैं यह कहने का साहस करता हूं कि अगर हम ब्रिटिश न होते तो आज आप फ्रेंच बोल रहे होते।"

यह टिप्पणी 250 साल पुराने उस इतिहास की याद दिलाती है, जब उत्तरी अमेरिका पर कब्ज़े के लिए ब्रिटेन और फ्रांस के बीच भीषण युद्ध छिड़ा था। चार्ल्स के इस 'ऐतिहासिक पंच' से पूरा डिनर हॉल ठहाकों से गूंज उठा।

महाराजा ने ट्रंप के उस 400 मिलियन डॉलर के भव्य बॉलरूम पर भी निशाना साधा, जिसे उन्होंने व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग में बनवाया है। चार्ल्स ने मुस्कुराते हुए कहा, "हम ब्रिटिशों ने भी 1814 में व्हाइट हाउस के रियल स्टेट रिडेवलपमेंट का प्रयास किया था।"

यह इशारा उस ऐतिहासिक घटना की तरफ था जब 1812 के युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने व्हाइट हाउस को जला दिया था। ट्रंप, जो खुद एक दिग्गज रियल एस्टेट कारोबारी रहे हैं, इस चुटकी पर अपनी हंसी नहीं रोक सके।

भोज के दौरान किंग चार्ल्स ने राष्ट्रपति ट्रंप को एक अनूठा उपहार भेंट किया, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में लॉन्च हुई ब्रिटिश पनडुब्बी HMS Trump की मूल घंटी। इस मौके पर महाराजा ने मजाकिया लहजे में कहा, "यह हमारे देशों के साझा इतिहास और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है और भविष्य में जब भी आपको हमारी ज़रूरत पड़े बस एक 'रिंग' (घंटी/फोन) दे देना।"

यह राजकीय यात्रा ईरान युद्ध, NATO और यूक्रेन जैसे मुद्दों पर जारी तनाव के बीच हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि किंग चार्ल्स का यह अंदाज़ दरअसल एक 'Charm Offensive' था। यानी हंसी-मज़ाक और इतिहास की आड़ में कड़वाहट को कम करने की एक सोची-समझी कोशिश और फिलहाल तो ऐसा लगता है कि किंग चार्ल्स अपनी इस चाल में कामयाब रहे हैं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी

लोकतंत्र की सार्थकता केवल मतदान की ऊंची दरों में नहीं, बल्कि विधायी सदनों के भीतर प्रतिनिधित्व की वास्तविक समावेशिता में निहित है। प्रश्न यह है कि क्या बढ़ती चुनावी भागीदारी सत्ता-संरचना में समान हिस्सेदारी में भी रूपांतरित हो रही है? राजस्थान के सात दशकों का विधायी अनुभव इस प्रश्न का एक ऐसा सांख्यिकीय उत्तर प्रस्तुत करता है, जो स्थापित राष्ट्रीय धारणाओं को चुनौती देते हुए संख्या से शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी के एक नए और सशक्त यथार्थ को उजागर करता है।



डॉ. कैलाश चंद सैनी

पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी

लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था की जीवंतता केवल चुनावों की नियमितता या मतदाता भागीदारी की ऊंची दर से नहीं आंकी जा सकती; उसकी वास्तविक कसौटी इस बात में निहित होती है कि वह अपने नागरिकों को किस हद तक समावेशी, संतुलित और प्रभावी प्रतिनिधित्व प्रदान करती है। हाल के लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में पश्चिम बंगाल में दर्ज 92.72 प्रतिशत मतदान यह संकेत अवश्य देता है कि भारतीय मतदाता लोकतंत्र के प्रति अत्यंत सजग है, किंतु इसके समानांतर एक मूलभूत प्रश्न अब भी प्रासंगिक बना हुआ है कि क्या यह व्यापक भागीदारी सत्ता-संरचना में समान प्रतिनिधित्व में भी रूपांतरित हो रही है? महिला प्रतिनिधित्व इसी प्रश्न की सबसे सटीक कसौटी है। जब हम लोकसभा तथा राजस्थान विधानसभा के आंकड़ों को साथ रखकर देखते हैं, तो एक ऐसा परिदृश्य उभरता है, जो स्थापित धारणाओं को चुनौती देता है।

सामान्य धारणा यह रही है कि राष्ट्रीय राजनीति प्रतिनिधित्व के प्रश्नों पर अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील होती है, जबकि क्षेत्रीय राजनीति परंपरागत सामाजिक संरचनाओं से अधिक प्रभावित रहती है, किंतु महिला प्रतिनिधित्व के संदर्भ में राजस्थान का अनुभव इस धारणा को उलट देता है।

1952 से 2023 तक की 16 विधानसभाओं में कुल 2080 सीटों पर हुए चुनावों में 330 बार महिलाओं ने विजय प्राप्त की है, जो औसतन 11 प्रतिशत से अधिक है। इसके विपरीत, 18 लोकसभाओं के लिए हुए कुल 9573 निर्वाचनों में केवल 745 महिलाएं ही निर्वाचित हो सकी हैं, जो लगभग 7.78 प्रतिशत है। यह 3.22 प्रतिशत का अंतर मात्र सांख्यिकीय नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक संकेत का द्योतक है कि राजस्थान के मतदाताओं ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में महिला नेतृत्व पर अधिक भरोसा जताया है, जहां राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि धीमी किंतु अपेक्षाकृत स्थिर रही है, वहीं राजस्थान में अवसर अधिक दिखाई देते हैं, पर उनकी निरंतरता उतनी सुनिश्चित नहीं है।

लोकसभा में राजस्थान की महिलाओं की उपस्थिति का इतिहास स्वयं में एक उतार-चढ़ावपूर्ण यात्रा का द्योतक है। पहली, दूसरी और छठी लोकसभा में राजस्थान से एक भी महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई। 1952 से 2024 तक राजस्थान से कुल 22 महिलाओं ने लोकसभा में प्रवेश किया, जिन्होंने कुल मिलाकर 34 बार विजय प्राप्त की।

इन 22 महिलाओं में से केवल छह ऐसी रही हैं, जिन्होंने एकाधिक बार लोकसभा में स्थान बनाया। वसुंधरा राजे का पांच बार निर्वाचित होना, डॉ. गिरिजा व्यास का चार बार तथा राजमाता गायत्री देवी का तीन बार संसद पहुंचना इस प्रवृत्ति के उदाहरण अपवादस्वरूप हैं। 16 महिलाएं ऐसी रही हैं जो केवल एक बार ही लोकसभा तक पहुंच सकीं। यह स्थिति एक स्पष्ट संदेश देती है कि राजनीति में महिलाओं के लिए प्रवेश अब संभव है, पर स्थायित्व अभी भी चुनौतीपूर्ण है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# समर में मेकअप से दें खुद को कूल लुक

गर्मियों का मौसम आते ही स्किन केयर और मेकअप रूटीन दोनों में बदलाव जरूरी हो जाता है। तेज धूप, पसीना, धूल और बढ़ती ऑयल प्रोडक्शन की वजह से मेकअप जल्दी पिघल जाता है और चेहरा डल दिखने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि हम ऐसा मेकअप करें जो हल्का, फ्रेश, स्किन-फ्रेंडली और लंबे समय तक टिकने वाला हो। हम जानेंगे कि गर्मियों में कैसा मेकअप करना चाहिए, न्यूड मेकअप को कैसे परफेक्ट तरीके से कैरी करें और किन नई टिप्स को अपनाकर आप अपने लुक को और बेहतर बना सकती हैं।







नूर हिना खान
लेखिका

## स्किन प्रेप है सबसे जरूरी

गर्मियों में मेकअप से पहले स्किन को सही तरीके से तैयार करना सबसे अहम स्टेप है।

- सबसे पहले माइल्ड फेस वॉश या जेल बेस्ड क्लींजर से चेहरा साफ करें।
- उसके बाद अल्कोहल-फ्री टोनर लगाएं, जिससे पोर्स टाइट रहें।
- लाइट, ऑयल-फ्री मॉइश्चराइजर लगाएं और सबसे जरूरी सनस्क्रीन जरूर लगाएं।
- बाहर निकलने से 15-20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाना न भूलें। स्किन जितनी हाइड्रेटेड और प्रोटेक्टेड होगी, मेकअप उतना ही स्मूद और टिकाऊ लगेगा।



## प्राइमर का करें इस्तेमाल

अक्सर लोग इस स्टेप को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन गर्मियों में प्राइमर बहुत जरूरी होता है।

- ऑयली स्किन के लिए मैटिफाइंग प्राइमर चुनें
- ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर रहेगा
- प्राइमर मेकअप को लंबे समय तक सेट रखता है और पसीने से खराब होने से बचाता है।

## हैवी फाउंडेशन से बचें

गर्मियों में हैवी फाउंडेशन लगाने से चेहरा केकी, पसीनेदार और ऑयली लग सकता है।

- इसके बजाय BB क्रीम या CC क्रीम का इस्तेमाल करें।
- लाइट-वेट, वाटर-बेस्ड फाउंडेशन चुनें।
- जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं (स्पॉट करेक्शन)।

इससे आपका मेकअप नेचुरल, लाइट और स्किन-लाइक दिखेगा।

## न्यूड मेकअप- सबसे बेस्ट ऑप्शन

गर्मियों के लिए न्यूड मेकअप लुक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है, क्योंकि ये सिंपल, एलिगेंट और नेचुरल होता है।

## कैसे करें न्यूड मेकअप

- **बेस :** हल्का व स्किन टोन से मैच करता हुआ रखें।
- **आई मेकअप:** ब्राउन, पीच, बेज या सॉफ्ट न्यूड शेड्स।
- **ब्लश :** हल्का पिंक, पीच या कोरल रखें।
- **हाईलाइटर :** बहुत हल्का, सिर्फ नैचुरल ग्लो के लिए
- **लिपस्टिक:** न्यूड, पीच, रोज या लाइट पिंक

न्यूड मेकअप का मकसद है कि आप मेकअप में भी नेचुरल और फ्रेश दिखें।

## आई मेकअप हल्का रखें

- गर्मियों में स्मोकी या हैवी आई मेकअप से बचना चाहिए, क्योंकि ये जल्दी स्मज हो सकता है।
- लाइट और मैट आईशैडो यूज करें, वॉटरप्रूफ काजल और मस्कारा लगाएं, आईलाइनर पतला रखें।
- इससे आपका लुक क्लीन, फ्रेश और डे-फ्रेंडली लगेगा।

## कम से कम प्रोडक्ट्स करें यूज

गर्मी में ज्यादा मेकअप करने से पसीना आता है और मेकअप जल्दी खराब हो जाता है।

**मिनिमल मेकअप रखें, मल्टी-यूज प्रोडक्ट्स** (जैसे लिप-एंड-चीक टिंट) का इस्तेमाल करें। "Less is more" गर्मियों के लिए सबसे परफेक्ट मंत्र है।

**सेटिंग पाउडर और सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल**
मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए हल्का सेटिंग पाउडर लगाएं (खासतौर पर T-zone पर) और अंत में सेटिंग स्प्रे जरूर यूज करें। इससे मेकअप पिघलेगा नहीं और पूरे दिन फ्रेश बना रहेगा।

**मैट और ऑयल-फ्री प्रोडक्ट्स चुनें-** गर्मियों में स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है, इसलिए सही प्रोडक्ट चुनना जरूरी है।

**मैट फिनिश मेकअप प्रोडक्ट्स यूज करें**
ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें। इससे चेहरा ज्यादा शाइनी नहीं लगेगा और एक सॉफ्ट मैट लुक मिलेगा।

## नई और जरूरी टिप्स

- अपने बैग में फेस मिस्ट रखें, जिससे स्किन तुरंत फ्रेश लगेगी।
- ब्लॉटिंग पेपर से एक्स्ट्रा ऑयल हटाएं, बिना मेकअप खराब किए। ये छोटे स्टेप्स आपके लुक को पूरे दिन मेंटेन रखने में मदद करते हैं।

## हाइड्रेशन और डाइट का रखें ध्यान

गर्मी में सिर्फ बाहर से नहीं, अंदर से भी स्किन का ख्याल रखना जरूरी है।

- ज्यादा पानी पिएं, फ्रूट्स (जैसे तरबूज, खीरा) डाइट में शामिल करें। हेल्दी स्किन पर मेकअप खुद-ब-खुद अच्छा लगता है।

गर्मियों में मेकअप का मतलब है हल्का, फ्रेश और नेचुरल लुक। हैवी और लेयर्ड मेकअप से बचते हुए अगर आप न्यूड मेकअप अपनाती हैं, तो आप बिना ज्यादा मेहनत के भी खूबसूरत और एलिगेंट दिख सकती हैं। सही स्किन प्रेप, हल्के प्रोडक्ट्स, मैट फिनिश और न्यूड टोन के साथ आप हर दिन एक परफेक्ट समर लुक पा सकती हैं।

**टिप :** हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट्स चुनें, दिन में 2-3 बार फेस क्लीन रखें और जरूरत पड़ने पर मेकअप को हल्का टच-अप जरूर दें, ताकि आपका लुक पूरे दिन फ्रेश और ग्लोइंग बना रहे।

ओटीटी

# स्वराज्य की कहानी अधूरी प्रभावशीलता




फिल्म राजा शिवाजी, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और उनके "स्वराज्य" के विचार को बड़े पैमाने पर प्रस्तुत करने की कोशिश करती है। यह केवल एक ऐतिहासिक फिल्म नहीं, बल्कि उनकी सोच, साहस और नेतृत्व को दर्शाने वाली एक सिनेमैटिक यात्रा है। निर्देशक रितेश देशमुख ने फिल्म को भव्यता और भावनात्मक गहराई के साथ पेश करने का प्रयास किया है। फिल्म का टोन गंभीर और प्रेरणादायक है, जिसमें शिवाजी महाराज की रणनीति और संघर्ष को प्रमुखता दी गई है। फिल्म का सबसे मजबूत पक्ष इसका विजुअल स्केल है। सेट डिजाइन, लोकेशन, कॉस्ट्यूम और सिनेमैटोग्राफी मिलकर एक प्रभावशाली ऐतिहासिक माहौल बनाते हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी कई दृश्यों को और असरदार बनाता है। हालांकि, फिल्म की कमजोरी इसकी लंबाई और धीमी गति है। कई जगह कहानी खिंचती है और स्क्रीनप्ले में कसावट की कमी दिखती है। कुछ सीन अनावश्यक रूप से लंबे और ज्यादा नाटकीय लगते हैं। रितेश देशमुख का अभिनय ईमानदार है, लेकिन कुछ दृश्यों में और प्रभाव की गुंजाइश थी। सलमान खान का कैमियो आकर्षक है। कुल मिलाकर, यह फिल्म भव्य और प्रेरणादायक है, जो शिवाजी महाराज की विरासत को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करती है, हालांकि बेहतर संपादन इसे और प्रभावशाली बना सकता था।

*समीक्षक-प्रदीप शर्मा*

# भव्यता और फैंटेसी का कॉम्बो

मिथुन मैनुअल थॉमस की डायरेक्ट की हुई और जयसूर्या स्टारर मलयालम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आडू 3ः वन लास्ट राइड - पार्ट 1' ZEE5 पर स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल है। इस फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट होने के कारण, जिसके बहुत बड़े फैन बेस हैं, फिल्म ने काफी चर्चा बटोरी है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 120 करोड़ का बिजनेस किया है। आडू शब्द का मतलब बकरी है। फ्रेंचाइजी के पहले पार्ट में, शाजी पपन (जयसूर्या) और उनकी टीम रस्साकशी के खेल में एक मैच जीतते हैं और विनर के तौर पर उन्हें एक बकरी गिफ्ट में मिलती है। बकरी और टीम के कैरेक्टर्स का कॉम्बिनेशन पहले पार्ट में एक जबरदस्त कॉमेडी देता है। पहले पार्ट के बाद, शाजी पप्पन (जयसूर्या), अरक्कल अबू (सैजू कुरुप) और "ड्यूड" (विनायकन) के कैरेक्टर इंटरनेट कल्चर और मीम सर्कल में बहुत पॉपुलर हो गए।



आडू 3 कॉमेडी से ज्यादा भव्यता और फैंटेसी को प्राथमिकता देती है। नो डाउट फिल्म हमें एंटरटेन करती हैं, लेकिन आडू फ्रेंचाइजी अपनी लगातार, रियलिस्टिक और मजेदार कॉमेडी के लिए जानी जाती है। 3 में इसकी कुछ कमी है। फिल्म एक नॉन-लीनियर, मल्टी-टाइमलाइन अप्रोच का इस्तेमाल करती है, जो कैरेक्टर्स को 1700 के दशक में ले जाती है। आडू 3ः वन लास्ट राइड- पार्ट 1' को एक एम्बिशियस प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जा रहा है, जो सीरीज की जानी-मानी टाइट, कैओटिक कॉमेडी से ज्यादा भव्यता को प्राथमिकता देता है। अगर आप इन कैरेक्टर्स के डाई-हार्ड फैन हैं, तो यह फिल्म आपको एक नॉस्टैल्जिक एक्सपीरियंस दे सकती है।

*समीक्षाः शिवकांत पालवे*



# पति-पत्नी और वो दो रिलीज हुआ ट्रेलर




'पति-पत्नी और वो दो' के ट्रेलर के रिलीज होने से पहले, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और जनप्रिय हास्य शैली के लिए पहचाने जाने वाले निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म हास्य, उलझन और रोजमर्रा की परिस्थितियों से जुड़ी एक पारिवारिक मनोरंजक कहानी होने का वादा करती है। आयुष्मान के साथ काम करने पर बात करते हुए मुदस्सर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आयुष्मान खुराना देश के सबसे पसंदीदा ऐसे 'अच्छे इंसान' हैं, जो परिस्थितियों में फंस जाते हैं। पिछले एक दशक में इस प्रकार की फिल्मों में उनका काम उत्कृष्ट रहा है। मुझे गर्व है कि इस बार मैं उनके दर्शकों के सामने एक ऐसा आयुष्मान प्रस्तुत कर रहा हूं, जो अपनी ही परिस्थिति का समाधान भी है। प्रजापति पांडे ने स्वयं को निभाने के लिए आयुष्मान खुराना को चुना है।

फिल्म श्रृंखला के बारे में बात करते हुए मुदस्सर ने 'पति पत्नी और वो दो' के विकास पर जोर दिया और संकेत दिया कि यह फिल्म अपने मूल हास्य तत्वों को बनाए रखते हुए एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी। अनेक कलाकारों के साथ काम करने में दक्ष, मुदस्सर ने सेट पर कलाकारों के बीच तालमेल को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, "परिस्थिति-आधारित हास्य में कई किरदारों की कहानी को साथ लेकर चलना एक प्रभावशाली पटकथा की मांग करता है। केवल हास्य प्रसंगों पर निर्भर न रहकर, किरदारों को परिस्थितियों में रखना जरूरी होता है, ताकि उनके चरित्र की यात्रा बनी रहे। जहां तक हास्य की लय का सवाल है, मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस फिल्म में 6-7 उत्कृष्ट कलाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला और इसका श्रेय उन्हें भी उतना ही जाता है, जितना मुझे।" 'पति पत्नी और वो दो' अपने मूल में पारंपरिक देसी हास्य को आधुनिक अंदाज के साथ प्रस्तुत करती है, जिसमें उलझन, अफरा-तफरी और रोजमर्रा के रिश्तों से उपजे हंसी के क्षण शामिल हैं। फिल्म अपनी जड़ों से जुड़ी सादगी को बनाए रखते हुए, विचित्र किरदारों और परिस्थिति-आधारित हास्य के माध्यम से मनोरंजन को और ऊंचाई देती है, जो इसे एक आदर्श पारिवारिक फिल्म बनाती है। यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। मनोरंजन से भरपूर इस यात्रा के लिए तैयार हो जाइए।

# बाल कलाकार से दिग्गज अभिनेत्री तक

74 वर्ष की उम्र में भी अपनी जीवंत उपस्थिति से दर्शकों को आकर्षित करने वाली अभिनेत्री अरुणा ईरानी हिंदी सिनेमा का एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने लंबे समय तक अपने अभिनय और नृत्य से दर्शकों के दिलों पर राज किया। तीन मई 1952 को मुंबई में जन्मी अरुणा ने बेहद कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखा और देखते ही देखते सैकड़ों फिल्मों का हिस्सा बन गईं।

## जिंदगी का सफर





अरुणा ईरानी ने अपने करियर की शुरुआत 1961 में गंगा जमुना से की, जिसमें उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में काम किया। उस समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 300 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। उनके करियर की खास पहचान उनके शानदार डांस नंबर रहे, जिनमें "चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी" और "दिलबर दिल से प्यारे" जैसे गीत आज भी लोकप्रिय हैं। फिल्म कारवां में उनके अभिनय और नृत्य को विशेष सराहना मिली, जिसने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ बॉम्बे टू गोवा में भी काम किया, जो उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है। इस दौर में उनका नाम कॉमेडियन महमूद के साथ भी जोड़ा गया, जिनके साथ उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। अरुणा ईरानी न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री रहीं, बल्कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में नए कलाकारों को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई। जितेंद्र, ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, जयाप्रदा और संजय दत्त जैसे कलाकारों के शुरुआती दौर में उन्होंने सहयोग दिया। हालांकि इनमें से कई सितारे आगे चलकर सुपरस्टार बने, जबकि अरुणा का सफर मुख्यतः सहायक भूमिकाओं तक सीमित रह गया। फिर भी, उनके अभिनय को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड फिल्म "पेट प्यार और पाप" और बेटा के लिए मिला। इसके अलावा 2012 में उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने टीवी की दुनिया में भी अपनी पहचान बनाई। "जमाना बदल गया" से छोटे पर्दे पर शुरुआत करने के बाद वे कहानी घर-घर की, झांसी की रानी और देखा एक ख्वाब जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में नजर आईं। अरुणा ईरानी का सफर संघर्ष, समर्पण और निरंतरता की मिसाल है, जो उन्हें हिंदी सिनेमा की एक खास और सम्मानित शख्सियत बनाता है।

## सीआईएल-सैम को 918 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसके संयुक्त उद्यम सीआईएल-सैम इंडिया को जयपुर मेट्रो से डिजाइन और निर्माण कार्यों के लिए 918.04 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस अनुबंध में जयपुर मेट्रो के फेज-2 विस्तार के तहत 10.8 किलोमीटर के हिस्से में एक ऊंचे वायडक्ट और दस ऊंचे मेट्रो स्टेशनों का डिजाइन और निर्माण शामिल है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 4 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रेडिसन का इस साल भारत में 160 होटल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** रेडिसन होटल ग्रुप को उम्मीद है कि वह दिसंबर 2026 तक भारत में अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाकर 157-160 परिचालन वाले होटलों और 19,000-19,500 कमरों तक ले जाएगा। कंपनी के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी निखिल शर्मा ने बताया कि समूह 2030 तक भारत में 500 होटलों के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। शर्मा ने कहा कि इस समय हमारे पास 17,000 कमरे परिचालन में हैं। इस साल 18 और होटल खुलने वाले हैं, जिससे हम 2,000 से 2,500 कमरे और जोड़ रहे हैं। वैश्विक आतिथ्य श्रृंखला रेडिसन भारत में 142 होटलों का संचालन करती है और 84 अन्य तैयार हो रहे हैं।

### यूनिलीवर को बिक्री बढ़ने की उम्मीद : सीईओ

**नई दिल्ली।** यूनिलीवर के सीईओ फर्नांडो फर्नांडीज ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं तथा कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से पैकेजिंग लागत बढ़ने के बीच भारत जैसे बाजारों में स्थानीय प्रतिस्पर्धा घट रही है, जिससे यूनिलीवर को घरेलू देखभाल श्रेणी में मात्रा वृद्धि को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में आपूर्ति संबंधी बाधाओं से अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और कंपनी की बहुध्रुवीय आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ बनी हुई है। फर्नांडीज ने कहा कि हम भारत और दक्षिण-पूर्वी एशिया में कुछ स्थानीय कंपनियों के बीच आपूर्ति की कमी देख रहे हैं। इससे हमारी बिक्री को बल मिलेगा और भविष्य में कीमतों का समायोजन करना सरल हो जाएगा।

### डी-मार्ट का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 19.17 प्रतिशत बढ़कर 656.42 करोड़ रुपये हो गया। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एक साल पहले की जनवरी-मार्च तिमाही में 550.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान परिचालन से राजस्व 18.9 प्रतिशत बढ़कर 17,683.86 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 14,871.86 करोड़ रुपये था।

### चमड़ा, जूता उद्योग ने की शुल्क छूट की मांग

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की लागत में 40 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि होने के बीच चमड़ा और जूता उद्योग ने कृत्रिम चमड़ा, धातु सहायक सामग्री, मशीनरी, धागे, सांचे और कुछ रसायनों जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात शुल्क में छूट देने की मांग की है। एक उद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग ने हाल ही में इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष मामला उठाया है। अधिकारी ने कहा कि निर्यातकों ने सरकार से प्रस्तावित 'फ्लोट' (फुटवियर एवं चमड़ा उन्मुख परिवर्तन) योजना को शीघ्र लागू करने का सुझाव दिया है, ताकि पूरे उत्पाद वर्ग, कच्चे माल, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्रियों को इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्रस्ट और तैयार चमड़े के शुल्क-मुक्त आयात की भी मांग की गई है। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल और अन्य आवश्यक सामग्रियों की लागत में 40-60 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

## दमदार शुरुआत : बाजार में 42 प्रतिशत हुई मारुति की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत 42 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ की है, जो पिछले वित्त वर्ष के 39 प्रतिशत से अधिक है।

उद्योग के अनुमानों के अनुसार कंपनी ने अप्रैल में 1,91,122 इकाइयों की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की और इस महीने बाजार हिस्सेदारी में लगभग तीन प्रतिशत की वृद्धि की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री), पार्थो बनर्जी ने बताया, हालांकि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की अगुवाई उसकी यात्री कारों ने की है, लेकिन इसमें एसयूवी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने अप्रैल में रिकॉर्ड बिक्री के साथ नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है और बाजार हिस्सेदारी भी हासिल की है। कंपनी की इससे पहले की सबसे अधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाइयों की थी। इस साल अप्रैल में यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 68,244 इकाई थी। बनर्जी ने कहा कि एसयूवी में 55,065 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक बिक्री की है, जो पिछले वर्ष से 141.6 प्रतिशत अधिक है।

## साइबर सुरक्षा के लिए आईटी पर खर्च बढ़ाएंगे सरकारी बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहक डेटा की रक्षा करने और मौद्रिक संसाधनों को बचाने के लिए आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के 'क्लाउड माइथोस' एआई टूल और वित्तीय डेटा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है।

माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा की कमजोरियों का पता लगाने और उनका फायदा उठाने के तरीके विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा सकता है।

पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ स्वरूप कुमार साहा ने बताया कि इस नई चुनौती के मद्देनजर बैंकों को अपनी प्रणाली अधिक मजबूत बनाने और साइबर हमलों के संबंध में कमजोरियों को कम करने के लिए निश्चित रूप से आईटी में अपना निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक नई तकनीक से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चालू वित्त वर्ष में अपना आईटी खर्च बढ़ाने जा रहा है। इसके अलावा, यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक का आईटी खर्च पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होने वाला है, और इसका एक बड़ा हिस्सा साइबर सुरक्षा की ओर जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से अपने आईटी सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने को कहा था।

### माइथोस से पैदा हुए साइबर खतरे से लिया सबक



### क्या है माइथोस और क्यों बना खतरा

- **माइथोस** (Mythos AI) एंथ्रोपिक कंपनी द्वारा विकसित किया गया एक अत्यंत शक्तिशाली और उन्नत एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) मॉडल है। इसे 2026 में टेस्टिंग से बाहर किया गया और अब तक का सबसे शक्तिशाली एआई मॉडल माना जा रहा है। यह एक 'एजेंटिक' एआई है, जिसका अर्थ है कि यह बिना इंसानी मदद के निर्णय ले सकता है और जटिल कार्यों को अंजाम दे सकता है।
- **क्यों बना खतरा :** माइथोस के खतरे के पीछे मुख्य कारण उसकी कंप्यूटर सिस्टम में खामियां (bugs) खोजने की अभूतपूर्व क्षमता है।
- **सुरक्षा खामियों को खोजना :** माइथोस दुनिया के अधिकांश ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउज़र की कमजोरियों को ढूंढ सकता है। साथ ही यह बिना मानवीय हस्तक्षेप के बहु-स्तरीय साइबर हमले कर सकता है।
- **डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खतरा :** इससे दुनिया भर के बैंकिंग सिस्टम, नेशनल सिक्योरिटी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के ठप होने का डर है। एंथ्रोपिक ने इसे अभी जनता के लिए जारी नहीं किया है, क्योंकि इसके अनधिकृत उपयोग से साइबर सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है।

# विस चुनावों के परिणाम, तेल कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी।

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि सबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जिससे 1-2 दिनों तक उतार-चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में किसी भी नई तेजी से भारतीय शेयरों पर फिर से बिकवाली का दबाव आ सकता है, जबकि कीमतों में निरंतर गिरावट से धारणा में सुधार होने की संभावना है।





### कंपनियों और विदेशी मुद्रा के आंकड़े देंगे संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों के रुझान के साथ ही प्रमुख आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (चार मई), सेवा और कंपोजिट पीएमआई (छह मई) और विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े (आठ मई) इस सप्ताह आने हैं, जो आर्थिक गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता के बारे में संकेत देंगे। इस सप्ताह अंबुजा सीमेंट्स, बीएचईएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### मुद्रास्फीति का खतरा

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2.20 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 249.29 अंक चढ़ा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि मिश्रित वैश्विक और घरेलू संकेतों के बीच कारोबारी माहौल उतार-चढ़ाव भरा और सीमित दायरे वाला रहा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएम) और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी के मूल्यांकन में कुल 1.24 लाख करोड़ की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1.39 लाख करोड़ बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 43,503.51 करोड़ बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## निवेश की पाठशाला: कैसे काम करता है बैरियरलेस टोल सिस्टम

**कारोबार डेस्क**

हाईवे पर सफर करते समय आपको टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा। चलते-चलते ही टोल टैक्स कट जाएगा। जीहां! भारत ने पहली बार बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम शुरु कर दिया है। यह तकनीक आपकी यात्रा को तेज और आसान बनाएगी, वहीं जाम, ईंधन खर्च को भी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। देश का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम गुजरात के एनएच-48 (सूरत-भरूच सेक्शन) पर शुरू किया गया है।



### यात्रियों के लिए इसका अर्थ

टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें गायब हो जाने वाली हैं। ये बैरियर-लेस सिस्टम यात्रा का समय और पैसे दोनों की बचत करेगा। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपके फास्टैग से जुड़ा वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर सही हो और उसमें पर्याप्त बैलेंस हो, क्योंकि अब प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और स्वचालित है।

### क्या है नया MLFF सिस्टम?

- अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित इस सिस्टम में मानव हस्तक्षेप की जरूरत नहीं होगी।
- **ANPR तकनीक:** यह ऑटोमैटिक तरीके से वाहन की नंबर प्लेट पहचान लेती है।
- **फास्टैग:** वाहन की गति धीमी किए बिना फास्टैग के जरिए टोल राशि अपने आप कट जाएगी
- **डिजिटल पेमेंट :** 10 अप्रैल से सभी नेशनल हाईवे पर केवल डिजिटल भुगतान (फास्टैग और यूपीआई) अनिवार्य कर दिया गया है।

### चलती गाड़ी से ही कट जाएगा टोल टैक्स

- **मल्टीलेन फ्री फ्लो सिस्टम,** जहां चलती गाड़ी से ही ANPR और FASTag से पैसा कट जाएगा।
- **क्या मुझे टोल देने के लिए गाड़ी रोकनी पड़ेगी?**

नहीं, गेट पर कोई बैरियर नहीं होंगे। आप सामान्य गति से निकल सकते हैं। प्लाजा पर लगे सेंसर अपने आप भुगतान प्रोसेस कर लेंगे।

- **अगर मेरे पास फास्टैग नहीं है तो क्या होगा?**

सरकार ने सभी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर केवल डिजिटल भुगतान अनिवार्य कर दिया है। 10 अप्रैल से नकदी का विकल्प बंद हो चुका है और यूपीआई अनिवार्य कर दिया गया है।

### इस पहल के पीछे विजन ?

- केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तकनीक-आधारित और पारदर्शी हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे यात्रियों का जीवन आसान होगा। यात्रा में उनका समय बचेगा, साथ ही जाम और प्रदूषण से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर कुछ अंकुश लग सकेगा।

### काम की बात

- देश में वाहन चालकों के बीच फास्टैग (FASTag) का उपयोग 98% से अधिक हो चुका है, जिससे टोल कलेक्शन प्रणाली लगभग पूरी तरह बदल चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी फास्टैग जारी करने वाले बैंकों को निर्देश दिया है कि वे फास्टैग से जुड़े वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर (VRN) की तुरंत जांच करें, जिससे सही व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।





## कोयला गैसीकरण के लिए 37,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना पर पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है, जिसका वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। इसका लक्ष्य एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, डीआरआई के जरिये से कोकिंग कोल, मेथनॉल और डीएमई जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा और 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करेगा।



उन्होंने कहा कि यह बिना किसी श्रेणी वाली एक एकीकृत योजना है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि गैसीकरण परियोजनाओं के लिए पिछली वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू के लिए प्रति परियोजना 1,350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल था।

## एयर इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक सात को, लागत कटौती और नए प्रमुख के चयन पर चर्चा संभव

**नयी दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

भारी घाटे और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का निदेशक मंडल सात मई को होने वाली बैठक में लागत घटाने के उपाय, नए सीईओ के चयन, वित्तीय स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनी के समक्ष चुनौतियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों ने बताया कि टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक सात मई को मुंबई में होगी। टाटा संस और एअर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। तेजी से बढ़ती विमान ईंधन कीमतों के बीच लागत घटाने के कड़े उपायों के तहत एअर इंडिया टिकट से भोजन और व्यवसाय श्रेणी के यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष सुविधा को अलग करने के विकल्प पर विचार कर रही है।



सूत्रों के अनुसार विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच लागत में कटौती के कड़े उपायों के तहत, एयर इंडिया अब हवाई टिकट से भोजन की सुविधा को अलग करने पर विचार कर रही है।

## गर्मी से डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को कंपनियों ने बढ़ाए कदम

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं। शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है।

इस स्थिति को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन, जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने अग्रिम पंक्ति के कार्यबल को राहत देने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है। अमेजन ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत प्रमुख शहरों में 100 वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए हैं, जहां बैठने की सुविधा, शौचालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है। इन केंद्रों का उपयोग अन्य कंपनियों के डिलीवरी कर्मी भी कर सकते हैं। इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

**कबाड़ वाहन नियम** | पर्यावरण संरक्षण नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को करने होंगे बजटीय प्रावधान

## वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को वित्त वर्ष 2025-26 के शुद्ध लाभ में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए पर्यावरण मुआवजे हेतु बजटीय प्रावधान करना होगा।

उद्योग के अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2025 में अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली, 2025 में एक साधारण दिखने वाले उपबंध ने वाहन विनिर्माताओं को उस समय डरा दिया, जब उनके ऑडिटरों ने इसके परिणामों की गंभीरता की ओर इशारा किया।

- **ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा**



जनवरी 2025 की अधिसूचना का 'नियम 4 (6)' कहता है कि यदि विनिर्माता अपना परिचालन बंद कर देता है, तो विनिर्माता को परिचालन बंद होने तक बाजार में पहले से उपलब्ध कराए गए वाहनों के संबंध में अपनी विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) का पालन करना होगा।

एक उद्योग कार्यकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह नियम लेखा मानक 'इंड एएस 37- प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक संपत्ति' को सक्रिय करता है, जिसका अर्थ है कि वाहन विनिर्माताओं को पिछले 20 वर्षों में बेचे गए निजी वाहनों और 15 वर्षों में बेचे गए वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईपीआर प्रमाणपत्रों की लागत हेतु पर्याप्त वित्तीय प्रावधान करने होंगे। एक अन्य उद्योग अधिकारी ने कहा कि इस नियम के कारण ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा।

यह समझा जाता है कि उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भी मंत्रालय के समक्ष इस मामले को उठाया था। एक अन्य उद्योग कार्यकारी ने कहा कि एक बार जब बहीखातों में प्रावधान हो जाएगा, तो यह पूरे वाहन उद्योग के लिए उस वर्ष के मुनाफे को काफी कम कर देगा।

## डिजिटल मुद्रा आधारित राशन योजना को और राज्यों में बढ़ाने की तैयारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम का विस्तार जून तक चंडीगढ़, दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन-दीव तक करने की योजना बना रही है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, यह योजना फिलहाल गुजरात और पुडुचेरी में प्रायोगिक आधार पर लागू है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाला खाद्यान्न अब भौतिक रूप में लेने के बजाय 'डिजिटल टोकन' के रूप में प्रदान किया जाता है।

यह टोकन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) व्यवस्था के माध्यम से जारी किए गए एक डिजिटल वॉलेट में जमा रहता है।





सूत्रों ने कहा कि यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया तो इस पहल से सब्सिडी में लगभग चार से पांच प्रतिशत तक की बचत हो सकती है, साथ ही वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी, लक्षित और कुशल बनेगी। यह खाद्य सब्सिडी वितरण की व्यवस्था में एक क्रांतिकारी सुधार साबित हो सकता है। यह कदम मौजूदा वितरण प्रणाली की एक लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। जिसमें अक्सर लाभार्थियों को महीने के अंत में राशन दुकान पर पहुंचने पर भंडार की कमी का सामना करना पड़ता है या उन्हें उनका पूरा हक नहीं मिल पाता।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी और गारंटी प्राप्त यह डिजिटल मुद्रा सामान्य मुद्रा के समान वैधानिक दर्जा रखती है, लेकिन इसे विशेष उद्देश्य के लिए निर्धारित किया जा सकता है, जैसे गेहूं और चावल की खरीद। यह डिजिटल टोकन कूपन की तरह काम करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत और कंबोडिया करेंगे सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और कंबोडिया की सेनाएं दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य संबंधों को गहरा करने के तहत सोमवार से दो सप्ताह तक सैन्य अभ्यास करेंगी। अभ्यास सिनबैक्स का दूसरा संस्करण कंबोडिया के कम्पोंग स्पीउ प्रांत में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिवेश में हो रहा है। अभ्यास में शामिल होने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी में 120 जवान शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं।

### ब्रिटेन ने बनाई उड़ान ईंधन से जुड़ी योजना

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने रविवार को उड़ानों के संबंध में आकस्मिक उपायों की घोषणा की जिनके तहत विमानन कंपनियों को एक ही दिन में एक ही जगह जाने वाली कई उड़ानों को समायोजित करके उनकी संख्या कम करने के लिए कहा गया है। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरुमध्य की नाकेबंदी के कारण हुई विमान ईंधन की कमी के चलते कुछ अस्थायी योजनाएं पेश की हैं। सरकार ने कहा कि अभी विमानन कंपनियों के सामने ईंधन की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर संघर्ष के कारण आगे परेशानी बढ़ती है, तो सरकार पहले से तैयारी कर रही है।

### मेट गाला में पहली बार दिखेंगे करण जौहर

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माता करण जौहर पहली बार फैशन जगत से जुड़े प्रतिष्ठित समारोह 'मेट गाला' में नजर आएंगे, जिसमें वह मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए परिधान पहनेंगे। मल्होत्रा ने सीबीएस टीवी नेटवर्क के 'सैटरडे मॉर्निंग' कार्यक्रम में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि रेड कार्पेट पर और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।

### दो हिंदू अभ्यर्थी संघीय सेवा के लिए चयनित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सिविल सेवा के लिए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। संघीय सिविल सेवा में अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंदोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल थे, जो बृहस्पतिवार को संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय उच्च सेवा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं।

# पुणे में बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, लगाया जाम

## आक्रोशित लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग किया अवरुद्ध, चार घंटे तक बाधित रहा यातायात

**पुणे, एजेंसी**

पुणे में चार साल की बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया जिसके कारण व्यस्त मार्ग पर लगभग चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को नवाले ब्रिज क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और इस मामले में गिरफ्तार 65 वर्षीय व्यक्ति को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें राजमार्ग पर भारी यातायात जाम दिख रहा है। बाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधी रात के बाद यहां वैकुंठ श्मशान घाट में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में आरोपी व्यक्ति मजदूर है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को कथित तौर पर खाना दिलाने का लालच देकर फुसलाया और वह उसे मवेशियों के बाड़े में ले गया जहां उसने उसका यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि बच्ची के लापता होने पर उसके रिश्तेदारों ने उसकी तलाश शुरू की और इसी दौरान एक निजी आवास के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी, बच्ची के साथ नजर आया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे सात मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बच्ची के परिवार से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और त्वरित सुनवाई का आश्वासन दिया। पवार ने इस घटना को चौंकाने वाला और मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस मामले पर बात की और त्वरित अदालती सुनवाई की मांग की, ताकि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को पुणे ग्रामीण पुलिस को निर्देश दिया कि इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाकर एक बेहद मजबूत मामला तैयार किया जाए तथा मुकदमे की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए।

### मृत्युदंड देने की मांग करेगी सरकार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आश्वासन दिया कि सरकार पुणे में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के मामले के आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाएगी। इस घटना से भोर क्षेत्र में व्यापक आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने बच्ची के परिवार से बात की।

### मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। इस जघन्य अपराध को लेकर व्यापक पैमाने पर आक्रोश फैल गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि दो महिलाओं सहित छह पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। जांच की प्रगति के आधार पर हम और अधिक अधिकारियों और कर्मियों को शामिल करेंगे। यह टीम मामले की गहन जांच करेगी। इस बीच, बच्ची के पिता ने नेताओं से अपील की कि जब तक आरोपी को फांसी नहीं दे दी जाती, तब तक वे उनसे मिलने न आएं। पिता ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपील करता हूं कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता, कृपया मेरे घर न आएं।

### एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने को कहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र के पुणे में चार वर्षीय बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना को बेहद दुखद एवं मानवता पर कलंक बताया है। रहाटकर ने एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि पुणे के नसरापुर इलाके की यह घटना हृदयविदारक है और इसने समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि नसरापुर (भोर, पुणे) में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ क्रूरता और उसकी हत्या की घटना बेहद पीड़ादायक, हृदयविदारक और स्तब्ध करने वाली है। यह मानवता पर कलंक है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि पुणे ग्रामीण पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रहाटकर ने कहा कि एनसीडब्ल्यू ने मामले का संज्ञान लिया है और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को पत्र लिखकर आवश्यक और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि मामले को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत आगे बढ़ाया जाए।

### म्यांमार को दिए उपकरण




म्यांमार के नौसेना अधिकारियों को नौसैनिक प्रशिक्षण उपकरण सौंपते भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी। एडमिरल त्रिपाठी इन दिनों पड़ोसी देश म्यांमार के दौरे पर हैं।

# जबलपुर क्रूज हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 पर पहुंची

- बचाव एवं राहत कार्य में लगीं एजेंसियों ने बरामद किया चाचा-भतीते का शव

**जबलपुर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह पांच वर्षीय बालक मयूरम और उसके चाचा कमराज (लगभग 50) के शव बरामद किए गए। कमराज खमरिया आयुध निर्माण फैक्टरी में कर्मचारी थे।

बरगी के उप पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि दोनों के शव पानी में मिले, जिन्हें बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सभी 13 लापता लोगों का पता चल गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद खोज अभियान के लिए आगरा से हवाई मार्ग से लाए गए सेना के करीब 20 गोताखोरों सहित 200 से अधिक बचावकर्मी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की टीम शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि नौका पर सवार जिन 41 यात्रियों की पहचान की पुष्टि हुई है उनमें से 28 को बचा लिया गया था। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में 43 लोग क्रूज की ओर जाते दिखाई दिए। करीब 20 वर्ष पुरानी थी और राज्य पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही यह नौका बृहस्पतिवार शाम आए तूफान के दौरान पलट गई थी। राज्य सरकार ने शुक्रवार को घटना की जांच के आदेश दिए थे और चालक दल के तीन सदस्यों को बर्खास्त कर दिया था। साथ ही, इस तरह की नौकाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# नेपाल सरकार ने 15 सौ नियुक्तियों को किया रद्द

- सभी नियुक्तियों को राजनीति से प्रेरित बताया गया

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल की नई सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर 1,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की। यह आम चुनाव सितंबर 2025 में 'जेनरेशन जेड' विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083जारी किया।

# कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी राष्ट्र के लिए खतरा घोषित

- खुफिया एजेंसी ने कहा-हिंसक एजेंडे को बढ़ावा देता है समूह

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा की खुफिया एजेंसी ने खालिस्तानी चरमपंथियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा घोषित किया है और कहा है कि यह समूह देश में अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का इस्तेमाल करता है।

देश की खुफिया एजेंसी 'कैनेडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस' ने 2025 की अपनी रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक गतिविधियों में संलिप्तता कनाडा और कनाडाई हितों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बनी हुई है।

कनाडा सरकार की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ खालिस्तानी चरमपंथी कनाडाई नागरिकों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं, जो अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने और भोले-भाले समुदाय के सदस्यों से धन इकट्ठा करने के लिए कनाडाई संस्थानों का लाभ उठाते हैं, जिसे बाद में हिंसक गतिविधियों की ओर मोड़ दिया जाता है।

खालिस्तानी चरमपंथी समूह भारत के भीतर खालिस्तान नाम से एक पृथक देश की मांग करते रहे हैं और अलगाववादी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के कारण नयी दिल्ली द्वारा उन्हें आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित किया गया है। यह रिपोर्ट एअर इंडिया उड़ान संख्या 182 में हुए बम विस्फोट की 40वीं वर्षगांठ के एक साल बाद आई है। इस विस्फोट में कनाडा में मौजूद खालिस्तानी तत्वों का हाथ था।

इसमें कहा गया कि यह आज भी कनाडा के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला बना हुआ है, जिसमें 329 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर कनाडाई नागरिक थे। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तान निर्माण के लिए अहिंसक तरीके से बात रखने को उग्रवाद नहीं माना जाता, और कुछ कनाडाई लोग खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन का वैध एवं शांतिपूर्ण तरीके से समर्थन करते हैं। बता दें कि खालिस्तानी चरमपंथियों के चलते कुछ अरसा पहले भारत व कनाडा के रिश्तों में काफी खटास आ गई थी।

### भारत में हिंसा के लिए कनाडा को बनाया आधार

इसमें कहा गया कि केवल मुट्ठी भर लोगों को, जो कनाडा को आधार बनाकर मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देते हैं, इसके लिए धन जुटाते हैं या उसकी योजना बनाते हैं, खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है। भारत-कनाडा संबंध 2023 में उस समय सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया था। पिछले साल पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिश की है।

### महिला के ऑपरेशन के फिल्मांकन पर एनसीडब्ल्यू सख्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी स्थित एक मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान अनधिकृत रूप से एक महिला की निजी तस्वीरें लेने और प्रसारित करने की खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाल में कौशांबी के एक सरकारी स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान 22-वर्षीय एक महिला मरीज के चेहरे और जननांगों को दर्शाने वाली आपत्तिजनक तस्वीरें अधिकारियों और मीडियाकर्मियों से जुड़े व्हाट्सऐप ग्रुप में प्रसारित की गईं। आयोग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सामग्री को हटाने के लिए तुरंत साइबर हस्तक्षेप करने और संस्थान के भीतर सुरक्षा खामियों की गहन जांच का भी निर्देश दिया। आयोग ने कहा कि सात दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई है। एनसीडब्ल्यू ने इस घटना को चिकित्सा नैतिकता, गरिमा और निजता के मौलिक अधिकार का गंभीर उल्लंघन बताया।

### हशीश तेल बनाने का 800 लीटर रसायन जब्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने रविवार को मल्कानगिरी जिले में एस्सार चौक के पास एक वाहन से करीब 800 लीटर रसायन बरामद किया है जिसका इस्तेमाल मादक पदार्थ 'हशीश तेल' बनाने में होता है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन से लगभग 50 किलोग्राम गांजा और दो लीटर हशीश तेल भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन का चालक भागने में सफल रहा।

### श्रीलंका में 130 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पिछले दो दिनों में कथित साइबर अपराध को लेकर 130 से अधिक विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने श्रीलंका में सक्रिय सीमापार ऑनलाइन धोखाधड़ी नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई के तहत ये गिरफ्तारियां की हैं। उसने यहां उपनगरीय क्षेत्र थलंगामा में शनिवार को 37 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

- सोने के आभूषण, बुलियन और नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में कथित रूप से 2,800 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई हालिया छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकद राशि और चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण एवं बुलियन जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायियों और कॉरपोरेट इकाइयों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई (दुर्ग जिला) और बिलासपुर स्थित परिसरों पर 30 अप्रैल को छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि इन इकाइयों पर इस कथित 'घोटाले' से अर्जित अपराध की आय प्राप्त करने, उसे संभालने, कई स्तरों पर घुमाने या छिपाने का संदेह है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकदी और 3.23 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा बुलियन जब्त किए गए, जिनकी कीमत 4.86 करोड़ रुपये है। इसके अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए गए। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में पहले भी कई दौर की छापेमारी कर चुकी है और अब तक 380 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था।

# दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों से थे डोला के संबंध

- अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर का नेटवर्क खंगाल रही एनसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हाल में तुर्किये से वापस लाए गए कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद सलीम डोला के नेटवर्क की जांच कर रहे जांच अधिकारियों को कुछ दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों के साथ उसके संबंधों का पता चला है, जो डोला के इस अवैध अंतरराष्ट्रीय रैकेट की मदद कर रहे थे।

वैश्विक आतंकवादी दाऊद इब्राहिम का प्रमुख सहयोगी बताया जा रहा 59-वर्षीय आरोपी आठ मई तक मुंबई में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में रहेगा। जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क के गुर्गे डोला को 'मेफेड्रोन किंग' के रूप में जानते हैं, क्योंकि कथित तौर पर उसे इस श्रेणी के मादक पदार्थ की तस्करी में महारत हासिल थी। अधिकारियों ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि डोला अपने गिरोह को चलाने के लिए कुछ दवा विक्रेताओं की मदद ले रहा था। इन संबंधों की जांच की जा रही है और इनमें से कुछ लोगों को जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि डोला ने तुर्किये में 'हमजा' और 'अब्दुल' जैसे छद्म नाम अपनाए थे और वह नागरिकता प्राप्त करने के लिए वहां कुछ अचल संपत्ति खरीदने की योजना बना रहा था। ऐसी संभावना है कि संघीय मादक पदार्थ विरोधी एजेंसी तुर्किये के अधिकारियों से उसके निवास स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कानूनी अनुरोध करेगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर मिल सकते हैं। कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** – आज संतुलन बनाए रखना जरूरी है। विवाद से दूर रहें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। खर्च बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – आज आत्मविश्वास बढ़ेगा, कठिन कार्य भी आसानी से पूरे होंगे। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आर्थिक लाभ संभव है।

**मिथुन** – आज संचार और बुद्धिमत्ता से लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**धनु** – आज यात्रा के योग बन सकते हैं। नए अनुभव मिलेंगे। करियर में नई दिशा मिल सकती है। मन उत्साहित और सकारात्मक रहेगा।

**कर्क** – आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। करियर में धीरे-धीरे प्रगति के संकेत हैं।

**मकर** – आज मेहनत का फल मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। धैर्य और संयम से काम लें।

**सिंह** – आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी।

**कुंभ** – आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नए विचारों से लाभ होगा। काम में रुचि बढ़ेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**कन्या** – आज योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। छोटी-छोटी बातों में उलझने से बचना चाहिए। मन शांत रहेगा।

**मीन** – आज मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। ध्यान और शांति जरूरी है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। दिन के अंत में संतोष मिलेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 मई 05 .24 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**–पूर्व, **ऋतु**– ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**–अनुराधा 09 .58 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

### सुडोकू -139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

**जीवनदान** – सैन्य अधिकारी की पत्नी के ब्रेन डेड घोषित होने पर परिवार ने किया अंगदान का फैसला

# अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन

- चार्टर्ड जेट से चंडीगढ़ से अपोलो अस्पताल लाया गया हृदय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हरियाणा के पंचकूला में चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल में 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद भारतीय सेना के एक अधिकारी की पत्नी के अंगों को उनके परिजनों ने दान करने का फैसला किया, जिससे हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित 14 वर्षीय लड़के को नया जीवन मिल गया। अधिकारियों ने बताया कि महिला (41) को मस्तिष्काघात हुआ था जिसके बाद उसके पति और दो छोटी बेटियों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया ताकि किसी को नया जीवन दिया जा सके।

अस्पताल ने एक बयान में कहा कि दो मई को मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद उसका हृदय यहां के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल को दिया गया। इसने कहा कि अस्पताल की एक विशेष टीम ने तत्काल अंग को लाने के लिए चार्टर्ड प्राइवेट जेट से चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी।

बयान में कहा गया कि अंग को निर्धारित समयसीमा के भीतर दिल्ली लाया गया और 14 वर्षीय लड़के के शरीर में सफलतापूर्वक प्रतिरोपित किया गया, जिससे उसे नया जीवन मिला। मरीज की हालत फिलहाल स्थिर है और वह आईसीयू में गहन निगरानी में है।

बयान में कहा गया कि दिल्ली में यातायात पुलिस ने हवाई अड्डे से अस्पताल तक एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे अंग को लगभग 20 मिनट में अस्पताल पहुंचाया जा सका। इसमें कहा गया, कमांड अस्पताल के कर्नल अनुराग गर्ग की विशेष रूप से सराहना की गई क्योंकि उनके असाधारण नेतृत्व और समन्वय ने दान एवं प्रतिरोपण प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित की।

### हृदय का प्रतिरोपण ही था एकमात्र विकल्प

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में 'कार्डियोथोरेसिक सर्जरी' (हृदय और फेफड़ा प्रतिरोपण) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि किशोर पिछले एक साल से अधिक समय से अंतिम चरण के हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने कहा कि उसकी बिगड़ती हालत को स्थिर करने के लिए उसे लगभग हर महीने अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता था। उन्होंने कहा, उसकी जान बचाने के लिए हृदय प्रतिरोपण ही एकमात्र विकल्प था। गोयल ने बताया कि महिला को मस्तिष्काघात हुआ और उसे 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया गया था। गोयल ने कहा, परिजनों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

# मुंबई हवाई अड्डे पर 1.79 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने दुबई से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा पहुंचे यात्रियों से 1.79 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान, सौंदर्य प्रसाधन, सिगरेट और अपरिष्कृत सोना जब्त किया है। रविवार को एक अधिकारी बताया कि तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यह अभियान सीमा शुल्क हवाई अड्डा आयुक्तालय द्वारा 1 और 2 मई के बीच चलाया गया था। मौके पर ही दो यात्रियों की पहचान कर उनके खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए।



“मैच अच्छा रहा। जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वह शानदार था। ऐसा लग रहा था कि वे 190-200 रन बना लेंगे। उस लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल होता। लेकिन इसका श्रेय हमारी गेंदबाजी इकाई, विशेषकर स्पिनरों को जाता है। वे लगातार विकेट लेते रहे।

-अजिंक्य रहाणे


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 4 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस

बनाम

लखनऊ सुपर जाइंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.803 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

# पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को दिया 163 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सूर्यांश शेडगे और मार्कस स्टोइनिस ने खेलीं जुझारू पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

सूर्यांश शेडगे की 57 रनों की उत्कृष्ट पारी गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजों के तूफान के आगे फीकी पड़ गई, जिसके कारण रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम नौ विकेट पर महज 163 रन ही बना सकी। कागिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट), मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) और जेसन होल्डर (24 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने पंजाब किंग्स ने 8.4 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

शेडगे ने इसके बाद मार्कस स्टोइनिस (40) के साथ छठे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए कई बार तेज पारी खेल सुर्खियां बटोर चुके दाएं हाथ के बल्लेबाज शेडगे ने बिना जल्दबाजी के खेलते हुए गुजरात के गेंदबाजों की अनुशासित लाइन-लेंथ का सम्मान किया, लेकिन मौके मिलने पर आक्रामकता भी दिखाई। उन्होंने पारी के 14वें ओवर में मानव सुतार के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके जड़ते हुए 27 रन बटोरे और सिर्फ 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह अर्धशतक पूरा करने के बाद रबाडा की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच देकर वह पवेलियन लौट गए, जिससे पंजाब की पारी फिर पटरी से उतर गई। उन्होंने 29 गेंदों की पारी में तीन चौके और पांच छक्के जड़े, जबकि स्टोइनिस ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाया।



जुझारू पारी के दौरान पंजाब किंग्स के मार्कस स्टोइनिस (बाएं) और सूर्यांश शेडगे। एजेंसी

इससे पहले सिराज ने मैच की शुरुआत में ही पंजाब को दोहरे झटके देते हुए शुरुआती ओवर में लगातार गेंदों पर प्रियांश आर्य (दो) और कूपर कोनोली (शून्य) को आउट कर दिया। आर्य ने निशांत सिंधू को कैच थमाया, जबकि कोनोली के बल्ले का किनारा लेकर गेंद बटलर के दस्तानों में समा गई। प्रभसिमरन सिंह (15) भी रबाडा की 152 किमी प्रति घंटे की तेज गेंद का सामना नहीं कर सके और सुतार को कैच दे बैठे। इसके बाद होल्डर ने नेहाल वढेरा (शून्य) और कप्तान श्रेयस अय्यर (19) को आउट कर पंजाब की स्थिति और खराब कर दी। वढेरा का कैच भी बटलर ने लपका, जबकि अय्यर गेंद को थर्ड मैन की दिशा में खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए। मार्को यानसन (20) ने राशिद खान के आखिरी ओवर में कुछ जोरदार शॉट लगाकर टीम का स्कोर 160 के पार पहुंचाया, पर पूरे सत्र में साधारण प्रदर्शन कर रही पंजाब की गेंदबाजी के लिए इस स्कोर का बचाव करना मुश्किल होगा।

**पंजाब किंग्स**

**163/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का सिंधू बो सिराज | 02 |
| प्रभसिमरन सिंह का सुतार बो रबाडा | 15 |
| कूपर कोनोली का बटलर बो सिराज | 00 |
| श्रेयस अय्यर बो होल्डर | 19 |
| नेहाल वढेरा का बटलर बो होल्डर | 00 |
| सूर्यांश शेडगे का बटलर बो रबाडा | 57 |
| मार्कस स्टोइनिस का वाशिंगटन बो होल्डर | 40 |
| मार्को यानसन का गिल बो राशिद | 20 |
| जेवियर बार्टलेट बो होल्डर | 00 |
| विजयकुमार वैशाख नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1-2, 2-2, 3-35, 4-36, 5-47, 6-126, 7-141, 8-141, 9-162 **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-28-2, रबाडा 4-1-22-2, होल्डर 4-0-24-4, अरशद 3-0-29-0, राशिद 4-0-32-1, सुतार 1-0-27-0

## ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -440 रन
- केएल राहुल दिल्ली-433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-425 रन

## पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

## मुंबई और लखनऊ के मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी निगाह

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।

### लखनऊ के कप्तान ऋषभ भी अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाए

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है। एलएसजी ने पहले मैच में हार के साथ शुरुआत करने के बाद लगातार दो जीत से वापसी की। जब उनकी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था तब वह ऐसा नहीं कर पाई। उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है लेकिन बल्लेबाजों की कमजोरी उसकी राह में रोड़ा बन रही है। एलएसजी के पिछले मैच में मोहसिन खान ने 23 रन देकर पांच विकेट लिए थे पर उनका प्रयास टीम को अंक नहीं दिला पाया।

**हाईलाइट**



बीजिंग में वर्ल्ड एक्वेटिक्स डाइविंग वर्ल्ड कप 2026 सुपर फाइनल के लिए महिलाओं की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड फाइनल में हिस्सा लेतीं चीन की चेन जिया। एजेंसी

### गोल्फर दीक्षा डागर मॉरिशस में खिताब की दौड़ में

**पोर्ट लुईस (मॉरिशस)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर बोगी मुक्त तीन अंडर 69 के शानदार कार्ड से लेडीज यूरोपीय टूर पर यहां एमसीबी लेडीज क्लासिक - मॉरिशस में खिताब की दौड़ में शामिल हो गईं। एलईटी पर दो बार की विजेता दीक्षा ने पहले दौर में 68 का स्कोर किया और दूसरे दौर के बाद वह सात अंडर पर पहुंच गई हैं जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। वहीं चार भारतीय खिलाड़ियों में से तीन ने कट हासिल किया। दीक्षा के साथ हिताशी बख्शी (71-69) और त्वेसा मलिक (70-71) भी कट हासिल कर अंतिम दौर के लिए शामिल हुईं। हिताशी संयुक्त रूप से 19वें और त्वेसा संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर हैं। वाणी कपूर (78-77) कट हासिल करने से चूक गईं।

### दक्षिण कोरिया ने तीसरी बार जीता उबेर कप का खिताब

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** दक्षिण कोरिया ने रविवार को उबेर कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में उसने मौजूदा चैंपियन चीन को 3-1 से हराकर अपना तीसरा खिताब पक्का किया। इससे पहले उसने 2010 और 2022 में भी यह खिताब जीता था। पहले सिंगल्स मैच में, दुनिया की दो शीर्ष खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में, विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग ने वांग झीयी को 47 मिनट में 21-10, 21-13 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय एन ने कहा मैं अपनी टीम के लिए पहला पॉइंट जीतकर बहुत उत्साहित थी और मुझे यह मैच खेलने में सचमुच बहुत मज़ा आया। वांग ने माना कि उस दिन एन का प्रदर्शन उनसे बेहतर था। उन्होंने कहा लंबी रैलियों के दौरान मेरी ऊर्जा कम हो गई और मैंने ज़्यादा गलतियाँ कीं। पहली बार मैं पहले सिंगल्स खिलाड़ी के तौर पर खेल रही थी, इसलिए मुझे टीम के लिए ज्यादा ज़िम्मेदारी महसूस हुई।

## सुरक्षित नहीं हैं बेटियां : विनेश फोगाट

**संवाददाता, गोंडा**

- नेशनल कुश्ती के आयोजन पर उठाया सवाल, कहा- आज भी बैक डोर से चला रहे बृजभूषण

**अमृत विचार।** कुश्ती की खिलाड़ी विनेश फोगाट ने गोंडा के नंदिनी नगर स्पोर्ट स्टेडियम में होने वाली कुश्ती के चयन ट्रायल को लेकर सवाल खड़ा किया है। विनेश ने भी अपना पंजीकरण कराया है लेकिन सवाल उठाया है कि आज भी बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती फेडरेशन को बैक डोर से चला रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि पूर्व सांसद पर यौन उत्पीड़न के मामले में केस चल रहा है। जिन छह खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है उनमें एक वह स्वयं हैं। नंदिनीनगर के साईं स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित होने वाली कुश्ती ट्रायल में चयन को लेकर कई सवाल दागे हैं। हालांकि नंदिनीनगर में आयोजित होने वाली कुश्ती चयन प्रतियोगिता में देशभर के पहलवान जुटेंगे और फेडरेशन ने उसे किराए पर लिया है। यह फेडरेशन के ऊपर है कि वह नंदिनीनगर में ट्रायल कराए या कहीं अन्य जगह पर। उधर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विनेश फोगाट के आरोपों पर जवाब देने से इनकार कर दिया है। पहलवान विनेश फोगाट द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछे जाने पर भी बृजभूषण सिंह ने जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।



# कोलकाता ने प्लेऑफ की उम्मीद को जिंदा रखा

**हैदराबाद, एजेंसी**

- रघुवंशी के अर्धशतक से हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**10** गेंदें शेष रहते टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज की है कोलकाता नाइट राइडर्स ने

**03** विकेट लेकर वरुण चक्रवर्ती ने काम आसान किया

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नारायण (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (59 रन) के अर्धशतक की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

फॉर्म में लौटे चक्रवर्ती और नारायण की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (47 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने यह लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है। नारायण अपने 197वें मैच में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले खास क्लब में शामिल हो गए। इस क्लब के अन्य सदस्य भुवनेश्वर कुमार (199 मैच में 215 विकेट) और युजवेंद्र चहल (182 मैच में 228 विकेट) हैं। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने चौथे ओवर में ही अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी एलेन का विकेट खो दिया, तब टीम का स्कोर 49 रन था। इसके बाद रहाणे और रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। पिछले आठ मैचों में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए रहाणे ने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**165/10** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का ग्रीन बो त्यागी | 15 |
| ट्रेविस हेड का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 61 |
| ईशान किशन का अनुकूल बो नारायण | 42 |
| हेनिरक क्लासेन का पॉवेल बो ग्रीन | 11 |
| आर स्मरण का रहाणे बो चक्रवर्ती | 04 |
| अनिकेत वर्मा का रहाणे बो चक्रवर्ती | 06 |
| सलील अरोड़ा बो नारायण | 02 |
| पैट कमिंस का एवं बो अनुकूल | 10 |
| शिवांग कुमार का रघुवंशी बो वैभव | 01 |
| हर्षल पटेल का वैभव बो त्यागी | 06 |
| ईशान मलिंगा नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 05, विकेट पतन : 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156 गेंदबाजी : सुनील नारायण 4-0-31-2, वैभव अरोड़ा 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-30-2, कैमरन ग्रीन 3-0-34-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-3, अनुकूल रॉय 1-0-8-1

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**169/3** (18.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का स्मरण बो साकिब | 43 |
| फिन एलेन का क्लासेन बो कमिंस | 29 |
| अंगकृष रघुवंशी का मलिंगा बो शिवांग | 59 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 22 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-49, 2-133, 3-151, **गेंदबाजी** : अभिषेक शर्मा 2-0-14-0, पैट कमिंस 4-0-47-1, ईशान मलिंगा 3.2-0-42-0, शिवांग कुमार 4-0-31-1, हर्षल पटेल 2-0-17-0, साकिब हुसैन 3-0-17-1

**ला लिगा** | दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बनाई

# ओसासुना को हराकर बार्सिलोना खिताब के करीब

**बार्सिलोना, एजेंसी**

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा।



अपनी टीम का पहला गोल करने के बाद जश्न मनाते बार्सिलोना रॉबर्ट लेवांडोव्स्की।

मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। उसने आर्सेनल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मैच को ध्यान में रखते हुए जूलियन अल्वारेज़, अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियानो सिमोन को विश्राम दिया। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विलारियल ने लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष चार स्थानों में जगह पक्की कर ली है और वह यूरोप के प्रतिष्ठित क्लब टूर्नामेंट में खेलेगा।

## शिमकेंट में उपविजेता रहे मानस धामने

**नई दिल्ली।** भारत के युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले गए एक कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुवैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा।

इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींच लिया और यहां तक कि सेट प्वाइंट भी हासिल किया लेकिन गदामौरी 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी दूसरे सेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया और बेल्जियम के खिलाड़ी ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।

# मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

**मैड्रिड, एजेंसी**

- फाइनल में दुनिया की नंबर-8 मीरा आंद्रिवा को हराया

यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। बाद में उन्होंने दर्शकों की तालियों के बीच कलाबाजी भरी बैकफ्लिप की। वहीं एंड्रीवा कोर्ट के किनारे अपनी सीट पर बैठ गईं और तौलिए से अपना चेहरा छिपाकर रोने लगीं। यह कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।



## बरानिका ने पोल वॉल्ट स्पर्धा का तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** तमिलनाडु की पोल वॉल्टर बरानिका एलंगोवन ने रविवार को यहां पहले 'इंडियन इनडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट' प्रतियोगिता के दौरान अपना ही पांच हफ्ते पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

बरानिका ने तीसरे ही प्रयास में 4.23 मीटर से अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (4.22 मीटर) तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड उन्होंने मार्च के आखिरी हफ्ते में इसी जगह पर हुई पहली राष्ट्रीय इनडोर चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। पुरुषों के हेप्टाथलॉन में एन तौफिक ने 5350 अंक से स्वर्ण पदक जीता। पहले दिन 2943 अंकों के साथ वह सबसे आगे चल रहे थे। तमिलनाडु के कीर्तिक वासन एस ने 4609 अंक से पुरुषों का अंडर-20 हेप्टाथलॉन खिताब जीता।